आर.एन.आई. नं. 013178/68, पी.ओ.
रजि.नं. मालवा डिवी./04/2024-26

नं. 1 क्षेत्रीय अखबार

# दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

संस्थापक : स्व. श्री गोवर्धनलालजी मेहता | वर्ष 59 अंक 80 | उज्जैन, सोमवार 06 अप्रैल, 2026 | वैशाख कृष्ण 4 संवत् 2083 | पृष्ठ-12 मूल्य-5.00 | www.awantika.com

आयुष्मान भारत योजना के तहत बड़ी कार्रवाई, एनएबीएच सर्टिफिकेट नहीं दिया, भोपाल के 51, इंदौर के 30 अस्पताल सहित

## 126 अस्पतालों की आयुष्मान मान्यता खत्म, फ्री इलाज बंद

दैनिक अवन्तिका ▸▸ भोपाल

मध्यप्रदेश में आयुष्मान भारत योजना के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए 126 अस्पतालों की मान्यता खत्म कर दी है। भोपाल, इंदौर, ग्वालियर और जबलपुर में यह कदम उन अस्पतालों पर उठाया गया है, जिन्होंने एनएबीएच सर्टिफिकेट की जानकारी तय समय में नहीं दी। आयुष्मान कार्यालय ने पहले अस्पतालों को नोटिस देकर मौका दिया था, लेकिन इन्होंने कोई जवाब नहीं दिया। अब इन अस्पतालों में आयुष्मान के तहत मुफ्त इलाज नहीं मिलेगा।




**4 शहरों में 398 में से 126 अस्पताल प्रभावित-** प्रदेश के चार बड़े शहरों भोपाल, इंदौर, ग्वालियर और जबलपुर में कुल 398 अस्पताल योजना से जुड़े हैं। इनमें से 126 अस्पताल एनएबीएच सर्टिफिकेट की जानकारी नहीं दे सके, जिस कारण उन पर कार्रवाई हुई। इनमें भोपाल के 51, इंदौर-30, ग्वालियर-33 और जबलपुर के 12 अस्पताल शामिल हैं।

### मरीजों को बेहतर इलाज मिलेगा

आयुष्मान भारत मध्यप्रदेश के सीईओ डॉ. योगेश भरसट ने कहा, यह कदम अस्पतालों में इलाज की गुणवत्ता बढ़ाने के लिए उठाया गया है। नियमों का सख्ती से पालन कराया जा रहा है, ताकि मरीजों को सुरक्षित और बेहतर इलाज मिल सके। एनएबीएच सर्टिफिकेट न देने वाले अस्पतालों की आयुष्मान संबद्धता रद्द कर दी गई है। कई नोटिस देने के बावजूद डॉक्यूमेंट नहीं जमा हुए। निजी अस्पतालों का कहना है कि सर्टिफिकेट प्रक्रिया महंगी और लंबी है, इसलिए छोटे अस्पताल समय पर पूरा नहीं कर पाए। डॉ. योगेश भरसट ने कहा, अब इन अस्पतालों के मरीजों को अन्य अस्पतालों में शिफ्ट किया जाएगा। नए मरीजों के क्लेम स्वीकार नहीं होंगे। पुराने पेमेंट के बाद भी सर्टिफिकेट जमा होने तक ये अस्पताल इंपैनल्ड सूची में नहीं लौटेंगे।

### एनएबीएच सर्टिफिकेट क्यों है जरूरी

एनएबीएच सर्टिफिकेट अस्पतालों की गुणवत्ता और सुरक्षा का प्रमाण होता है। इसमें 600 से अधिक मानकों पर अस्पतालों की जांच की जाती है, जिसमें मरीजों की सुरक्षा, साफ-सफाई, दवाओं की उपलब्धता, नर्सिंग स्टाफ, इमरजेंसी सेवाएं और सर्जरी की प्रक्रियाएं शामिल होती हैं। सरकार का मानना है कि यह सर्टिफिकेट मरीजों को सुरक्षित और भरोसेमंद इलाज की गारंटी देता है।

### फुल एनएबीएच वालों को मिलेगा सीधा फायदा

जिन अस्पतालों के पास पहले से फुल एनएबीएच सर्टिफिकेट है, उन्हें आवेदन करते ही डीम्ड इंपैनलमेंट का लाभ मिलेगा। ऐसे अस्पतालों को अलग से निरीक्षण की जरूरत नहीं होगी और वे सीधे योजना से जुड़ सकेंगे। वहीं, अन्य अस्पतालों को पहले एंट्री लेवल एनएबीएच लेना होगा और तीन साल के भीतर फुल एनएबीएच सर्टिफिकेट हासिल करना अनिवार्य होगा।

अनूपपुर जिले के कोतमा बस स्टैंड के पास लॉज की तीन मंजिला इमारत ढही

## हादसे में तीन की मौत, रेस्क्यू ऑपरेशन जारी

मृतकों के परिवार को 9-9 लाख, घायलों को ढाई-ढाई लाख मिलेगा, जमीन और लॉज मालिक पर एफआईआर

दैनिक अवन्तिका ▸▸ अनूपपुर

अनूपपुर जिले के कोतमा बस स्टैंड के पास शनिवार शाम अग्रवाल लॉज की तीन मंजिला इमारत ढह गई। हादसे में हनुमान दीन यादव (55) और इनके साले राम कृपाल यादव (40) की मौत हो गई, जबकि तीन लोग घायल हैं। रविवार सुबह करीब 11 बजे एक महिला का शव मिला। अब मृतकों की संख्या तीन हो गई है। अभी महिला की पहचान नहीं हुई है।

करीब 19 घंटे बाद भी रेस्क्यू जारी है। एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, लोकल समेत 100 से ज्यादा लोग मलबा हटाने में जुटे हैं। वहीं सर्चिंग के लिए भिलाई और बनारस से भी टीमें बुलाई गई हैं।





प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, बिल्डिंग गड्ढे की ओर झुककर गिरी। शुरुआती जांच में सामने आया है कि पास में निर्माण के लिए करीब 12 फीट गहरा गड्ढा खोदा गया था, जिसमें पानी भरने से नींव कमजोर हो सकती है। अनूपपुर पुलिस अधीक्षक मोतिउर रहमान ने बताया कि कोतमा थाने में भूमि स्वामी राजीव गर्ग और लॉज मलिक लल्लू लाल अग्रवाल के खिलाफ बीएनएस की धारा 290, 106 के तहत केस दर्ज किया गया है। वहीं निर्माण की अनुमति को लेकर भी सवाल उठे हैं। नगर पालिका का कहना है कि दस्तावेज देखने के बाद ही स्थिति साफ होगी। वहीं कलेक्टर हर्षल पंचोली ने सरकार की तरफ से प्रत्येक मृतक के परिवार को 9-9 लाख और घायलों को ढाई-ढाई लाख रुपए देने की घोषणा की।

**निर्माण की अनुमति को लेकर भी सवाल उठे**

हरदा में गरजे जीतू पटवारी

## सोयाबीन व गेहूं को लेकर 9 को प्रदेशभर में आंदोलन का एलान

दैनिक अवन्तिका ▸▸ हरदा

हरदा जिले के दौरे पर पहुंचे प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने भाजपा सरकार पर जमकर हमला बोला और किसानों के मुद्दों को लेकर नौ अप्रैल को बड़े आंदोलन का एलान किया। कार्यक्रम में देरी से पहुंचने पर उन्होंने मंच से कार्यकर्ताओं से माफी भी मांगी और कहा कि संगठन की ताकत ही कांग्रेस की असली पूंजी है।

हरदा में कांग्रेस कमेटी, महिला कांग्रेस, विधायक आर.के. दोगने, जिला अध्यक्ष मोहन बिश्नोई सहित कई इस बीच उपस्थित रहे। इसके बाद पटवारी गोयत गांव में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए, जहां उन्होंने किसानों और स्थानीय मुद्दों को लेकर सरकार को घेरा। अपने संबोधन में पटवारी ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने किसानों से कई बड़े वादे किए थे, जिनमें कृषि बजट अलग से पेश करने और सोयाबीन का दाम 6 हजार रु. तथा गेहूं का दाम 2700 रुपये प्रति क्विंटल देने की बात शामिल थी। लेकिन दो साल बीत जाने के बाद भी किसानों को इन वादों का लाभ नहीं मिला। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार केवल घोषणाएं करती है, जमीनी स्तर पर कोई ठोस काम नहीं हो रहा।



## गुजरात हाईकोर्ट की फैसलों में एआई के इस्तेमाल पर रोक

एजेंसी ▸▸ गांधीनगर

गुजरात हाई कोर्ट ने न्यायिक प्रक्रिया में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के उपयोग पर सख्त पॉलिसी लागू करते हुए स्पष्ट किया है कि अब फैसले केवल मानवीय विवेक और तर्क से ही होंगे। कोर्ट ने फैसला लिखने, कानून की व्याख्या, सबूतों के विश्लेषण, सजा-जमानत तय करने और अंतिम आदेश देने में एआई के उपयोग पर पूरी तरह रोक लगा दी है। कोर्ट ने चेताया कि एआई में हैलुसिनेशन, पक्षपात और गोपनीयता उल्लंघन जैसे गंभीर जोखिम हैं, जो न्यायिक स्वतंत्रता को प्रभावित कर सकते हैं। यह पॉलिसी हाईकोर्ट से जिला कोर्ट तक सभी न्यायिक अधिकारियों पर लागू होगी और हर जज अपने फैसले के लिए व्यक्तिगत रूप से जिम्मेदार होगा।

दारुई इलाके में देखे गए 3 संदिग्ध लोग

## सांबा में सेना का सर्च ऑपरेशन जारी

एजेंसी ▸▸ सांबा

जम्मू-कश्मीर के सांबा में रविवार को सुरक्षा बलों ने तलाशी अभियान शुरू किया। यह अभियान तीन संदिग्धों रिपोर्ट मिलने के बाद शुरू किया गया है। दारुई इलाके के बेध खड़ के एक निवासी ने बताया कि उसने तीन अज्ञात लोगों को देखा। उनमें से एक के पास एक भारी बैगपैक था और वे अंधेरे की आड़ में एक सूखे नाले के किनारे-किनारे आगे बढ़ रहे थे।

हालांकि उनके पास कोई हथियार दिखाई नहीं दिया, फिर भी उन्हें आतंकवादी होने का संदेह था। इसलिए, स्थानीय पुलिस के स्पेशल ऑपरेशंस ग्रुप ने सेना और अर्धसैनिक बलों की मदद से, इन संदिग्धों का पता लगाने के लिए एक तलाशी अभियान शुरू किया। अधिकारियों ने बताया कि गांव और आस-पास के इलाकों में तलाशी अभियान अभी भी जारी है, लेकिन अब तक संदिग्ध लोगों से कोई संपर्क नहीं हो पाया है।



ईरान के पहाड़ों में छिपा था अमेरिकी पायलट

## 36 घंटे में दुश्मन के बीच से बचाया

ट्रम्प बोले- यह इतिहास का सबसे साहसिक रेस्क्यू ऑपरेशन

एजेंसी ▸▸ वाशिंगटन

अमेरिका के एक एफ-15 फाइटर जेट को ईरान के ऊपर मार गिराए जाने के 36 घंटे बाद उसके दोनों पायलट को अमेरिकी स्पेशल फोर्स ने बचा लिया है।

शनिवार को स्पेशल कमांडो यूनिट ने दर्जनों लड़ाकू विमानों के साथ ईरान में ऑपरेशन चलाया। अमेरिकी लड़ाकू विमानों ने ईरानी फोर्स को उस इलाके तक पहुंचने से रोकने के लिए हमले भी किए।

इस दौरान भारी गोलीबारी हुई, लेकिन अंत में अमेरिकी टीम पायलट को सुरक्षित निकालने में सफल रही और सभी सैनिक ईरान से बाहर आ गए। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने इसे अमेरिकी इतिहास का सबसे साहसी सर्च और रेस्क्यू ऑपरेशन करार दिया है। अमेरिकी वेबसाइट एक्सियोस ने 3 अमेरिकी अधिकारियों के हवाले से बताया कि ईरान ने शुक्रवार को एफ-15 विमान गिरा दिया था। उसमें दो लोग थे। एक मेन पायलट और एक एयरमैन यानी वेपन सिस्टम ऑफिसर (जो हथियारों को ऑपरेट करता है)।

मेन पायलट को कुछ घंटों के भीतर ही बचा लिया गया था। लेकिन एयरमैन पैराशूट से उतरने के बाद घायल हो गया। चोट लगने के बावजूद वह चलने की हालत में था। इसके बाद वह ईरान के पहाड़ी इलाके में छिप गया और वहां एक दिन से ज्यादा समय तक पकड़ से बचता रहा।



पाकिस्तान के रक्षा मंत्री आसिफ की भारत को धमकी

## हम कोलकाता तक घुसकर मारेंगे

अगर भारत कोई ऑपरेशन करता है, तो संघर्ष सिर्फ सीमा तक सीमित नहीं रहेगा

एजेंसी ▸▸ इस्लामाबाद

पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने शनिवार को सियालकोट में पत्रकारों से बात करते हुए भारत को धमकी दी है। उन्होंने कहा कि अगर भारत कोई फॉल्स फ्लैग ऑपरेशन (छिपकर हमला) करता है, तो इस बार संघर्ष सिर्फ सीमा तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि कोलकाता तक पहुंच सकता है।

ख्वाजा आसिफ ने दावा किया कि भारत अपने लोगों या हिरासत में बंद पाकिस्तानियों का इस्तेमाल करके झूठा ड्रामा रचने की योजना बना रहा है। पिछले साल की तरह इस बार भारत को और ज्यादा शर्मिंदगी का सामना करना पड़ेगा। आसिफ ने आगे ये भी कहा कि शवों को कहीं रखकर पाकिस्तान पर आतंकवाद का आरोप लगाया जा सकता है, लेकिन उन्होंने (भारत ने) इस दावे के लिए कोई सबूत नहीं दिया।



### भारतीय रक्षा मंत्री ने कहा पाकिस्तान ने गंदा खेल खेला तो जवाब देंगे

ख्वाजा आसिफ के इस बयान पर भारत की ओर से अभी कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं आई है। हालांकि, भारत के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने केरलम में एक कार्यक्रम में पाकिस्तान को साफ चेतावनी दी थी। उन्होंने कहा था कि अगर पाकिस्तान फिर कोई गलत कदम उठाएगा तो भारतीय सेना निर्णायक जवाब देगी। ऑपरेशन सिंदूर अभी खत्म नहीं हुआ है और अगर पाकिस्तान ने दोबारा गंदा खेल खेला तो भारतीय सैनिक ऐसा जवाब देंगे जो वे कभी नहीं भूलेंगे।



### भारत पर प्रॉक्सी वॉर चलाने का आरोप लगा चुके ख्वाजा आसिफ

ख्वाजा आसिफ ने हाल ही में कहा था कि भारत और अफगानिस्तान की तालिबान सरकार मिलकर पाकिस्तान के खिलाफ प्रॉक्सी वॉर चला रहे हैं। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान पर हमलों को लेकर नई दिल्ली और काबुल की सोच एक जैसी है। आसिफ ने कहा जरूरत पड़ी तो पाकिस्तान अफगानिस्तान में दोबारा कार्रवाई कर सकता है। अगर अफगानिस्तान की ओर से शांति की कोई ठोस गारंटी नहीं मिलती है, तो पाकिस्तान वहां नए हमले करने से पीछे नहीं हटेगा। आसिफ ने यह भी कहा कि भारत के साथ युद्ध की संभावना अभी भी खत्म नहीं हुई है।




## देश विदेश

### एपस्टीन और अनिल अंबानी के बीच सैकड़ों मैसेज-ईमेल हुए

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका के यौन अपराधी जेफ्री एपस्टीन ने 2017 में उद्योगपति अनिल अंबानी के सामने खुद को डोनाल्ड ट्रम्प के पहले कार्यकाल के व्हाइट हाउस के इनसाइडर की तरह पेश किया था। न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक दोनों के बीच दो साल तक सैकड़ों मैसेज और ईमेल हुए। इनमें एपस्टीन ने ट्रम्प प्रशासन की नियुक्ति व विदेश नीति से जुड़ी जानकारियां साझा कीं, जो बाद में सही भी निकलीं। हालांकि, इस बात का कोई सबूत नहीं मिला कि एपस्टीन की व्हाइट हाउस तक सीधी पहुंच थी। मैसेज में अनिल अंबानी ने एपस्टीन को लिखा था- भारत के रिश्ते और रक्षा सहयोग के लिए व्हाइट हाउस से डील करने में आपकी गाइडेंस चाहिए। जवाब में एपस्टीन ने इनसाइड जानकारी देने का वादा किया था।

### भारत के 7वें एलपीजी टैंकर ने होर्मुज स्ट्रेट किया पार

**नई दिल्ली।** मध्य पूर्व में जारी तनाव के बीच भारत के लिए एक राहत भरी खबर सामने आई है। सातवां भारतीय ध्वज वाला एलपीजी टैंकर 'ग्रीन सानवी सुरक्षित रूप से होर्मुज जलडमरूमध्य पार कर गया। इस दौरान ईरान ने भारत के लिए एक विशेष संदेश जारी कर दोनों देशों के ऐतिहासिक रिश्तों को याद किया। यह घटनाक्रम ऐसे समय में हुआ है जब वैश्विक तेल आपूर्ति पर संकट मंडरा रहा है और कई जहाज अब भी फंसे हुए हैं। ईरान के मुंबई स्थित वाणिज्य दूतावास ने अपने संदेश में कहा, 'भारत और विशेष रूप से गुजरात, हमारे साझा इतिहास में एक गौरवशाली स्थान रखते हैं; क्योंकि सदियों पहले इन्होंने हमारी भूमि से आए लोगों का सहर्ष स्वागत किया था। ईरान ने कहा, इस अटूट सभ्यतागत बंधन को आधार बनाते हुए, हम मित्रता और सहयोग के संबंधों को और मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

### प्रभास की फिल्म फौजी के सेट से फोटो लीक




**मेकर्स ने दी सख्त कार्रवाई की चेतावनी, बोले- शेयर करने वालों पर होगा लीगल एक्शन**

**मुंबई।** प्रभास की आने वाली तेलुगू फिल्म 'फौजी' के सेट से कुछ तस्वीरें लीक हो गई हैं, जो सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं। इसे देखते हुए फिल्म के मेकर्स ने नाराजगी जाहिर की है और लीक कंटेंट फैलाने वालों के खिलाफ सख्त चेतावनी जारी की है। प्रोडक्शन हाउस का कहना है कि जो भी इन तस्वीरों को सर्कुलेट करेगा, उसके खिलाफ कड़ा एक्शन लिया जाएगा। लीक से फिल्म के अनुभव पर पड़ रहा बुरा असर फिल्म 'फौजी' के ऑफिशियल (ट्विटर) हैंडल से एक पोस्ट शेयर कर यूजर्स को आगाह किया गया है। मेकर्स ने लिखा, 'हमें पता चला है कि कुछ अकाउंट सेट से लीक हुई तस्वीरें फैला रहे हैं। प्लीज इसे एक सख्त चेतावनी समझें- ऐसे किसी भी कंटेंट को रिपोर्ट किया जाएगा और इसमें शामिल लोगों के खिलाफ जरूरी कार्रवाई की जाएगी।' मेकर्स का मानना है कि इन लीक्स की वजह से उस 'सिनेमैटिक एक्सपीरियंस' पर बुरा असर पड़ता है, जिसे वे बड़ी सावधानी से तैयार कर रहे हैं। डायरेक्टर ने की अपील- जादू को खराब न करें फिल्म के डायरेक्टर हनु राघवपुडी ने भी सोशल मीडिया के जरिए प्रशंसकों से सहयोग मांगा है। उन्होंने ट्वीट किया, 'हमने फौजी में अपना दिल लगा दिया है ताकि दर्शकों को कुछ खास दे सकें। सभी से विनम्र निवेदन है कि प्लीज लीक के जरिए इसका जादू खराब न करें। आइए इसे उसी तरह अनुभव करें जैसे इसे होना चाहिए, यानी सिनेमाघरों में एक साथ।' मेकर्स ने भरोसा दिलाया है कि बड़े पर्दे पर जो आने वाला है, वह लीक तस्वीरों से कहीं अधिक भव्य होगा।

### टीएमसी के पापों का घड़ा भर चुका, ये खास मजहब के लोग

**कोलकाता।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को पश्चिम बंगाल के कूचबिहार में चुनावी सभा में कहा कि टीएमसी के पापों का घड़ा भर चुका है और अब जनता बदलाव चाहती है। चुनाव के बाद भ्रष्टाचारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी, चुन-चुनकर हिसाब लिया जाएगा। पीएम मोदी ने कहा- 1905 में मजहबी ताकतों ने बंगाल में लाल इश्तेहार जारी किया था। उसके बाद हिंदुओं का नरसंहार किया गया था। टीएमसी उसी की याद दिलाना चाहती है। ये खास मजहब के लोग बंगाल में हिंदुओं का रहना मुश्किल कर देंगे। प्रधानमंत्री ने आरोप लगाया कि टीएमसी शासन में लोकतंत्र कमजोर हुआ है। संवैधानिक संस्थाओं की अनदेखी की जा रही है। राज्य में भ्रष्टाचार, घुसपैठ और महिलाओं के खिलाफ अत्याचार ने जनता को भय और असुरक्षा के माहौल में धकेल दिया है।

### ब्राजील में रेस्टोरेंट से टकराया विमान हादसे में दंपती समेत 4 लोगों की मौत

**रियो।** ब्राजील में एक छोटा विमान रेस्टोरेंट पर गिर गया जिससे हादसे में 4 लोगों की मौत हो गई। यह हादसा रियो ग्रांडे डो सुल राज्य में हुआ। हादसा तब हुआ जब एक पाइपर मालिबू विमान साओ पाउलो से उड़ान भरकर कापाओ दा कनोआ एयरपोर्ट की ओर जा रहा था। लैंडिंग से ठीक पहले विमान एक खंभे से टकरा गया और फिर एक रेस्टोरेंट में जा गिरा, जिससे उसमें आग लग गई। इस हादसे में पायलट और तीन यात्रियों की मौत हो गई, जिनमें एक दंपती भी शामिल हैं। राहत की बात यह रही कि जिस समय विमान रेस्टोरेंट से टकराया, वह बंद था, इसलिए जमीन पर कोई हताहत नहीं हुआ। हालांकि, आसपास मौजूद लोग बाल-बाल बच गए। हादसे के बाद रेस्टोरेंट में भीषण आग लग गई और आसमान में काला धुआं फैल गया। आसपास के घरों में रहने वाले लोगों को सिविल डिफेंस टीम ने सुरक्षित बाहर निकाला।

## महाकाल श्रृंगार



ज्योतिर्लिंग महाकालेश्वर का रविवार को आकर्षक श्रृंगार किया गया।

न डिग्री का पता है और न तकनीकी योग्यता का, सीखने और सिखाने पर चल रहा काम

# पैथालाजी लेब बनाम गोलमाल का धंधा...!

## एक ही पैथालाजिस्ट कर रहा दर्जनों लेब की रिपोर्ट की पुष्टि

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

स्वास्थ्य विभाग की नजरअंदाजी कहें या फिर प्रश्रय की शहर में संचालित कतिपय पैथालाजी लेब में गोलमाल का धंधा फल फूल रहा है। यहां न तो डिग्री का पता है और न ही तकनीकी योग्यता का । सिखने और सिखाने के आधार पर ही काम का संचालन किया जा रहा है। खास तो यह है कि एक ही पैथालाजिस्ट दर्जनों लेब की रिपोर्ट की पुष्टि कर रहा है। इसके बाद भी स्वासथ्य विभाग कार्रवाई की हिम्मत नहीं जुटा पा रहा है।

पैथालाजी हो या फिर क्लिनिक सभी के पंजीयन स्वास्थ्य विभाग में होते हैं। बगैर पंजीयन के इनका संचालन कानून जूर्म है। नियमों के तहत पंजीयन के बाद सीधे तौर पर नियमों की अवहेलना का काम कतिपय लेब पर हो रहा है। इसे लेकर मात्र कागजों में ही जांच हो रही है और कागजों में ही सब कुछ सही चल रहा है। धरातल पर नियमों को ताक में रखकर पैथालाजी संचालन का काम चल रहा है।



### क्या कहते है नियम..?

स्वास्थ्य विभाग के स्पष्ट नियम है कि किसी भी पैथोलॉजी लैब का संचालन पंजीकृत पैथोलॉजिस्ट (एमडी पैथोलॉजी) की देखरेख में ही होना चाहिए। लैब का विधिवत पंजीकरण होना अनिवार्य है। बायोमेडिकल वेस्ट मैनेजमेंट और गुणवत्ता नियंत्रण के नियमों का पालन इसमें जरुरी है।

### नियमों में यह है अनिवार्य स्टाफ और योग्यता

जांच पैथालाजिस्ट (एमडी) की निगरानी में होना अनिवार्य है । इसके साथ ही उसे रिपोर्ट की पुष्टि के साथ उस पर हस्ताक्षर करना अनिवार्य है। लेब में ट्रेंड लैब टेक्नीशियन जो कि सैंपल कलेक्शन, टेस्ट प्रोसेसिंग, मशीन संचालन कर सके। फ्लेबोटॉमिस्ट/ सैंपल कलेक्टर जो कि सुरक्षित तरीके से सैंपल लेने के कार्य को अंजाम दे सके। इसके साथ ही सहायक स्टाफ-साफ-सफाई, रिकॉर्ड मेंटेनेंस।डेटा एंट्री / रिसेप्शन स्टाफः मरीजों का रजिस्ट्रेशन और रिपोर्ट वितरण के कार्य के लिए आवश्यक हैं।

इन पदों पर काम करने वालों की योग्यता का प्रमाणिकरण आवश्यक हैं।

## एम डी विरूद्ध वर्दी

पिछले कुछ दिनों से सामने आ रही जानकारियों से यह तय हो रहा है कि मालवांचल जहां डग-डग रोटी पग-पग नीर की कहावत चलती थी अब एमडी जैसे नशीले पदार्थ के लिए जाना जाने लगा है। पूरे मालवांचल के सभी जिलों में धडल्ले से एमडी बनाने की फैक्ट्री और इसकी खरीद फरोख्त के साथ ही नशे के दल-दल में डूबते जा रहे युवाओं की स्थिति सामने आ रही है। ऐसा नहीं है कि ये मसले दो चार दिन में अंजाम दे दिए गए। इस धंधे में लिप्त लोगों पर बराबर वर्दी की कार्रवाई से ही इस मकडजाल से धूल साफ हो रही है। अन्यथा यह मकडजाल पिछले लंबे समय से बना हुआ था और बराबर उससे काले धन का विकास हो रहा था। हाल ही में मालवांचल के अन्यानेक जिलों में वर्दी ने एक से अधिक एमडी बनाने की फैक्ट्री पकडी और उनके संचालनकर्ताओं पर कार्रवाई की है। इसी तरह से समाज के युवाओं में जहर घोलने वाले इसके विक्रेताओं की भी बराबर धरपकड की जा रही है। वर्दी का यह काम काफी प्रभावी रहा है। इससे समाज में नशे की प्रवृत्ति को रोकने की दिशा में बेहतर काम किया जा रहा है। युवाओं को नशे के दलदल में जाने से भी रोका जा सकेगा। खुसूर-फुसूर है कि यह मकडजाल ऐसे ही नहीं फैला है। लंबे समय से पूरे योजनाबद्ध तरीके से इसे समाज में फैलाया गया है । इसके साथ ही इससे समाज में विकृति का बीज बोने का काम किया गया है। नशे के इन कारोबारियों पर पूरी सख्ती के साथ ही शिकंजा कसा जाना चाहिए। इनकी संपत्तियों को भी बराबर वर्दी को प्रयास कर फ्रीज करवाना चाहिए। इसके साथ ही वर्दी को विशेष प्रयासों से इनको जमानत न मिल सके ऐसे साक्ष्य प्रस्तुत कर अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन समाज हितों में करना ही चाहिए।




# देवास गेट बस स्टैंड का बुरा हाल

जर्जर भवन | इंतजार कक्ष बदहाल | यात्रियों की बढ़ी परेशानी

## प्रतीक्षालय बना परेशानी का घर... पानी नहीं, गंदगी और आवारा जानवरों का विचरण

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

देवास गेट बस स्टेशन के यात्री प्रतीक्षालय की स्थिति इन दिनों बेहद खराब बनी हुई है। यहां बुनियादी सुविधाओं का अभाव साफ नजर आता है, जिससे यात्रियों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। प्रतीक्षालय में न तो पीने के पानी की उचित व्यवस्था है और न ही नियमित साफ-सफाई हो रही है। यात्रियों को मजबूरी में पानी खरीदकर पीना पड़ रहा है। परिसर में जगह-जगह गंदगी फैली हुई है, जिससे वातावरण अस्वच्छ बना रहता है।

सबसे बड़ी समस्या आवारा कुत्तों और मवेशियों की है। ये पूरे बस स्टैंड परिसर में घूमते रहते हैं और कई बार प्रतीक्षालय तक पहुंच जाते हैं। बस का इंतजार कर रहे यात्रियों पर कुत्तों के भौंकने की घटनाएं भी सामने आती हैं। इतना ही नहीं, कई बार यात्री जब थकान के कारण वहीं सो जाते हैं, तो उनके आसपास कुत्ते बैठ जाते हैं या गंदगी फैला देते हैं।

### महिला प्रतीक्षालय में भी अव्यवस्था..

महिला प्रतीक्षालय में भी अव्यवस्था देखने को मिल रही है, जहां पुरुष यात्री बैठे नजर आते हैं, जिससे महिलाओं को असहज स्थिति का सामना करना पड़ता है।

हालांकि बस स्टेशन के विकास और नए भवन निर्माण को लेकर कई योजनाएं बनाई जा चुकी हैं, लेकिन अब तक उन पर अमल नहीं हो सका है। पुरानी बिल्डिंग जर्जर हो चुकी है, दीवारों में दरारें आ गई हैं और बारिश के दौरान छत से पानी टपकता है।

महाकाल लोक के निर्माण के बाद उज्जैन में श्रद्धालुओं की संख्या लगातार बढ़ रही है। ऐसे में शहर के प्रमुख देवास गेट बस स्टैंड की यह स्थिति न केवल यात्रियों को परेशान कर रही है, बल्कि शहर की छवि को भी प्रभावित कर रही है।

आगामी सिंहस्थ मेले को देखते हुए देवास गेट बस स्टेशन के कायाकल्प की जरूरत और भी ज्यादा बढ़ गई है, लेकिन फिलहाल जिम्मेदारों की अनदेखी से हालात जस के तस बने हुए हैं।








# सिंहस्थ में स्वास्थ्य सेवाओं पर भी फोकस...बदल जाएगी सरकारी अस्पतालों की सूरत

## इंदौर से उज्जैन तक सरकारी अस्पतालों के लिए बड़ा बजट

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

सिंहस्थ को लेकर प्रदेश में तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। इंदौर से उज्जैन तक सरकारी अस्पतालों के लिए सरकार बड़ा बजट बना रही है और इस तरह की तैयारियां की जा रही हैं कि एक ही समय में बड़ी संख्या में लोग बेहतर इलाज प्राप्त कर सकें।

जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट ने हाल ही में प्रदेश के उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ला से इंदौर प्रवास के दौरान मुलाकात की। इस दौरान शहर की स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने और सिंहस्थ महापर्व 2028 की तैयारियों पर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया। बैठक का मुख्य उद्देश्य इंदौर के प्रमुख अस्पतालों में जारी निर्माण कार्यों की समीक्षा करना और आगामी महापर्व की तैयारियों को गति देना था। सिलावट ने एमवाय अस्पताल और निमार्णाधीन जिला अस्पताल के कार्यों को समय सीमा में पूरा करने का आग्रह किया।

सिंहस्थ महापर्व की महत्ता को देखते हुए सिलावट ने निर्माण कार्यों में तेजी लाने की आवश्यकता जताई। उन्होंने धार रोड पर बन रहे प्रदेश के सबसे बड़े जिला अस्पताल भवन का कार्य शीघ्र पूर्ण करने की मांग की ताकि स्थानीय और बाहरी मरीजों को उच्च स्तरीय उपचार मिल सके। साथ ही सांवेर विधानसभा क्षेत्र की 30 से अधिक स्वास्थ्य संस्थाओं, जिनमें सीएचसी और पीएचसी शामिल हैं, के सुदृढ़ीकरण पर भी चर्चा की गई। शिप्रा, धरमपुरी और सांवेर में स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार पर विशेष जोर दिया गया। सरकार की योजना है कि सिंहस्थ से पहले इंदौर से उज्जैन तक स्वास्थ्य सुविधाएं इतनी बेहतर हों कि लाखों लोगों के उपचार की व्यवस्था सभी स्थानों पर एक साथ संभाली जा सके।

मंत्री सिलावट ने बताया कि इंदौर एक प्रमुख चिकित्सा केंद्र है और यहां प्रतिदिन हजारों मरीज उपचार के लिए आते हैं। अकेले एमवाय अस्पताल में रोजाना पांच हजार से अधिक मरीज पहुंचते हैं। मरीजों की बढ़ती संख्या और बेड की उपलब्धता के बीच अंतर को कम करने के लिए शासन ने लगभग 775 करोड़ रुपये के विकास कार्य स्वीकृत किए हैं। इन कार्यों से अस्पताल का उन्नयन किया जा रहा है ताकि मरीजों को किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।

# सुपर-30 के संस्थापक आनंद कुमार ने महाकाल के दर्शन किए

## अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद के अध्यक्ष ने भी किए दर्शन



दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

श्री महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग मंदिर में रविवार को प्रसिद्ध गणितज्ञ और सुपर 30 के संस्थापक पद्मश्री आनंद कुमार अपने परिजनों के साथ मंदिर पहुंचे। उन्होंने विधि-विधान से पूजन-अर्चन कर भगवान महाकाल के दर्शन किए। दर्शन के बाद मंदिर प्रबंध समिति की ओर से उप प्रशासक एस.एन. सोनी ने उनका स्वागत-सत्कार किया।

चर्चा में आनंद कुमार ने बताया कि मंदिर परिसर में आकर उन्हें नई ऊर्जा का अनुभव हुआ। उन्होंने यहां की व्यवस्थाओं को बेहद प्रभावी बताया और उम्मीद जताई कि भविष्य में ये और बेहतर होंगी, जिससे अधिक से अधिक श्रद्धालु बाबा महाकाल का आशीर्वाद प्राप्त कर सकेंगे। उन्होंने जिला व राज्य प्रशासन का आभार भी व्यक्त किया।

### डॉ. प्रवीण तोगड़िया ने भी किए दर्शन

इसी दिन अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद के अध्यक्ष डॉ. प्रवीण तोगड़िया भी महाकाल मंदिर पहुंचे और दर्शन-पूजन किया। उन्होंने नंदी के पास बैठकर भगवान भोलेनाथ के समक्ष प्रार्थना की। पंडितों ने मंत्रोच्चार के साथ उनकी पूजा संपन्न कराई। इस दौरान मंदिर प्रबंध समिति की ओर से सहायक प्रशासक ने उन्हें दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया।

## एलपीजी किल्लतः होटलों में जलेबी, फाफड़ा, पपड़ी मिलना बंद

**उज्जैन।** ईरान-अमेरिका युद्ध के कारण उज्जैन शहर में जलेबी-फाफड़ा मिलना बंद हो गया है। अधिकांश दुकानदारों ने गैस की कमी के चलते इसे बनाना बंद कर दिया है। इसके चलते लोगों को पोहे के साथ मिलने वाली जलेबी नहीं मिल पा रही है। वहीं, कई होटल संचालकों ने समोसा-कचोरी के दाम बढ़ाने के साथ उत्पादन भी घटा दिया है।

मालवा क्षेत्र में आमतौर पर सुबह का नाश्ता पोहा-जलेबी के साथ होता है, लेकिन ईरान-अमेरिका युद्ध के कारण आम लोगों से जलेबी का स्वाद छिन गया है। दरअसल, उज्जैन के करीब 5 हजार होटल-रेस्टोरेंट में रोज सुबह चाय, पोहा, जलेबी, फाफड़ा और पापड़ी का नाश्ता तैयार होता है। लेकिन गैस की किल्लत ने इस नाश्ते का स्वाद बिगाड़ दिया है।

गैस सिलेंडर की कमी के चलते कुछ रेस्टोरेंट संचालकों ने जलेबी, फाफड़ा और पापड़ी बनाना पूरी तरह बंद कर दिया है, तो कुछ इसे दिन में सिर्फ एक बार बनाकर रख रहे हैं। इसके बाद पूरे दिन बनाने पर रोक लगा दी जाती है। शहर के जनता टी स्टॉल, महाकाल रेस्टोरेंट, जैन समोसा-कचोरी रेस्टोरेंट, काका के समोसे, नागर पोहा-जलेबी रेस्टोरेंट सहित फ्रीगंज, ऋषिनगर, नानाखेड़ा, कंठाल, सराफा, इंदौर गेट, बस स्टैंड और रेलवे स्टेशन के सामने स्थित कई होटल-रेस्टोरेंट में जलेबी बनना बंद हो गया है।

सुबह से ही गर्मी के हाल, पंखे, कुलर, एसी से राहत ले रहे लोग, सूर्य की गर्मी से मानव शरीर प्रभावित होने लगा, दिन में भी लपट के हाल

# गर्मी का असर अब सुबह से ही गहराने लगा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

गर्मी का असर अब गहराने लगा है। सुबह से ही गर्मी के हाल कायम हो रहे हैं। पंखे,कुलर ,एसी से लोग राहत ले रहे हैं। दिन में सूर्य की गर्मी से मानव शरीर प्रभावित होने लगा है। दिन में लपट के हाल कायम हो रहे हैं जिससे आम आदमी प्रभावित हो रहा है। गर्मी का असर धीरे झधीरे बढता ही जा रहा है। ये बात अलग है कि अधिकतम एवं तापमान पिछले सप्ताह से कमजोर हुआ है लेकिन इसके बाद भी गर्मी का असर गहराया हुआ है। देर रात तक उमस का हाल बन रहा है एवं बैचेनी की स्थिति बनी रहती है।

गर्मी का असर गहराने के साथ ही अब उमस के हाल बन रहे हैं। उमस से बैचेनी की स्थिति देर रात तक शांत नहीं हो रही है। ऐसे में बच्चे एवं बुजुर्गों को विशेष परेशानी का सामना करना पड रहा है। दोपहर के समय चिलचिलाती धूप सीधे सन बर्न की स्थिति बना रही है। इसमें मानव शरीर की चमडी जलने की स्थिति बन रही है। दोपहर के समय में अगर पूरी तरह से शरीर को ढक कर न निकला जाए तो खुले अंग कालापन पकड रहे हैं।

**ये रहा पिछले 7 दिन में तापमान**

| दिनांक | न्यूनतम/आर्द्रता | अधिकतम/आर्द्रता |
|---|---|---|
| 29 मार्च | 22 / 69 | 36.4 /31 |
| 30 मार्च | 19.5 / 75 | 37.0 /49 |
| 01 अप्रेल | 20.8 / 68 | 35.8 / 54 |
| 02अप्रेल | 21.0 / 64 | 36.5 / 31 |
| 03अप्रेल | 19.5 / 67 | 35.5 / 33 |
| 04 अप्रेल | 19.5 /61 | 33.5 / 38 |
| 05 अप्रेल | 17.7 / 66 | 33.0 / 32 |

नोट-तापमान डिग्री सेंटीग्रेड में है और आर्द्रता प्रतिशत में है। स्त्रोत-शा.जीवाजी वेधशाला।

### पिछले सप्ताह से तापमान नीचे

अप्रेल माह की शुरूआती सप्ताह से पूर्व सप्ताह में 27 मार्च को अधिकतम तापमान 37 डिग्री एवं न्यूनतम तापमान 29 मार्च को 22 डिग्री तक जा चुका है। वर्तमान में तापमान तीन से चार डिग्री सेंटीग्रेड तक नीचे गिरा है उसके बाद भी गर्मी एवं उमस से राहत की स्थिति नहीं है।


ब्रिज से उतरकर पीडब्ल्यूडी कार्यालय की और पलटने वालों के कारण बन रहे बुरे हाल, टावर चौक के मुहाने पर भी नगर सेवा एवं मैजिक वाहनों के खडे रहने से जाम के हालात

# ओव्हर ब्रिज के फ्रीगंज छोर पर गुत्थमगुत्था हो रहे वाहन चालक

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

नए एवं पुराने शहर को जोडने वाले फ्रीगंज रेलवे ओव्हर ब्रिज के विकास होने में अभी समय है। ऐसे में ब्रिज से आवागमन सुव्यवस्थित न होने से वाहन चालक ब्रिज के फ्रीगंज छोर के तिराहे पर गुत्थम गुत्था हो रहे हैं। दिन में कई बार इस कारण से जाम के हाल बन रहे हैं। यही हाल टावर चौक के मुहाने पर भी नगर सेवा एवं मैजिक वाहनों के खडे रहने से पैदा हो रहे हैं।

नए एवं पुराने शहर को जोडने वाले फ्रीगंज ओव्हर ब्रिज का नया निर्माण किया जा रहा है। वर्तमान में नया ब्रिज गति से निमार्णाधीन है। ऐसे में पुराने ब्रिज से आवागमन बराबर जारी है। आवागमन की स्थिति में ब्रिज के पुराने शहर के चामुंडा चौराहा जाने वाले छोर पर तो सामान्य स्थिति रहती है लेकिन नए शहर के फ्रीगंज वाले छोर पर बराबर आवागमन की समस्या बन रही है। इससे बराबर आवागमन प्रभावित हो रहा है एवं वाहन चालक गुत्थम गुत्था हो रहे हैं।



### पुरानी समस्या बरकरार

फ्रीगंज ओव्हर ब्रिज पर पुराने समय से ही वाहन चालकों के रांग साईड आने के कारण समस्या बरकरार रही है। यातायात पुलिस ने उसके नियंत्रण के लिए ब्रिज के मध्य में स्टापर एवं बेरिकेडस भी लगाए थे,लेकिन सब बेकार रहा और वाहन चालक रांग साईड पर आते रहे। यहां तक की पुलिस ने रांग साईड आने वाले चालकों के वाहनों की हवा भी निकाली और चालान भी बनाए थे। वर्तमान में ब्रिज से सीधे आना-जाना हो रहा है। ऐसे में वाहन चालक ब्रिज से फ्रीगंज छोर की तरफ उतरते समय लोक निर्माण विभाग कार्यालय ,धन्नालाल की चाल एवं सनसाईन टावर वाले मार्ग की और पलटते हैं। ऐसे में फ्रीगंज से शहर की और जाने वाले वाहन चालकों से उनका सीधा सामना हो जाता है और वाहनों में गुत्थम गुत्था की स्थिति बन जाती है। यहां एक छोटी अस्थाई रोटरी एवं ब्रिज पर डिवाईडर बनाकर व्यवस्थित आवागमन किया जा सकता है। इससे वाहनों में गुत्थ्म गुत्था की स्थिति को भी दूर किया जा सकेगा।

### खडे रहने वाले वाहनों को हटाया जाए

टावर से फ्रीगंज ओव्हर ब्रिज की और आने वाले मार्ग पर तिराहे पर नगर सेवा के साथ ही मैजिक वाहन सवारियों के लिए यत्र तत्र अपने वाहन खडे कर रहे हैं। ऐसे में आवागमन के दौरान बराबर बाधा की स्थिति बन रही है। इन वाहनों को भी यहां से बराबर चलायमान रखने के लिए व्यवस्था हो तो यहां भी जाम के हालातों से छुटकारा मिलना संभव हैं।

## ट्रैंडिंग



दैनिक अवन्तिका 57 since 1968

# दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

इंदौर - उज्जैन | सोमवार 6 अप्रैल, 2026 | www.awantika.com



## न्यूज कॉलम

### नेताओं की सिफारिश पर नहीं लगेगा हैंडपंप

**इंदौर।** मप्र के ग्रामीण इलाकों में हैंडपंप को लेकर चलने वाली सिफारिश वाली राजनीति अब खत्म होने जा रही है। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की नई व्यवस्था में अब मंत्री, सांसद और विधायकों की चिट्ठी से सीधे हैंडपंप नहीं खुदेगा। हर प्रस्ताव को प्रशासनिक और तकनीकी फिल्टर से गुजरना होगा और अंतिम फैसला कलेक्टर की अध्यक्षता वाली कमेटी करेगी। इससे स्पॉट अप्रूवल की व्यवस्था औपचारिक रूप से समाप्त हो गई है। अब खंड कार्यालयों में हैंडपंप प्रस्ताव पंजी (रजिस्टर) जरूरी होगा, जिसमें जनप्रतिनिधियों की सिफारिशें पहले दर्ज होंगी। इसके बाद 8 सदस्यीय कमेटी तकनीकी जांच करेगी। जब तक कमेटी हरी झंडी नहीं देगी, प्रस्ताव कागजी ही रहेगा।

### कार्यशाला में भारतीय ज्ञान परंपरा अपनाने पर जोर

**उज्जैन।** महर्षि पाणिनि संस्कृत एवं वैदिक विश्वविद्यालय के योग विभाग की पंच दिवसीय मर्म चिकित्सा प्रायोगिक प्रशिक्षण कार्यशाला का समापन हुआ। कार्यशाला में प्रतिभागियों को मर्म चिकित्सा के व्यावहारिक पक्षों का प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम में योग, भारतीय परंपरा और चिकित्सा विज्ञान के समन्वय पर चर्चा हुई। समापन सत्र में मुख्य अतिथि प्रो. श्रीनिवास वरखेड़ी उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि प्रो. रामनारायण द्विवेदी और काशी हिंदू विश्वविद्यालय के प्रो. विनय कुमार पांडेय थे। अध्यक्षता प्रो. शिवशंकर मिश्र ने की। प्रो. रामनारायण द्विवेदी ने मर्म चिकित्सा को शरीर, मन और चेतना के संतुलन से जुड़ा विज्ञान बताया। उन्होंने कहा कि ऐसी कार्यशालाएं शास्त्रीय ज्ञान को व्यावहारिक जीवन से जोड़ती हैं।

### दो इलेक्ट्रिक बस डिपो के निर्माण की प्रक्रिया प्रारंभ



**इंदौर।** अटल इंदौर सिटी ट्रांसपोर्ट सर्विसेस लिमिटेड की बोर्ड बैठक आज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता एआईसीटीएसएल बोर्ड के अध्यक्ष एवं मध्यप्रदेश यात्री परिवहन एवं इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड के प्रबंध निदेशक मनीष सिंह ने की। बोर्ड बैठक में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से कलेक्टर इंदौर एवं कंपनी निदेशक शिवम वर्मा एवं संभाग के जिलों के कलेक्टर्स एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में प्रबंध निदेशक मनीष सिंह ने एआईसीटीएसएल द्वारा किये जा रहे कार्यों की समीक्षा की। बैठक में प्रबंध निदेशक मनीष सिंह की अध्यक्षता में महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बताया गया कि एमपी वायपीआईएल की इंदौर संभाग क्षेत्रीय सहायक कंपनी के रूप में अब एआईसीटीएसएल का कार्यक्षेत्र केवल इंदौर शहर तक सीमित न रहकर इंदौर संभाग के समस्त जिलों तक विस्तारित होगा।

### छोटा नेहरू स्टेडियम नाम अब छत्रपति शिवाजी महाराज खेल परिसर

**इंदौर।** इंदौर के छोटे नेहरू स्टेडियम का नाम बदलकर छत्रपति शिवाजी महाराज खेल परिसर कर दिया गया। कुछ समय पहले एमआईसी ने इसे लेकर प्रस्ताव पारित किया था। नामकरण के अवसर पर आयोजित समारोह ने शहर के खेल और सांस्कृतिक परिवेश को राष्ट्रभक्ति के रंग में रंग दिया। मां अहिल्या की पावन नगरी इंदौर में हुए इस आयोजन में बड़ी संख्या में नागरिकों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम के दौरान पूरा परिसर जय भवानी, जय शिवाजी के नारों से गूंज उठा। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण लोक कलाकार विक्रांत सिंह राजपूत रहे। उन्होंने अपने प्रभावशाली प्रस्तुतीकरण के माध्यम से छत्रपति शिवाजी महाराज के शौर्य, पराक्रम, रणनीतिक कौशल और राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान को सजीव रूप में प्रस्तुत किया।

### दहेज प्रताड़ना में महिला की मौत, तीन पर केस

**इंदौर।** इंदौर के एमजी रोड थाना क्षेत्र में महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत के बाद शनिवार को पुलिस ने पति, सास और ननद के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस के मुताबिक गायत्री (22), पत्नी समीर बाली, निवासी उषा फाटक की मौत के मामले में एसीपी विनोद कुमार दीक्षित की जांच के बाद कार्रवाई की गई। आरोपी पति समीर बाली, सास उषा और ननद शिखा के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। जांच में सामने आया कि मृतका को दहेज में पैसे लाने के लिए लगातार प्रताड़ित किया जाता था। मारपीट और मानसिक दबाव के कारण उसकी तबीयत बिगड़ती गई। पुलिस के अनुसार आरोपियों ने मृतका का इलाज नहीं कराया। मायके पक्ष द्वारा इलाज के लिए ले जाने की बात पर भी दहेज की मांग पूरी नहीं होने का हवाला देकर मना कर दिया गया।

### तीन साल में कारखानों में 104 मजदूरों की मौत

**इंदौर।** मध्य प्रदेश के औद्योगिक क्षेत्रों में मजदूरों की सुरक्षा को लेकर सवाल उठ रहे हैं। राज्यसभा में आम आदमी पार्टी के सांसद डॉ. संदीप कुमार पाठक के सवाल के जवाब में श्रम और रोजगार मंत्रालय ने चौंकाने वाली जानकारी दी है। राज्यसभा में पेश किए गए आंकड़ों के मुताबिक एमपी में बीते तीन सालों (2022-2024) में प्रदेश के कारखानों में कुल 104 मजदूरों की जान गई है। चौंकाने वाली बात यह है कि जहां 2023 में मौतों का आंकड़ा 33 था, वहीं 2024 में यह बढ़कर 35 हो गया। सरकार ने इन हादसों के पीछे आग, विस्फोट और ऊंचाई से गिरने जैसे कारणों को मुख्य माना है। नियमों की अनदेखी करने वाली इकाइयों पर सरकार ने सख्ती दिखाते हुए अकेले वर्ष 2023 में ही 60.45 लाख रुपये का जुर्माना ठोका है।

---

समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी को लेकर हर बार किसानों की दोगुनी आय के मामले में झूठ, भारतीय किसान संघ की सरकार को बड़ी चेतावनी

# 15 मई से तहसील स्तर पर आंदोलन की घोषणा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

मध्य प्रदेश में गेहूं की समर्थन मूल्य पर खरीदी नहीं होने से परेशान किसान अब सरकार के खिलाफ ही मोर्चा संभालने को तैयार हैं। आरएसएस की अनुषांगिक संगठन भारतीय किसान संघ ने खरीदी की मांग और किसानों की कई समस्याओं को लेकर राज्य सरकार के खिलाफ 15 मई से तहसील स्तर पर आंदोलन की घोषणा की है।

मध्य प्रदेश में 16 मार्च से गेहूं की नई आवक और फसल की समर्थन मूल्य पर खरीदी शुरू होनी थी लेकिन वह 1 अप्रैल को भी शुरू नहीं हो सकी। 3 बार तारीख आगे बढ़ाई जा चुकी है, हालांकि अब सरकार ने 10 अप्रैल से समर्थन मूल्य पर खरीदी की घोषणा की है। किसानों की कई समस्याओं के साथ इस स्थिति को लेकर भारतीय किसान संघ ने सरकार के खिलाफ घेराव और विरोध



प्रदर्शन का ऐलान कर दिया है।

**गेहूं बेचने में किसानों को हो रहा नुकसान-** भारतीय किसान संघ मालवा प्रांत के अध्यक्ष लक्ष्मी नारायण पटेल ने आरोप लगाते हुए कहा कि कषि उपज मंडी में समर्थन मूल्य पर खरीदी नहीं होने से उच्च कोटि का जो गेहूं 2700 प्रति क्विंटल बिकना चाहिए वह मंडी व्यापारी 2000 से 2200 रुपए क्विंटल खरीद कर किसानों को लूटने में लगे हैं।

#### वारदाना नहीं होने की बात पूरी तरह से झूठी

सरकार किसान कल्याण वर्ष मना रही है और जगह-जगह कार्यक्रमों का आयोजन हो रहा है। इसके बावजूद गेहूं की समर्थन मूल्य पर खरीद शुरू नहीं की राज्य सरकार ने समर्थन मूल्य पर खरीदी शुरू नहीं होने के पीछे युद्ध के दौरान बाहर से आने वाला वारदाना उपलब्ध नहीं होने की बात की है लेकिन यह बात पूरी तरह गलत है. बारदाने की सरकार ने पहले से व्यवस्था क्यों नहीं की? युद्ध तो अभी चालू हुआ है। इससे किसानों को दुगना नुकसान हो रहा है। उन्होंने कहा फिलहाल समर्थन मूल्य 2615 रुपए है इसमें ?40 का बोनस है लेकिन सरकार समर्थन मूल्य पर खरीदी के नाम पर लगातार बहाने बना रही है।

#### पराली जलाने पर एफआईआर का विरोध

गेहूं की नरवाई जलाने पर किसानों पर लगातार पुलिस कार्रवाई की जा रही है। देवास जिले में ही 10 किसानों के खिलाफ नरवाई जलाने पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया है। किसान भी चाहते हैं कि गेहूं की कटाई के बाद नरवाई के निष्पादन का विकल्प राज्य सरकार को निकालना चाहिए। किसान तो नरवाई नहीं जलाते लेकिन राज्य शासन ने इसके लिए किसानों को ही दोषी मान रखा है।

#### सरकार को 15 मई की डेट लाइन

सरकार किसानों की आय दुगनी से 8 गुना बढ़ाने की झूठी घोषणा कर रही है। सरकार की किसान विरोधी नीति के कारण 60% किसान डिफाल्टर हो चुका है। 0% ब्याज पर लोन के नाम पर अब किसानों पर सालाना 7% की दर से ब्याज वसूला जा रहा है, जबकि 1 अप्रैल से फिर ऐसे डिफाल्टर किसानों पर 14 प्रतिशत अर्थ दंड लगाया जाएगा। यदि 15 मई तक समर्थन मूल्य पर खरीदी और किसानों का ब्याज माफ नहीं किया गया तो किसान संघ तहसील स्तर पर घेराव करेगा।

---

# डूबते युवकों को बचाने शिप्रा में कूदे होमगार्ड सैनिक

## गुजरात से आए थे दर्शन करने आए तीन युवकों को सुरक्षित निकाला बाहर

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

देव दर्शन करने धार्मिक यात्रा पर आए तीन युवक रविवार सुबह आस्था का नहान करने शिप्रा नदी पहुंचे थे। गहराई का पता नहीं होने पर तीनों डूबने लगे। होमगार्ड सैनिकों ने तीनों को बचाने के लिए नदी में छलांग लगा दी। कुछ देर में ही तीनों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया।

बाबा महाकाल की धार्मिक नगरी में प्रतिदिन देशभर से लाखों की संख्या में श्रद्धालु उज्जैन पहुंचते हैं। देव दर्शन के साथ ही श्रद्धालु मोक्षदायनी शिप्रा में आस्था की डुबकी भी लगते हैं। रविवार सुबह गुजरात से तीन युवक धार्मिक यात्रा पर आए थे और शिप्रा नदी पर नहान के लिए पहुंचे थे, लेकिन उन्हें शिप्रा की गहराई का अंदेशा नहीं था। गुरुनानक घाट पर नहाते समय 22 साल का जतिन अचानक गहरे पानी में चला गया, उसे



तैरना नहीं आता था जिसके चलते वह डूबने लगा। जतिन को डूबता देख दोस्त भंवर सिंह 23 साल और ऋषि 26 साल उसे बचाने के लिए नदी में कूद गए, लेकिन जतिन को बचाने के प्रयास में वह भी डूबने लगे, इस दौरान शिप्रा के घाट पर पेट्रोलिंग कर रहे होमगार्ड, एसडीआरएफ जवानों ने उन्हें डूबता देख तो माखन परमार, शुभम शर्मा, सनी परमार, राहुल मंगलेश्वरी और राहुल परिहार ने बचाने के लिये नदी में छलांग लगा दी। सैनिको ने तीनों को 10 मिनट में ही बचाकर सुरक्षित बाहर निकाल लिया।

#### 24 घंटे 12 माह 30 से अधिक सैनिक ड्यूटी कर रहे

तीनों युवकों का कहना था कि उन्हें पता नहीं था की शिप्रा इतनी गहरी है। होमगार्ड डिस्ट्रिक्ट कमांडेंट संतोष कुमार जाट को जीवन बचाने वाले सैनिकों की जानकारी मिली तो उन्होंने प्रशंसा करते हुए पुरस्कृत करने की बात कही। कमांडेंट जाट ने बताया कि शिप्रा नदी के घाट पर लगातार तीन शिफ्ट में होमगार्ड और एसडीआरएफ के सैनिकों द्वारा पेट्रोलिंग की जा रही है। पहले भी हजारों श्रद्धालुओं की जान बचाने में सैनिक अपने कर्तव्य और भूमिका को पूरा कर चुके हैं। 24 घंटे 12 माह 30 से अधिक सैनिक शिप्रा नदी के रामघाट और दत्त अखाड़ा घाट के साथ आसपास के घाटों पर ड्यूटी कर रहे हैं, कुछ सैनिकों की तैनाती मंगलनाथ, त्रिवेणी शनि मंदिर सहित अन्य शिप्रा के घाटों पर की गई है। सैनिको को मोटर वोट के राहत बचाव के सभी उपकरण दिए गए हैं।

---

टीवी एक्ट्रेस की शिकायत पर

# इंदौर के शराब कारोबारी सूरज रजक के खिलाफ प्रकरण दर्ज

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

लसूडिया पुलिस के द्वारा टीवी एक्ट्रेस की शिकायत पर इंदौर के शराब कारोबारी सूरज रजक के खिलाफ जमीन पर कब्जा करने से संबंधित धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है। वहीं फरियादी टीवी एक्ट्रेस रेमन कक्कर के द्वारा पुलिस को शिकायत करते हुए बताया कि देवास नाका के निपानिया पर तकरीबन 300 करोड रुपए की जमीन उनकी और उनके परिवार की मौजूद है लेकिन उस जमीन पर शराब कारोबारी के द्वारा अवैध तरीके से कब्जा किए जाने के प्रयास किया जा रहे हैं। पूर्व में भी टीवी एक्ट्रेस रेमन कक्कर द्वारा पुलिस को शिकायत की गई थी लेकिन पुलिस ने जब पूरे मामले में किसी तरह की कोई कार्रवाई नहीं की तो उन्होंने मध्य प्रदेश के मुख्य सचिव को पूरे मामले की शिकायत की इसके बाद इस पूरे ही मामले में लसूडिया पुलिस ने शराब कारोबारी सूरज रजक के खिलाफ जमीन पर कब्जा करने सहित अन्य धाराओं में प्रकरण दर्ज कर पूरे मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है। बता दें शराब कारोबारी सूरज रजक इंदौर के एक वरिष्ठ भाजपा विधायक के काफी कट्टर समर्थक है जिसके चलते टीवी एक्ट्रेस की शिकायत करने के बाद भी लसूडिया पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं कि जब टीवी एक्ट्रेस ने पूरे मामले की शिकायत मुख्य सचिव को की तब इस पूरे मामले में लसुड़िया पुलिस ने आनन फाननमें नाम मात्र की धाराओं में प्रकरण दर्ज कर इतिश्री कर दी है।

---

# पुलिस महकमे में बड़ा फेरबदल कई थानों के बदले गए टीआई

## संतोष दूधी होंगे भंवरकुआं के नए टीआई

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

इंदौर पुलिस प्रशासन ने शहर की कानून व्यवस्था को और सुदृढ़ करने के लिए थाना प्रभारी स्तर के अधिकारियों के कार्यक्षेत्र में बड़ा बदलाव किया है। डीसीपी मुख्यालय द्वारा जारी आधिकारिक आदेश के तहत तीन महत्वपूर्ण थानों में नई नियुक्तियां की गई हैं, जबकि निवर्तमान प्रभारियों को क्राइम ब्रांच की जिम्मेदारी सौंपी गई है।



भंवरकुआं थाना यहाँ की कमान अब संतोष दूधी को सौंपी गई है। भंवरकुआं जैसे छात्र बहुल और संवेदनशील इलाके में उनकी नियुक्ति महत्वपूर्ण मानी जा रही है। वहीं हित गोपाल यादव को अन्नपूर्णा थाने का नया प्रभारी बनाया गया है पीएल शर्मा अब सदर बाजार थाने के नए टीआई होंगे। स्थानांतरण की इस प्रक्रिया में तीन अधिकारियों को थाने से हटाकर क्राइम ब्रांच की मुख्य धारा में जोड़ा गया है। भंवरकुआं से राजकुमार यादव को क्राइम ब्रांच भेजा गया है। अन्नपूर्णा से अजय नायर की रवानगी क्राइम ब्रांच हुई है। सदर बाजार से यशवंत बड़ोले को भी क्राइम ब्रांच की जिम्मेदारी दी गई है। डीसीपी मुख्यालय द्वारा जारी इन आदेशों को आगामी सुरक्षा व्यवस्था और अपराध नियंत्रण के लिहाज से अहम माना जा रहा है। सभी नवनियुक्त अधिकारियों को तत्काल पदभार ग्रहण करने के निर्देश दिए गए हैं।

---

पंचांग की गणना के अनुसार आठ साल बाद 2 मई से ज्येष्ठ अधिकमास का आरंभ होगा

# सिंहस्थ से पहले दिखेगा कुंभ जैसा नजारा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

पंचांग की गणना के अनुसार आठ साल बाद 2 मई से ज्येष्ठ अधिकमास का आरंभ होगा। पुरुषोत्तम मास में चौरासी महादेव, नौ नारायण व सप्त सागरों के दर्शन व पूजन की मान्यता है। इसके चलते देशभर से हजारों श्रद्धालु उज्जैन पहुंचेंगे।

धर्मधानी में सिंहस्थ से पहले महाकुंभ जैसा नजारा दिखाई देगा। हालांकि इन दिनों तीर्थों की हालत ठीक नहीं है। बता दें इससे पहले ज्येष्ठ अधिक मास का संयोग वर्ष 2018 में बना था। ज्योतिषाचार्य ने बताया ज्येष्ठ मास का आरंभ 2 मई को तथा समापन 29 जून को रहेगा। धार्मिक मान्यता के अनुसार 2 से 16 मई तक ज्येष्ठा मास का प्रथम कृष्ण पक्ष रहेगा। 17 मई से 15 जून



तक अधिकमास का पुण्य पर्वकाल रहेगा। इसी दौरान तीर्थाटन, स्नान,दान, कथा भागवत का श्रवण आदि का महत्व है। 16 से 29 जून तक ज्येष्ठा मास चौथा और आखिरी शुद्ध पखवाड़ा रहेगा। ज्योतिषाचार्य ने बताया हर बार ज्येष्ठ अधिक मास 32 महीने 16 दिन तथा चार घड़ी के बाद बनता है।

#### पुराणों में अधिक मास का महत्व

विष्णु धर्मेत्तर पुराण में अधिक मास का विशेष महत्व बनाया गया है। पुराण के अनुसार अधिक मास में गुरु दीक्षा लेना, इष्ट की आराधना करना, तीर्थ स्नान व दान पुण्य करना, भागवत कथा का श्रवण करना, भगवत भजन करना, तीर्थ पर कल्पवास करना चाहिए। अधिक मास में सबसे अधिक महत्व भगवान विष्णु की आराधना का बताया गया है। पुरुषोत्तम मास में भगवान विष्णु की आराधना करने से महापुण्य की प्राप्त होती है।

#### क्या है अधिक मास

अधिक मास का अर्थ है अतिरिक्त महीना, जो तिथियों की घट-बढ़ से बनता है। ज्योतिषाचार्य ने बताया भारतीय ज्योतिष शास्त्र में प्रत्येक माह में 15-15 दिन के दो पक्षकाल होते हैं। प्रथम 15 दिन कृष्ण पक्ष तथा दूसरे 15 दिन शुक्ल पक्ष कहलाते हैं। प्रतिदिन तिथियों का गणित घंटे, मिनट, घटी, पल, कला, विकला आदि की गणना पर निर्भर रहता है। साल भर में ऐसे कई दिन रहते हैं, जब तिथि घटती बढ़ती है। तिथियों की इन्हीं घट बढ़ से अधिक मास की संरचना होती है।

---

बड़ा गणपति चौराहे पर फ्लायओवर बनाने की योजना दो साल से चल रही, वर्कऑर्डर के बाद भी

# अब तक यूटिलिटी लाइनों की शिफ्टिंग का काम भी शुरू नहीं

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

बड़ा गणपति चौराहे पर फ्लायओवर बनाने का मामला दो साल से चल रहा है। वर्कऑर्डर के बाद भी अब तक यूटिलिटी लाइनों की शिफ्टिंग का काम ही शुरू नहीं हुआ है। लाइनों की शिफ्टिंग में ही एक साल लग जाएगा। उसके बाद कहीं फ्लायओवर निर्माण शुरू हो सकेगा।

बड़ा गणपति के साथ ही चंदन नगर ब्रिज की समीक्षा के लिए शनिवार को मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने अफसरों की बैठक ली। मंत्री ने साफ कहा कि काम समयबद्ध तरीके से पूरा होना चाहिए, क्योंकि पुल को सिंहस्थ से पहले तैयार करना है।



बड़ा गणपति फ्लायओवर को लेकर अफसरों ने कहा, ड्रेनेज और पानी की यूटिलिटी लाइनें चौराहे से गुजर रही हैं। इनमें एक लाइन अंतिम चौराहे की ओर से आ रही है। इन लाइनों को हटाकर नई लाइनें डालनी होंगी। 8 से 10 दिन में काम शुरू कर देंगे।

पूरा काम अंडरग्राउंड तरीके से किया जाएगा। बैठक में महापौर पुष्यमित्र भार्गव, निगमायुक्त क्षितिज सिंघल, आईडीए के सीईओ परीक्षित झाड़े, एमआईसी सदस्य राजेंद्र राठौर और मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन के अफसर मौजूद रहे।

**काम के दौरान ट्रैफिक की दिक्कत, वैकल्पिक मार्ग तैयार होंगे-** अफसरों ने बताया कि बड़ा गणपति चौराहे पर मेट्रो स्टेशन भी प्रस्तावित है। ऐसे में जब यहां ब्रिज और मेट्रो दोनों का काम चलेगा तो यातायात का दबाव काफी बढ़ेगा। इस पर पुलिस विभाग से वैकल्पिक ट्रैफिक प्लान तैयार करने को कहा गया। उन्होंने कहा कि कहां से ज्यादा ट्रैफिक इस रास्ते पर आता है तो बताया गया कि रामबाग और किला मैदान की तरफ से आने वाला भारी यातायात इसी मार्ग से गुजरता है। इसके लिए जिंसी और कंडीलपुरा को वैकल्पिक मार्ग के रूप में देखा गया, लेकिन दोनों ही सड़कें अभी संकरी हैं। इस पर विजयवर्गीय ने निर्देश दिए कि पहले इन मार्गों को दुरुस्त किया जाए, ताकि निर्माण के दौरान शहर को ट्रैफिक परेशानी न झेलनी पड़े।

#### सुस्त एजेंसियों पर सख्ती

काम में देरी करने वाली निर्माण एजेंसियों का मुद्दा भी उठा। एमआईसी सदस्य राजेंद्र राठौर ने कहा सड़कें बनाने वाली एजेंसियां समय पर काम नहीं कर रही हैं। कई बार जवाब मिलता है कि लेबर नहीं मिल रही। निगमायुक्त क्षितिज सिंघल ने भी माना कि कई बार निर्देश देने के बावजूद एजेंसियां समय सीमा में काम नहीं कर रही हैं। इस पर मंत्री ने कहा कि सोमवार को सभी एजेंसियों को बुलाकर स्पष्ट बात करें और जवाबदेही तय करें।

#### 1 एजेंसी के पास कई काम

बैठक में बड़ा गणपति पर यूटिलिटी लाइन शिफ्टिंग का काम लेने वाली एजेंसी पर भी सवाल उठे। बैठक में कहा गया कि वरुण जैन की कंपनी ने इस काम के साथ कई अन्य प्रोजेक्ट भी ले रखे हैं, ऐसे में एक ही एजेंसी इतने काम समय पर पूरे नहीं कर पाएगी। एजेंसी की ओर से बैठक में मौजूद प्रतिनिधि ने दावा किया कि सभी काम तय समय सीमा में पूरे किए जाएंगे।

#### चंदन नगर फ्लायओवर : 8 दिन में जारी होगा टेंडर

चंदन नगर फ्लायओवर प्रोजेक्ट पर भी चर्चा हुई। आईडीए की ओर से बताया गया कि इस प्रोजेक्ट के टेंडर 8 दिन में जारी कर दिए जाएंगे। आईडीए सीईओ ने कहा कि अगले डेढ़ महीने में वर्क ऑर्डर और एक साल में निर्माण पूरा करने का लक्ष्य है। हालांकि यहां भी निगम की ड्रेनेज और पानी की लाइनें निर्माण में बाधा बन रही हैं। बैठक में चंदन नगर से नगीन नगर तक जाने वाली सड़क पर भी चर्चा हुई।

## न्यूज कालम



## दांगीपुरा तक बन रही सीसी कांक्रीट रोड का निर्माण कार्य जोरों पर

**मंडलेश्वर।** ग्राम गुर्जरमोहन मेन रोड से दांगीपुरा तक बन रही सीसी कंक्रीट रोड का निर्माण कार्य इन दिनों तेजी से प्रगति पर है। मुख्यमंत्री अधोसंरचना योजना अंतर्गत मध्यप्रदेश शासन के ग्रामीण यांत्रिकी विभाग, महेश्वर द्वारा कराया जा रहा यह कार्य गुणवत्तापूर्ण ढंग से किया जा रहा है, जिससे ग्रामीणों में खुशी का माहौल है।ग्रामीणों द्वारा लंबे समय से सड़क निर्माण की मांग की जा रही थी। मांग को ध्यान में रखते हुए महेश्वर क्षेत्र के सनातनी विधायक राजकुमार मेव के अथक प्रयासों से 51.68 लाख रुपए की स्वीकृति प्राप्त होने के बाद यह महत्वपूर्ण कार्य शुरू किया गया। सड़क निर्माण से गुर्जरमोहन और दांगीपुरा के बीच आवागमन सुगम होगा तथा क्षेत्र के लोगों को बड़ी राहत मिलेगी।निर्माण कार्य की निगरानी ग्राम गुर्जरमोहन की सरपंच ममता यादव दांगी, वरिष्ठजन मुकेश भूरिया, शिवराम दांगी, राधु भाई, विक्रम भाई, ठेकेदार शंकर दांगी सहित अन्य ग्रामीणों द्वारा की जा रही है। ग्रामीणों ने बताया कि कार्य में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जा रहा है और निर्धारित मानकों के अनुरूप निर्माण किया जा रहा है।ग्रामीणों ने सड़क निर्माण को क्षेत्र के विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताते हुए जनप्रतिनिधियों और संबंधित विभाग का आभार व्यक्त किया है।

## डिस्ट्रिक्ट गवर्नर ला.अनिल खंडेलवाल को अवॉर्ड प्रदान किया



**सनावद।** लायंस क्लब्स इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 3233 जी- 1 की डिस्ट्रिक्ट कॉन्फ्रेंस कारवां इंदौर में आयोजित की गई। कॉन्फ्रेंस में लायंस क्लब सनावद स्नेह के सक्रिय एवं ऊजार्वान अध्यक्ष ला. भागचंद जैन को डिस्ट्रिक्ट गवर्नर ला.अनिल खंडेलवाल की भव्य एवं शानदार आधिकारिक यात्रा कराने के उपलक्ष्य में गरिमामयी अवॉर्ड प्रदान किया गया। इस दौरान निमाड़, मालवा,इंदौर क्षेत्र के 235 क्लब के लायन साथी बड़ी संख्या में उपस्थिति थे। इस अवसर पर डिस्ट्रिक्ट कॉर्डिनेटर एमजेएफ ला.अनीता जैन,लायंस क्लब सनावद स्नेह के सचिव ला. विपिन गुप्ता एवं डायरेक्टर ला.रेणुका गुप्ता भी उपस्थित थी।

## कर सलाहकार संघ, बुरहानपुर की नवीन कार्यकारिणी का गठन

**बुरहानपुर।** कर सलाहकार संघ, बुरहानपुर की नवीन कार्य कारिणी का गठन 1 अप्रैल 2026 से सर्वसम्मति से किया गया है। नवगठित कार्यकारिणी निम्नानुसार है– अध्यक्ष : एडवोकेट दीपक पटेल, उपाध्यक्ष : एडवोकेट भरत सुरतिया, सीए सुयश माहेश्वरी, सचिव : सीए अक्षय जैन, सह सचिव : एडवोकेट विजय नीलकंठ, एडवोकेट श्रीकांत कुलकर्णी, कोषाध्यक्ष : सीए वैभव दुबे, कार्यकारिणी सदस्य : कमलेश मुंशी, सीए गोपाल माहेश्वरी, हंस कुमार जैन, सुनील कक्कड़, सीए प्रशांत श्राफ, सीए पंकज सोमैया एवं चेतन यादव नवगठित कार्यकारिणी संघ के उद्देश्यों को आगे बढ़ाने तथा कर सलाहकारों के हितों की रक्षा एवं उनके व्यावसायिक विकास हेतु सतत प्रयासरत रहेगी।



## भाजपा स्थापना दिवस पर ग्रामीण जिला कार्यालय का होगा भूमि पूजन



**मनावर।** भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस अवसर पर ६ अप्रैल को भाजपा धार ग्रामीण जिला कार्यालय का भूमि पूजन का कार्यक्रम सुबह 10.30 बजे स्थानीय सिघाना रोड जाजमखेड़ी फाटा, हरी विलास होटल के पास होगा। इस अवसर पर प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव वर्चुअल माध्यम से शामिल होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल करेंगे। विशेष अतिथि केंद्रीय राज्य मंत्री श्रीमती सावित्री ठाकुर, धार जिला प्रभारी मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष इंदौर संभाग प्रभारी रणवीर सिंह रावत, जिला प्रभारी धार ग्रामीण राधेश्याम यादव, भाजपा धार ग्रामीण जिलाध्यक्ष चंचल पाटीदार, विधायक धरमपुरी कालू सिंह ठाकुर, जिला पंचायत अध्यक्ष धार सरदारसिंह मेडा उपस्थिति रहेंगे। भाजपा ग्रामीण धार जिलाध्यक्ष चंचल पाटीदार ने कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण कर व्यवस्था की जानकारी ली तथा बताया कि इस कार्यक्रम को ऐतिहासिक और भव्य यादगार बनाने के लिए ग्रामीण जिले से पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं सक्रिय सदस्य शामिल होंगे। कार्यक्रम को लेकर कार्यकताओं में खासा उत्साह और उमंग का माहौल है।

**वैष्णो देवी एवं हरिद्वार के लिए ट्रेन चलाने की मांग**

**रतलाम।** माता वैष्णो देवी के दर्शन के लिए हजारों यात्री प्रतिदिन यात्रा करते हैं रतलाम से केवल एक ही ट्रेन जम्मूतवी है जो कि प्रतिदिन रात्रि 7.45 बजे जाती है और इस ट्रेन के हालात यह है कि जनरल तो ठीक है स्लीपर डिब्बों में भी जगह नहीं मिलती

### खरगोन पुलिस की ऑपरेशन प्रहार के तहत बड़ी कार्यवाही :

## नशीले पाउडर तस्करों को सनावद पुलिस ने किया गिरफ्तार

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ सनावद




सनावद में अवैध मादक पदार्थ ब्राउन शुगर की तस्करी के मामले में शामिल कुल 3 आरोपियों को गिरफ्तार कर कार्यवाही करने में सफलता हासिल की गई है ।दिनांक 2 मार्च 2026 को थाना प्रभारी सनावद धर्मेन्द्र यादव के नेतृत्व में थाना सनावद की पुलिस टीम के द्वारा इन्दौर खण्डवा रोड सनावद पर अनाज मंडी सनावद क्षेत्र में आने-जाने वाले वाहनों की चेकिंग की जा रही थी । इसी दौरान बडवाह तरफ से एक लाल काले रंग की पल्सर मोटर सायकल पर सवार तीन व्यक्ति तेज गति से आते दिखाई दिए ।

पुलिस द्वारा चेकिंग हेतु रोकने का प्रयास करने पर दोनों व्यक्ति मोटरसाइकिल लेकर भागने लगे, जिससे संदेह होने पर पुलिस टीम द्वारा पीछा कर उन्हें पकड़ लिया गया रोके गए तीनों व्यक्तियों से उनका नाम पता पूछने पर उन्होंने अपने नाम नौशाद उर्फ राजा निवासी इस्लामपुरा चौराहा मस्जिद के पास सनावद, शहजाद निवासी बाहेती कालोनी सनावद एवं अफजल उर्फ अज्जू निवासी खरगोन रोड सनावद का होना बताया ।

पुलिस टीम के द्वारा मौजूद साक्षियों के समक्ष तीनों व्यक्तियों की तलाशी ली गई जिसमें नौशाद उर्फ राजा एवं अफजल उर्फ अज्जू के पेंट की जेब से प्लास्टिक की थैली मिली जिसमें पाउडर भरा होना पाया गया जिसके संबंध में दोनों संदेहीयो से पूछने पर उन्होंने पाउडर को ब्राउन शुगर होना बताया ।

पुलिस टीम के द्वारा नौशाद उर्फ राजा के पास मिली थैली का वजन करने पर 9 ग्राम 5 मिलीग्राम एवं अफजल उर्फ अज्जू के पास मिली थैली का वजन करने पर 4 ग्राम 36 मिलीग्राम ब्राउन शुगर होना पाई गई ।जिसे पुलिस टीम के द्वारा नियमानुसार विधिवत जप्त कर दोनों आरोपियों के विरुद्ध थाना सनावद पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया प्राथमिकी पूछताछ में दोनों ने उक्त मादक पदार्थ ब्राउन शुगर इंदौर के किसी व्यक्ति से लाना बताया है, पुलिस टीम के द्वारा आरोपियों का पुलिस रिमान्ड माननीय न्यायालय से प्राप्त कर कड़ी दर कड़ी अवैध मादक पदार्थों की तस्करी के नेटवर्क एवं अन्य सप्लायर के संबंध में विस्तृत पूछताछ की जाएगी । जिले में मादक पदार्थों के अवैध व्यापार में लिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध कठोर एवं निरंतर कार्रवाई जारी रहेगी।



## रोटरी के आगामी सत्र के अध्यक्ष मनोज वर्मा, सचिव श्याम दलाल होंगे

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ खंडवा

रोटरी क्लब खंडवा द्वारा सामाजिक गतिविधियों के अंतर्गत स्थायी सेवा प्रोजेक्ट पर विस्तृत चर्चा की गई. जो आगामी समय में शहर में देखने को मिलेंगे. मीडिया प्रभारी आशीष जायसवाल ने बताया अध्यक्ष सतनामसिंह होरा को अध्यक्षता में आगामी सत्र के अध्यक्ष और सचिव के लिए सर्वसम्मति से रोटेरियन मनोज वर्मा को अध्यक्ष मनोनीत किया गया. एवं रोटेरियन श्याम दलाल को सचिव पद हेतु चुना गया. इस अवसर पर रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3040 के सहायक मंडलाध्यक्ष रो. अभिषेक गुप्ता मौजूद रहे। उन्होंने रोटरी के नए पदाधिकारीयो को बधाई दी व आगामी 9 अप्रेल को मंडलाध्यक्ष रोटे. सुशील मल्होत्रा की आधिकारिक यात्रा हेतु सभी सदस्यों को तैयारी हेतु प्रेरित किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में रोटरी सदस्य मौजूद थे। जिसमें वरिष्ठ रोटे.जगदीश पालीवाल, प्रफुल्ल मंडलोई, सचिव मनोज वर्मा, श्याम दलाल, परमानंद तालनपुरे, मनोज शाह ,राजू भाई गुजराती उपस्थित थे।

## उद्योग मंत्रालय की पेपर मिल नेपा लिमिटेड के पुनरोत्थान को लेकर केंद्र स्तर पर गतिविधियां तेज

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ बुरहानपुर



एशिया के प्रमुख न्यूजप्रिंट उत्पादक संस्थान, केंद्रीय भारी उद्योग मंत्रालय की पेपर मिल नेपा लिमिटेड के पुनरोत्थान को लेकर केंद्र स्तर पर गतिविधियां तेज हो गई हैं। दिल्ली में प्रतिनिधिमंडल की सक्रिय पहल के चलते लंबे समय से लंबित मुद्दों पर सकारात्मक संकेत मिल रहे हैं।

सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल के नेतृत्व में नेपा ऑफिसर्स स्टाफ एसोसिएशन के अध्यक्ष महेंद्र केशरी, सचिव संजय पवार और संयुक्त सचिव देवेंद्र महोबे ने प्रतिनिधिमंडल के रूप में केंद्रीय स्तर पर कर्मचारियों के हितों और संस्थान के भविष्य को लेकर प्रभावी पैरवी की। इस दौरान केंद्रीय भारी उद्योग मंत्री से भेंट कर कर्मचारियों के लंबित वेतन भुगतान हेतु ? 33.54 करोड़ की स्वीकृत राशि जारी करने का आग्रह किया गया और इस संबंध में पत्र भी सौंपा गया।

नेपा लिमिटेड के मुद्दे को लेकर पुणे में भी सक्रिय पहल सामने आई। बुरहानपुर मूल की सामाजिक कार्यकर्ता प्रगति ताई चापोरकर शिरपुरकर ने पति विवेक शिरपुरकर, जो पुणे के प्रतिष्ठित आर्किटेक्ट हैं, के साथ रेजिडेंसी क्लब में केंद्रीय मंत्री रामदास आठवले से सौजन्य भेंट की। इस दौरान उन्होंने दिल्ली में दो दिन पूर्व नेपा लिमिटेड के प्रतिनिधि मंडल द्वारा उठाए गए मुद्दों, लंबित वेतन भुगतान की मांग और मंत्री स्तर पर हुए पत्राचार का उल्लेख करते हुए मामले के शीघ्र और सकारात्मक निराकरण का आग्रह किया हैं।

## सदभावना मंच ने माखन दादा को किये श्रद्धा सुमन अर्पित

**खंडवा।** सद्भावना सदस्यों व्दारा शनिवार को माली कुआं स्थित कार्यालय पर भारतीय आत्मा, राष्ट्रीय लेखक, कवि, पत्रकार और स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, पद्म भूषण से विभूषित कर्मवीर के संस्थापक पंडित स्वर्गीय माखनलाल चतुवेर्दी की जन्मदिवस पर मंच संस्थापक प्रमोद जैन की अध्यक्षता में पुष्पांजलि अर्पित की गयी। यह जानकारी देते हुए मंच प्रवक्ता निर्मल मंगवानी ने बताया कि इस मौके पर संस्थापक प्रमोद जैन ने कहा कि आज हम संकल्प लें की माखन दादा के बताए रास्ते पर चलकर हमें शताब्दी की ओर बढ़ती लोकतांत्रिक आजादी की बुनियाद को मजबूती प्रदान करना है। खंडवा नगर के लिए यह सौभाग्य की बात है कि यह माखन दादा जैसी शख्सियत की कर्मवीर भूमि रही है। आयोजन के दौरान मंच संस्थापक प्रमोद जैन, डॉ. जगदीशचंद्र चौरे, पूर्व डीएसपी आनंद पाल तोमर, देवेंद्र जैन, गणेश भावसार, राधेश्याम शाक्य, ललित चौरे, मुरली कोडवानी, निर्मल मंगवानी, एनके दवे, त्रिलोक चौधरी, अनूप शर्मा, ओम पिल्ले, रजत सोहनी, कैलाश पटेल, सुभाष मीणा आदि सहित बड़ी संख्या में मंच सदस्यों ने उपस्थित होकर अपने विचार व्यक्त कर पुष्पांजलि अर्पित की।

## किसान भाई नरवाई ना जलावें

**रतलाम।** उप संचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास आर के सिंह ने बताया कि जिले में नरवाई जलाने को लेकर कलेक्टर श्रीमती मिशा सिंह द्वारा जारी प्रतिबंधात्मक आदेश एवं कृषि एवं कृषि अभियांत्रिकी विभाग के निदेर्शानुसार सांझा रूप से आयोजित यंत्रों के प्रदर्शन एवं व्यापक प्रचार प्रसार के फलस्वरुप जिले के कृषको को नरवाई जलाने के बजाय नरवाई के प्रबंधन की आधुनिक तकनीकों की जानकारी दी जा रही है एवं अपनाने की अपील की जा रही है। किसान भाई नरवाई ना जलाकर जैविक खेती की ओर बढ़ रहे हैं। नरवाई प्रबंधन में उपयोगी कृषि यंत्रों जैसे स्ट्रा रीपर, मल्चर, देशी पाटा, रोटावेटर एवं रिवर्सिबल प्लाऊ की बढ़ती बिक्री इस बात का संकेत है कि किसान नरवाई प्रबंधन की ओर अग्रसर हो रहे हैं।

## राज्यपाल ने टंट्या मामा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ खंडवा





पंधाना विधानसभा क्षेत्र के बड़ोदा अहीर गांव में अमर शहीद, जननायक टंट्या भील की जन्मजयंती पर आयोजित भव्य कार्यक्रम इतिहास के स्वर्णिम पलों में दर्ज हो गया। मध्यप्रदेश के महामहिम और जनसभा को संबोधित करते हुए जनजातीय समाज के गौरव को नई ऊंचाई दी।

**टंट्या मामा केवल नाम नहीं, एक प्रेरणा हैं — राज्यपाल**

अपने ओजस्वी संबोधन में राज्यपाल ने कहा कि टंट्या मामा केवल एक योद्धा नहीं, बल्कि जनजातीय अस्मिता, साहस और स्वतंत्रता संग्राम के जीवंत प्रतीक हैं। उन्होंने युवाओं और विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे उनके जीवन संघर्ष को पढ़ें और समझें कि किस प्रकार एक साधारण गांव से निकलकर उन्होंने अंग्रेजों के खिलाफ लड़ते हुए पूरे देश में अपनी अमिट पहचान बनाई।

समाजसेवी सुनील जैन ने बताया की आयोजीत कार्यक्रम मे राज्यपालजी के साथ इस अवसर पर जनजातीय कार्य मंत्री डॉ. विजय शाह, संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी, खरगोन सांसद गजेंद्र सिंह पटेल, खंडवा सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल, पंधाना विधायक छाया मोरे, खंडवा विधायक कंचन तनवे, मांधाता विधायक नारायण पटेल,जिला पंचायत अध्यक्ष पींकी सुदेश वानखेडे, महापौर अमृता अमर यादव, कलेक्टर ऋषव गुप्ता, डीआईजी मनोज राय सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। पूरा क्षेत्र जनजातीय गौरव और उत्साह से सराबोर नजर आया।

स्वागत भाषण में विधायक छाया मोरे ने टंट्या मामा के जीवन चरित्र को भावपूर्ण तरीके से प्रस्तुत किया। इस दौरान मंत्री डॉ. विजय शाह ने जन्मस्थली पर स्मारक परिसर के बाहर 50 लाख रुपये की लागत से स्थायी शेड निर्माण की घोषणा की। साथ ही हर वर्ष टंट्या मामा की जयंती पर तीन दिवसीय भव्य महोत्सव आयोजित करने का ऐलान किया गया, जिसे संस्कृति और जनजातीय कार्य मंत्रालय संयुक्त रूप से आयोजित करेंगे।

विधायक छाया मोरे के प्रयासों से संभव हुआ दौराज्

राज्यपाल मंगू भाई पटेल ने अपने उद्बोधन में विधायक छाया मोरे की विशेष सराहना करते हुए कहा कि उनके सतत प्रयासों और आग्रह के कारण ही उन्हें इस पावन जन्मस्थली पर आने का अवसर प्राप्त हुआ। उन्होंने इसे अपने लिए सौभाग्य बताया।

## श्री पूज्य सिंधी पंचायत की एक विशिष्ट महत्वपूर्ण कार्यसमिति बैठक सिंधु भवन सभागृह में रखी गई

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ खंडवा

श्री पूज्य सिंधी पंचायत की एक विशिष्ट महत्वपूर्ण कार्यसमिति बैठक नवनिर्मित सिंधु भवन सभागृह में रखी गई,जिसमें सिंधु भवन के निर्माण कार्य को विस्तार एवं गति देने हेतु आगामी एक वर्ष तक के लिए मेठाराम पिंजानी का नाम अध्यक्ष पद हेतु अनिल आरतानी ने रखा, जिस पर सभी उपस्थित सदस्यों ने अपनी सहमति प्रदान की।

अध्यक्ष मेठाराम पिंजानी ने मोहन दीवान को कार्यवाहक अध्यक्ष घोषित किया, वहीं शेष कार्यकारिणी के पदों पर इस प्रकार मनोनयन किया गया। इसमें उपाध्यक्ष अशोक नावानी,मुकेश चंचलानी, राजेश परचानी,सचिव श्याम हेमवानी,सह सचिव किशोर लालवानी और महेश चंदवानी, कोषाध्यक्ष मनोहरलाल संतवानी, ऑडिटर किशनचंद कोटवानी,संरक्षक सुंदरदास फतवानी,गोपालदास पमनानी और डॉक्टर जी एल हिंदूजा,विशेष सलाहकार नरेंद्र कुमार लधानी,अनिल कुमार आरतानी और घनश्यामदास संतवानी बनाए गए, वहीं प्रवक्ता कमल नागपाल को बनाया गया। ताराचंद जेठवानी,शत्रुघ्न वासवानी,राजेश वाधवा, राम वासवानी,मनोज गेलानी, कमलेश पमनानी, जयपाल लालवानी,लक्ष्मणदास नचनानी, संजय सभनानी, मूलचंद फतवानी,साधु लखानी,राजू तीथार्नी, द्वारका मोहनानी,चंद्रलाल वाधवा, घनश्याम वाधवा, दीपू सीतलानी,शेखर चंदवानी सहयोगी सदस्य मनोनीत किए गए।

खंडवा जिला अधिवक्ता संघ खंडवा के तत्वाधान में विगत तीन दिन से एसएन कॉलेज ग्राउंड पर चल रहे अधिवक्ताओं के क्रिकेट टूनार्मेंट में चार ग्रुप बनाए गए हैं प्रत्येक रूप में तीन-तीन टीमें रखी गई है जिनके मध्य लिंग मैच के माध्यम से टॉप पर रही चार टीम सेमीफायनल में प्रवेश कर गयी है।

## 11 अप्रैल को होगा वार्षिक सम्मेलन

**रतलाम।** प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन (म.प्र.) जिला रतलाम द्वारा २२वां वार्षिक पेंशनर्स मिलन/मैत्री जिला सम्मेलन एवं साधारण सभा का आयोजन 11 अप्रैल 2026, शनिवार को किया जाएगा। सम्मेलन का आयोजन प्रातः 10.30 बजे से कृष्ण-भवन, बरबड़ हनुमान मंदिर, सैलाना रोड, रतलाम में होगा। सम्मेलन के मुख्य अतिथि प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन भोपाल के प्रांतीय अध्यक्ष ओमप्रकाश बुधोलिया रहेंगे।

## आठवां वेतन आयोग में कर्मचारी संगठनों से सुझाव मांगे

**रतलाम।** केंद्रीय कर्मचारियों के लिए प्रस्तावित आठवें वेतन आयोग को लेकर एनसीसीपीए, जेसीएम और वेतन आयोग के बीच चर्चा जारी है। कर्मचारी संगठनों की ओर से 18 महत्वपूर्ण मुद्दों पर अपना पक्ष और जवाब प्रस्तुत किया गया है। खास बात यह है कि अब तक के वेतन आयोगों के इतिहास में पहली बार सरकार द्वारा कर्मचारियों और पेंशनरों से सीधे सुझाव और मेमोरेंडम आमंत्रित किए गए हैं। इसके लिए 30 अप्रैल तक की समय-सीमा निर्धारित की गई है।जानकारी के अनुसार, सरकार द्वारा कैबिनेट स्तर पर भी यह संकेत दिए गए हैं कि आठवां वेतन आयोग 1 जनवरी 2026 से लागू किया जाएगा।

## खण्डवा पहुंचे जीतू पटवारी ने महंगाई, बेरोजगारी और किसानों के मुद्दे उठाये

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ खंडवा



मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी शनिवार को अल्प प्रवास पर खंडवा पहुंचे, खण्डवा जिले के देशगांव,छैगांवमाखन सहित रास्ते मे कई जगह कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जीतू पटवारी का जोरशोर से स्वागत किया खण्डवा पहुचने सर्वप्रथम जिला अस्पताल के सामने स्थित बाबा भीमराव अंबेडकर जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया जहां पर अनुसूचित जन जाति विभाग के राहुल वाघ मित्र मंडल द्वारा स्वागत किया गया, जहां से निकाल कर केवल राम पेट्रोल पंप पर जिला कांग्रेस कमेटी (शहर)परिवार जोरदार स्वागत किया गया।

जहां पर उन्होंने मीडिया से चर्चा करते हुए प्रदेश सरकार पर जमकर निशाना साधा।मीडिया से बातचीत के दौरान पटवारी ने प्रदेश सरकार की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए कई गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि प्रदेश में आम जनता, किसान और युवा वर्ग लगातार परेशान हैं, लेकिन सरकार उनकी समस्याओं के समाधान के प्रति गंभीर नहीं है।

उन्होंने महंगाई, बेरोजगारी और बिजली जैसी मूलभूत समस्याओं को लेकर सरकार को घेरते हुए कहा कि प्रदेश में व्यवस्थाएं लगातार बिगड़ती जा रही हैं। पटवारी ने आरोप लगाया कि सरकार केवल घोषणाएं कर रही है, जबकि जमीनी स्तर पर हालात ठीक नहीं हैं। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने जल्द ही जनसमस्याओं का समाधान नहीं किया तो कांग्रेस पार्टी प्रदेशभर में आंदोलन को तेज करेगी। उन्होंने कार्यकताओं से आह्वान किया कि वे जनता के बीच जाकर उनकी आवाज को मजबूती से उठाएं।जीतू पटवारी ने कहा कि सरकार किसानों से गेहूं नहीं खरीद रही है तारीख को बढ़ाते जा रही है, यह किसानों के साथ षड्यंत्र है किसानों के आखों में मिर्ची झोंकी जा रही है,की आप आपका अनाज व्यापारियों को सस्ते में बेच दो यह षड्यंत्र किया गया है इसके खिलाफ कांग्रेस पार्टी ९ अप्रैल को सम्पूर्ण प्रदेश में एक साथ जिला कलेक्टर कार्यालयों का घेराव करेंगी और किसानों के हित और अधिकारों की रक्षा करेंगी।

जिला कांग्रेस प्रवक्ता प्रेमांशु जैन ने बताया कि खण्डवा में गरीबों के मकान तोड़े जाने को लेकर पटवारी जी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का एक चेहरा गरीब विरोधी सामने आया है, पीड़ित परिवारों के सदस्यों से में आग्रह करना चाहता हूं कि यह सरकार गरीबों की है ही नहीं, सरकार अमीरों की सरकार है।

## न्यूज -कॉलम

### आदेश का उल्लंघन करते मिला जिलाबदर बदमाश



**उज्जैन।** अपराधिक गतिविधियों में शामिल बदमाश मेहरबान पिता बापू बागरी 43 साल निवासी नयापुरा नरवर को जिलाधीश के आदेश पर 6 माह के लिये जिले की सीमा से बाहर किया गया था। पुलिस ने बदमाश ने आदेश का नोटिस तामिल कराकर उसे जिले की सीमा से बाहर छोड़ दिया था। 4 माह बाद बदमाश शनिवार-रविवार रात नरवर थाना क्षेत्र में घूम रहा था। जिलाबदर बदमाश की खबर मिलते थाना प्रभारी बल्लू मंडलोई, एएसआई लोकेन्द्रसिंह जादौन, खलील खान, आरक्षक जीवन चौधरी और तुलसीराम पटेल ने नयापुरा पहुंचकर घेराबंदी की और बदमाश को उसके निवास स्थान के पास से गिरफ्तार कर लिया। थाना प्रभारी ने बताया कि बदमाश के खिलाफ धारा 14 मध्यप्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनिमय का मामला दर्ज कर रविवार को कोर्ट में पेश कर जेल भेजा गया है।

### म्युल अकाउंट धारक से पुलिस रिमांड पर पूछताछ

**उज्जैन।** माधवनगर थाना पुलिस ने 1 अप्रैल को वरूचि मार्ग स्थित भारतीय स्टेट बैंक शाखा में महानंदानगर के रहने वाले छायेश सेन के नाम से म्युल अकाउंट की जानकारी होने पर प्रकरण दर्ज किया था। छायेश के खाते में 1 जनवरी 2024 से 31 दिसंबर 2025 तक 67.64 लाख से अधिक का ट्रांजेक्शन होना पाया गया। मामले की जांच करने पर पता चला कि उक्त आकाउंट को दानू उर्फ अरमान और राहुल कुमार मालवीय द्वारा संचालित किया जा रहा था। छायेश ने अपनी चैक बुक, एटीएम भी दोनों को दे रखा था। उक्त मामले में छायेश सेन को गिरफ्तार कर रविवार को कोर्ट में पेश किया गया। जहां से 2 दिनों की पुलिस रिमांड पर लिया गया है। थाना प्रभारी राकेश भारती ने बताया कि आरोपी से पूछताछ कर राहुल और दानू उर्फ अरमान की जानकारी जुटाई जा रही है। जिनके गिरफ्त में आने पर मामले में कई खुलासे हो सकते है।

### दुर्घटना में घायल की पांच माह बाद मौत

**उज्जैन।** राघवी थाना क्षेत्र में पांच माह पहले बाइक सवार ने तूफान पिता पर्वतसिंह 50 साल को टक्कर मार दी थी। गंभीर घायल होने पर तूफान को उपचार के लिये अस्पताल में भर्ती कराया गया। 2 माह तक चले उपचार के बाद डॉक्टरों ने उसे छुट्टी दे दी थी। तूफान चलने-फिरने में असमर्थ हो चुका था, वह बिस्तर पर ही रहता था। कुछ दिन पहले उसकी तबीयत ज्यादा बिगड़ने पर परिजन दोबारा अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां शनिवार-रविवार रात उसकी मौत हो गई। कोतवाली थाना पुलिस को घायल की मौत होने सूचना चरक अस्पताल से मिली तो मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम कराया। प्रधान आरक्षक प्रवीण चौहान ने बताया कि मामला राघवी क्षेत्र का होने पर मर्ग डायरी जांच के लिये भेजी जायेगी।

### चालक की आटो में मिली लाश, मामला संदिग्ध

**उज्जैन।** चालक की उसकी ही आटो में लाश मिलने का मामला सामने आया है। चिमनगंज थाना क्षेत्र के आगररोड पर शराब दुकान के पास से शव मिलने पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। मृतक चालक गांधीनगर का रहने वाला राजेश पिता बालमुकुंद सिसौदिया था। भाई मोहनसिंह ने बताया कि सूचना मिलने पर घटनास्थल पहुंचे थे। इस दौरान हाथ झुलसे और शरीर पर कुछ चोंट के निशान भी प्रतीत हो रहे थे। राजेश एक दिन पहले रिक्शा लेकर निकला था, जिसके बाद नहीं लौटा था। राजेश 3 बच्चों का पिता था। भाई ने आशंका जताई कि राजेश के साथ अनहोनी हुई है। पुलिस के अनुसार फिलहाल मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम कराया गया। रिपोर्ट आने पर मौत की वजह स्पष्ट हो जायेगी। वैसे मामला बीमारी के चलते मौत होने का लग रहा है।

### आटो चालक ने मारी टक्कर क्षतिग्रस्त हुई ई-रिक्शा

**उज्जैन।** देवासगेट थाना क्षेत्र के फ्रीगंज ब्रिज पेट्रोल के सामने आटो चालक ने ई-रिक्शा क्रमांक एमपी 13 झेड एक्स 7239 को साइड से टक्कर मार दी। घटनाक्रम में रिक्शा का टायर फूट गया और डिस्क टूट गई। आटो चालक मौके से भाग निकला। रिक्शा में काफी नुकसान होने पर चालक अर्जुन पिता पप्पू बागवान निवासी ग्राम चंदेसरी नागझिरी देवासगेट थाने पहुंचा और मामले की शिकायत दर्ज कराई। चालक अर्जुन ने पुलिस को टक्कर मारने वाली आटो का नम्बर एमपी 13 आर 1179 बताया। पुलिस ने घटनास्थल जाकर जांच की और मामले में आटो चालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया। नम्बर के आधार पर आटो चालक की तलाश की जा रही है।

## पुलिस गिरफ्त में आये युवक के पास मिली 36.58 ग्राम एमडी...

# रतलाम से लाकर बड़नगर में ठिकाने लगाता था ड्रग्स

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

मादक पदार्थ के अवैध कारोबार को लेकर चलाये जा रहे अभियान में बड़नगर थाना पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार कर 36.58 ग्राम एमडी ड्रग्स बरामद की है। युवक रतलाम से लाकर बड़गर में बेचने का काम करता था। जिसे रिमांड पर लेकर पूछताछ की जा रही है।

बड़नगर थाना प्रभारी अशोक कुमार पाटीदार ने बताया कि मुखबीर से सूचना मिली थी कि एक युवक यात्री प्रतिक्षालय रूनिजा ब्रिज के पास खड़ा है। जिसके पास मादक पदार्थ है। तत्काल एसआई सुरेन्द्र गरवाल, प्रधान आरक्षक राहुलसिंह राठौर, हेमराज खरे, आरक्षक महेश मोर्य के साथ युवक को पकड़ने के लिये घेराबंदी की गई। पुलिस को देख युवक ने भागने का प्रयास किया, जिसे पीछा कर पकड़ा गया और तलाशी ली गई। उसके पास से प्लास्टिक की थैली में भरा भूरे रंग का मादक पदार्थ बरामद हो गया। जो एमडी ड्रग्स था, युवक से पूछताछ करने पर उसने अपना नाम शेरू पिता इफ्तकार हुसैन 25 साल निवासी नटराज टॉकिज बड़नगर होना बताया। उसके पास से 1 लाख कीमत की 36.58 ग्राम ड्रग्स बरामद होने पर एनडीपीएस एक्ट का प्रकरण दर्ज किया गया।



रविवार को न्यायालय में पेश कर 2 दिनों की रिमांड पर लिया गया है। प्रारंभिक पूछताछ में सामने आया कि वह फर्नीचर बनाने का काम करता है और एमडी ड्रग्स रतलाम से लेकर आता है। उसे जीजा नामक व्यक्ति ड्रग्स उपलब्ध करता है। वह पूर्व में भी एक बार रतलाम से ड्रग्स ला चुका है, जिसे नशा करने वालों को बेचता है। थाना प्रभारी के अनुसार एमडी ड्रग्स उपलब्ध कराने वाले और खरीदने वालों की तलाश शुरू की गई है। एक टीम रतलाम भेजी जायेगी। संभावना है कि मादक पदार्थ के अवैध कारोबार से जुड़े कई लोगों की जानकारी सामने आ सकती है।

### अब तक 15 लाख का मादक पदार्थ जप्त

पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर उज्जैन जिले में 1 से 10 अप्रैल तक अवैध मादक पदार्थ के कारोबार में लिफ्त लोगों की धरपकड़ का अभियान शुरू किया गया है। जिसके शुरूआती 5 दिनों में बड़नगर, भाटपचलाना, चिमनगंज, नीलगंगा पुलिस द्वारा 75 किलो केमिकल क्रिस्टल, 1.840 ग्राम गांजा और 37 ग्राम के लगभग एमडी ड्रग्स बरामद किया जा चुका है। जिसकी कीमत 15 लाख से अधिक है। चार थाना पुलिस ने 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जिनसे रिमांड पर पूछताछ जारी है।

### इधर पार्किंग में खडे युवक के पास मिली ड्रग्स



मादक पदार्थ को लेकर चलाये जा रहे अभियान में नीलगंगा थाना पुलिस ने वजीर पार्क कालोनी में रहने वाले आमिर पिता शाहिद खान 27 साल को 15 ग्राम एमडी ड्रग्स के साथ गिरफ्तार किया। थाना प्रभारी तरूण कुरील ने बताया कि रविवार को सूचना मिली थी कि वाकणकर ब्रिज के पास पार्किंग में खड़े युवक के पास मादक पदार्थ है। जिसे पकड़ने के लिये एसआई वेदप्रकाश साहू, आरक्षक पुष्पराजसिंह, अंकित चौहान और योगेश शर्मा को रवाना किया गया था। आमिर को रिमांड पर लेकर पूछताछ की जा रही है। उससे जुड़े कुछ लोगों की जानकारी सामने आई है। जिनकी गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे है।

## सीसीटीवी में दिखा घटनाक्रम, आरोपी की तलाश में दबिश...

# पुराने विवाद में युवक की चाकू घोंपकर हत्या

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

पुराने विवाद में रविवार शाम बदमाश ने युवक की सीने में चाकू घोंपकर हत्या कर दी। घायल को एक युवक अस्पताल लेकर पहुंचा, लेकिन डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस को घटनास्थल से सीसीटीवी फुटेज मिला है। जिसमें बदमाश हमला करता दिखाई दे रहा है। बदमाश की तलाश में उसके ठिकानों पर दबिश दी जा रही है।

मामला चिमनगंज थाना क्षेत्र की उद्योगपुरी क्षेत्र का है। जहां ढांचा भवन में रहने वाले केवल उर्फ केके पिता राजेन्द्र श्रीवास्तव 35 साल की शाम 4 बजे चाकू घोंपकर हत्या कर दी गई। केवल को घायल हालत में देख कारखाने में काम करने वाला योगेश चरक अस्पताल लेकर पहुंचा। डॉक्टरों ने परीक्षण के दौरान सीने में चाकू का गहरा घाव होना पाया। मामले की सूचना मिलते ही चिमनगंज थाना पुलिस अस्पताल पहुंची। मृतक के परिजन से चर्चा की और घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज देखे गये। जिसमें बदमाश चाकू से हमला करता दिखाई दिया। बदमाश की पहचान करने पर सामने आया कि बहादूरगंज क्षेत्र का रहने वाला शेखर टंटा है। थाना प्रभारी गजेन्द्र पचौरिया ने बताया कि योगेश की शिकायत पर मामले में हत्या का प्रकरण दर्ज कर एक टीम आरोपी की तलाश में रवाना की गई है। संभावना है कि जल्द उसे गिरफ्तार कर लिया जायेगा।

### 2 दिन पहले हुआ था विवाद

बताया जा रहा है कि मृतक और आरोपी के बीच 2 दिन पहले विवाद हुआ था। दोनों नशा करने के आदी है। पुराने विवाद में ही शेखर ने उद्योगपुरी में घूम रहे केके पर अचानक आकर चाकू से सीने पर वार किया था। थाना प्रभारी के अनुसार मृतक के खिलाफ 10 से 11 अपराधिक मामले दर्ज है। वहीं जानकारी सामने आई है कि चाकू मारने वाले के खिलाफ भी डेढ़ दर्जन के लगभग अपराध अलग-अलग थानों में दर्ज है।



### बुधवार-गुरूवार रात हुई थी हत्या

चिमनगंज थाना क्षेत्र में बुधवार-गुरूवार रात भी हत्या का मामला सामने आया था। लिफ्ट मांगने की बात पर हुए विवाद में बेगमबाग कालोनी के रहने वाले भूरू उर्फ आरिफ की बाइक सवार 3 युवकों मोनू उर्फ दीपांशु बुंदेला शिवशक्तिनगर, लक्की और रेहान निवासी गांधी नगर ने चाकू से हमला कर हत्या कर दी थी। पुलिस ने चंद घंटों में मोनू उर्फ दीपांशु को गिरफ्तार कर लिया था। जिसे 2 दिन की रिमांड के बाद रविवार को जेल भेजा गया। हत्या में शामिल रेहान और लक्की रविवार देर शाम तक पुलिस की हिरासत में नहीं आ पाये थे।

## मामला सिंथेटिक्स एमडीएमए ड्रग्स बनाने का

# मिल्कीपुरा के युवक की तलाश, 7 तक रिमांड पर 2 आरोपी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

सिंथेटिक्स ड्रग्स बनाने के लिये ब्रोनोपोल एवं 2-ब्रोमो-4-मिथाइल प्रोपियोफिनोन जैसे घातक केमिकल के मामले में मिल्कीपुरा के युवक का नाम सामने आया है। पुलिस अब उसकी तलाश कर रही है। वहीं मामले में गिरफ्तार किये गये 2 आरोपियों को रविवार दोपहर कोर्ट में पेश कर 7 अप्रैल तक रिमांड पर लिया गया है। एक आरोपी पहले ही 5 दिनों की रिमांड लिया जा चुका था।

चिमनगंज थाना पुलिस ने क्राइम और सायबर टीम के साथ मिलकर आगररोड स्थित कृष्णा मोटर्स गैरेज से सिंथेटिक्स ड्रग्स बनाने का 75 किलो घातक केमिकल बरामद किया था। 3 आरोपितों अर्पित उर्फ सौरभ गुप्ता निवासी तिरुपतिधाम एक्सेंशन, रंजीत पिता करन सिंह निवासी गरोठ जिला मंदसौर और ओमप्रकाश पिता घनश्याम शर्मा निवासी बड़ौद जिला आगर मालवा को गिरफ्तार किया था। अर्पित को शनिवार दोपहर कोर्ट में पेश कर पांच दिनों की रिमांड पर लिया गया है। वहीं रविवार को रंजीत और ओमप्रकाश को कोर्ट में पेश किया गया। जहां से 7 अप्रैल तक रिमांड पर लिया गया। बताया जा रहा है कि अब तक की पूछताछ में मिल्कीपुरा के एक युवक का नाम ओर सामने आया है, जो अर्पित के संपर्क में था। उक्त युवक का झालावाड़ में संपर्क है। जहां घातक केमिकल सिंथेटिक्स ड्रग्स बनाने के लिये ठिकाने लगाया जाता था। पुलिस इस बात का पता भी लगा रही है कि तीनों आरोपितों के तार किन-किन लोगों से जुडे है। संभावना है कि आरोपियों की संख्या बढ़ सकती है।

## रंजीश में पड़ोसी ने रिक्शा में लगाई आग

**उज्जैन।** रंजीश में शनिवार-रविवार रात 2 बजे पडोसी ने घर के बाहर खडी रिक्शा में आ लगा दी। चालक बाहर आता उससे पहले पडोसी भाग निकला। रिक्शा में लगी आग को बुझाया जाता उससे पहले पूरी जल चुकी थी।

मामला नागझिरी थाना क्षेत्र के मालनवासा है। यहां रहने वाले कमल परमार ने पांच माह पहले ई-रिक्शा खरीदा था। रात में उसने रिक्शा घर के बाहर खडा किया था। कमल मोबाइल पर फिल्म देख रहा था उसी दौरान 2 बजे के लगभग उसने खिडकी से रिक्शा जलती देखी। वह तुरंत बाहर आया तो पडोस में रहने वाला सोनू राठौर भागता दिखाई दिया। कमल ने परिवार को जगाया और रिक्शा की आग बुझाई। लेकिन पिछला हिस्सा पूरी तरह जल चुका था। कमल ने बताया कि सोनू से उसका पुराना विवाद है। इसी रंजीश में उसने रिक्शा में आग लगाई है। जब वह बाहर आया तो सोनू भाग रहा था। रिक्शा में हुई आगजनी का मामला नागझिरी थाना पुलिस ने जांच में लिया है।

**The Court Of II Additional Judge to 1 Civil Judge Class-1, Teh Nagda District Court, Ujjain**

Presiding Officer: **श्रीमती सौम्या विजयवर्गीय**

**आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम**

**सक्सेशन प्रकरण क्रमांक (MJC SUC/0000002/2026)**

**फकीर मोहम्मद.......... आवेदक**

**विरुद्ध**

**सर्वसाधारण.............. अनावेदक**

**Process Id-/2026**

**पेशी दिनांक 09/05/2026**

प्रेषिती (1) सर्वसाधारण

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक फकीर मोहम्मद पिता अब्दुल हमीद जाति शेख मुसलमान निवासी 506 गली नंबर 03 जबरन कालोनी नागदा जिला उज्जैन मध्य प्रदेश द्वारा उनके पिता अब्दुल हमीद पिता नासिर शेख के नाम से कर्मचारी भविष्य निधि संगठन कार्यालय भरतपुरी उज्जैन में जमा पेंशन राशि 132300/- अक्षरी एक लाख बत्तीस हजार तीन सौ रुपये के संबंध में राशि। संपत्ति हेतु उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक संरक्षक नियुक्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिये इस न्यायालय में आवेदन किया है जिसकी सुनवाई दिनांक 09/05/2026 को नियत है। यदि किसी व्यक्ति को उक्त प्रकरण में आवेदक को उक्त मृतक का उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक संरक्षक होने सम्बन्धी प्रमाण पत्र जारी किये जाने में कोई आपत्ति हो अथवा उक्त प्रकरण में वह अपना हक समझता हो तो पेशी दिनांक 09 मई 2026 को न्यायालय में स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित रहें। सूचना उपरांत, यदि अनुपस्थित रहे तो प्रकरण की सुनवायी एक पक्षीय की जाकर प्रकरण का निराकरण किया जावेगा। तारीख 31मार्च 2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है। 1. यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो अगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

**न्यायालय की मुद्रा** **न्यायाधीश**

**सौम्या विजयवर्गीय**

**व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खंड के न्यायालय के**

**द्वितीय अतिरिक्त न्यायाधीश नागदा जिला उज्जैन**

### बीमारी से परेशान बुजुर्ग ने लगाई फांसी

**उज्जैन।** लम्बे समय से बीमार चल रहे बुजुर्ग ने शनिवार-रविवार रात घर में फांसी लगा ली। सुबह कमरे से बाहर नहीं आने पर पुत्र पहुंचा तो उसने पिता को फंदे पर लटका देखा। इंगोरिया थाना पुलिस को रविवार सुबह खबर मिली की कस्बे में रहने वाले बाबूलाल नायक 55 साल का घर में फांसी के फंदे पर लटका हुआ है। पुलिस घटनास्थल पहुंची और शव को फंदे से उतारा। परिजनों से बताया कि पुत्र दीपक जब कमरे में पहुंचा तो उसने पिता को देखा। बाबूलाल लम्बे समय से बीमार चल रहे थे। उन्हे कैंसर था। संभवत: इसी के चलते रात में आत्मघाती कदम उठाया है। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर जांच में लिया है।

## पुलिस तलाश में निकली तो लौट आया रिक्शा चालक

### महाकाल दर्शन करने आई महिला का छूटा था पर्स

**उज्जैन।** महाकाल दर्शन करने आई महिला का रिक्शा में पर्स छूट गया। मामला पुलिस के पास पहुंचा तो तलाश शुरू की गई, कुछ देर बाद रिक्शा चालक लौट आया और पर्स पुलिस को सौंप दिया।



इंदौर की रहने वाली मोना पति नितिन साहू धार्मिक यात्रा पर निकली थी। वह सांवरिया सेठ से दर्शन कर शनिवार को उज्जैन महाकाल दर्शन करने पहुंची थी। बाबा के दर्शन कर वापस इंदौर लौटने के लिये ई-रिक्शा से देवासगेट बस स्टेंड पहुंची, लेकिन अपना पर्स रिक्शा में भूल गई। पर्स में 12 हजार रूपये नगद और सोने का मंगलसूत्र रखा था। मोना ने मामले की जानकारी देवासगेट थाना प्रभारी अनिला पाराशर को दी। थाना प्रभारी ने रिक्शा चालक की तलाश शुरू कराई। पुलिस रिक्शा चालक का पता लगा रही थी, इसी बीच रिक्शा चालक को जानकारी लगी कि पुलिस उसकी रिक्शा में छूटे पर्स को लेकर उसकी तलाश कर रही है। रिक्शा चालक देवासगेट थाने पहुंच गया, उसने पुलिस को पर्स सौंपा। प्रधान आरक्षक अवधेश प्रताप ने पर्स मिलने पर मोना साहू को लौटाया, जिसमें रूपये और मंगलसूत्र रखा था। पर्स मिलने पर मोना साहू ने पुलिस का आभार माना।

## मक्सीरोड पर बाइक सवार को डंपर ने कुचला, मौत

**उज्जैन।** मक्सीरोड पर रविवार दोपहर बाइक सवार को पीछे से तेजगति में आये डंपर ने टक्कर मार दी। बाइक सवार गिर गया, डंपर उसे कुचलता हुआ भाग निकला। बाइक सवार की मौके पर मौत हो गई। पुलिस ने डंपर का पीछा कर उसे जप्त किया, चालक भाग निकला था।

पंवासा थाना एएसआई सीताराम भूरिया ने बताया कि पंवासा चौराहा गरोठ ब्रिज से उज्जैन की ओर जाने वाले मार्ग पर दोपहर 12.30 बजे के लगभग बाइक सवार को पीछे से आ रहे डंपर ने टक्कर मारकर कुचल दिया था। बाइक सवार की मौके पर मौत हो गई। दुर्घटना की खबर मिलते ही पुलिस घटनास्थल पहुंची। डंपर मक्सीरोड की ओर भाग था। जिसका पीछा किया गया और इस दौरान कुछ दूरी पर चालक डंपर छोड़कर भाग निकला। डंपर जप्त किया गया है। दुर्घटना स्थल से मृतक को अस्पताल पहुंचाया गया। उसकी पहचान करने पर सामने आया कि ग्राम ब्यावरा का रहने वाला शाहरूख पिता अरब अली पटेल 25 साल है। परिजनों को सूचना मिलते ही अस्पताल पहुंच गये थे। इस दौरान सामने आया कि मृतक ब्लॉक बनाने का काम करता था और दोपहर में घर लौट रहा था। एएसआई भूरिया के अनुसार फिलहाल पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा गया। मामले में डंपर चालक की तलाश की जा रही है।

### शाम को दुर्घटना में वृद्ध की गई जान

दोपहर में हुई दुर्घटना के बाद शाम पंवासा थाना क्षेत्र के मक्सीरोड पर सुमित किराना के सामने सब्जी का ठेला लगाने वाले वृद्ध रामप्रसाद पिता गोंदा मालवीय की दुर्घटना में मौत हो गई। परिजनों ने बताया कि रामप्रसाद पंवासा के रहने वाले थे और अविवाहित थे। वह सब्जी का ठेला लगाकर जीवन यापन कर रहे थे। शाम को घर लौटते समय तेजगति से बाइक चालक ने टक्कर मार दी थी। अस्पताल लाने पर डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पंवासा थाना पुलिस के अनुसार मामले में मर्ग कायम किया गया है। सोमवार सुबह पोस्टमार्टम कराया जायेगा।



## तीन अजब बातों का गजब चमत्कार

न्यायप्रिय राजा हरि सिंह बेहद बुद्धिमान था। वह प्रजा के हर सुख-दुख की चिंता अपने परिवार की तरह करता था। लेकिन कुछ दिनों से उसे स्वयं के कार्य से असंतुष्टि हो रही थी। उसने बहुत प्रयत्न किया कि वह अभिमान से दूर रहे पर वह इस समस्या का हल निकालने में असमर्थ था। एक दिन राजा जब राजगुरु प्रखरबुद्धि के पास गए तो राजगुरू राजा का चेहरा देखते ही उसके मन मे हो रही इस परेशानी को समझ गए। उन्होंने कहा, 'राजन यदि तुम मेरी तीन बातों को हर समय याद रखोगे तो जिंदगी में कभी भी असफल नहीं हो सकते। प्रखरबुद्धि बोले, 'पहली बात, रात को मजबूत किले में रहना। दूसरी बात, स्वादिष्ट भोजन ग्रहण करना और तीसरी, सदा मुलायम बिस्तर पर सोना।' गुरु की अजीब बातें सुनकर राजा बोला, 'गुरु जी, इन बातों को अपनाकर तो मेरे अंदर अभिमान और भी अधिक उत्पन्न होगा।' इस पर प्रखरबुद्धि मुस्करा कर बोले, 'तुम मेरी बातों का अर्थ नहीं समझे। मैं तुम्हें समझाता हूं। पहली बात-सदा अपने गुरु के साथ रहकर चरित्रवान बने रहना। कभी बुरी आदत के आदी मत होना। । दूसरी बात, कभी पेट भरकर मत खाना जो भी मिले उसे प्रेमपूर्वक खाना। खूब स्वादिष्ट लगेगा। और तीसरी बात, कम से कम सोना। अधिक समय तक जागकर प्रजा की रक्षा करना। जब नींद आने लगे तो राजसी बिस्तर का ध्यान छोड़कर घास, पत्थर, मिट्टी जहां भी जगह मिले वहीं गहरी नींद सो जाना। ऐसे में तुम्हें हर जगह लगेगा कि मुलायम बिस्तर पर हो। बेटा, यदि तुम राजा की जगह त्यागी बनकर अपनी प्रजा का ख्याल रखोगे तो कभी भी अभिमान, धन व राजपाट का मोह तुम्हें नहीं छू पाएगा।'



सम्पादकीय

# महिला आरक्षण जल्दी होगा

महिलाओं को राजनीतिक रूप से सशक्त करने के मामले में भारत विश्व का अग्रणी राष्ट्र रहा है। इस सन्दर्भ में सबसे महत्वपूर्ण यह है कि भारत के स्वतन्त्रता आन्दोलन के कर्णधार राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने जब 1928 में यह घोषणा की कि स्वतन्त्र भारत में बिना किसी लैंगिक भेदभाव के प्रत्येक स्त्री-पुरुष को एक समान मताधिकार देकर संसदीय प्रणाली का रास्ता अपनाया जायेगा तो पश्चिम के आधुनिकतम कहे जाने वाले देशों ने इस पर घनघोर आश्चर्य व्यक्त किया था और कहा था कि भारत के अनपढ़ व गरीब और रूढ़िवाद से ग्रसित लोग किस प्रकार इस तरह की संसदीय प्रणाली के लोकतन्त्र को थामे रह सकते हैं। गांधी का यह सपना कोरी कल्पना है और अंधे कुएं में छलांग लगाने की तरह है। इसका असली कारण यह था कि खुद ब्रिटेन जैसे लोकतन्त्र के आधार स्तम्भ माने जाने वाले देश में भी महिलाओं को यह हक प्रथम विश्व युद्ध के बाद मिला था और अमेरिका में भी ऐसा कानून बहुत बाद में आया था जबकि गांधी घोषणा कर रहे थे कि भारत अपनी आजादी के साथ ही यह अधिकार महिलाओं को दे देगा। अतः यह बेवजह नहीं है कि भारत के स्वतन्त्रता संग्राम में महिलाओं को भी बराबर की भागीदारी देने के बापू प्रबल समर्थक थे।

1928 में ही स्वतन्त्रता संग्राम का नेतृत्व कर रही कांग्रेस पार्टी ने पं. मोती लाल नेहरू की सदारत में भारत का संविधान लिखने के लिए एक प्रारूप समिति का गठन किया जिसमें पं. जवाहर लाल नेहरू से लेकर नेताजी सुभाष चन्द्र बोस व मौलाना आजाद तक शामिल थे। इस समिति ने अपनी रिपोर्ट में सभी सम्प्रदायों, वर्गों व समुदायों के हरेक स्त्री-पुरुष को एक वोट का अधिकार देने की बात कही और चुनावों के जरिये सरकारों के गठन का प्रस्ताव रखा। अतः बाद में जब भारत का संविधान डॉ. अम्बेडकर की अध्यक्षता में तैयार हुआ तो वयस्क मताधिकार का सिद्धान्त स्वीकार करते हुए संसदीय लोकतान्त्रिक प्रणाली को अंगीकार किया गया। परन्तु स्वतन्त्र भारत में यह मांग भी उठनी शुरू हो गई थी कि महिलाओं को चुने हुए सदनों में उनकी संख्या के अनुरूप आरक्षण दिया जाना चाहिए जिससे देश की आधी आबादी का सही प्रतिनिधित्व हो सके और राष्ट्र निर्माण के कार्य में उनकी भी निर्णायक भूमिका हो सके। बेशक इस मांग को 1990 में पिछड़े वर्गों के लिए पृथक आरक्षण किये जाने के बाद ही पंख लगे मगर महिलाओं को देश के पहले पिछड़े आयोग की रिपोर्ट में ही शामिल कर लिया गया था। यह आयोग स्वतन्त्रता प्राप्ति के बाद पं. नेहरू की सरकार ने प्रख्यात समाजशास्त्री काका साहेब कालेलकर की अध्यक्षता में गठित किया था।

अंतरराष्ट्रीय खेल दिवस पर विशेष

# खेल वैश्विक शांति और विकास के लिए जरूरी




वर्तमान वैश्विक परिदृश्य मे यह दिवस बेहद प्रासंगिक हो चला है। खेल एक सशक्त माध्यम है और इस प्लेटफॉर्म से महत्वपूर्ण संदेश दिया जा सकता है।

युद्ध और अशांति से कुछ समय पहले ही विश्व के छः देशो के चौदह कप्तानो ने पाकिस्तान को 1992 विश्वकप फतह के शिल्पकार पूर्व कप्तान व पदावनत वजीर_ए_ आजम रहे इमरान खान जो फिलहाल जेल मे बंद है, उनके बेहतर इलाज के लिए वहाँ की सरकार को पत्र लिखा।



निर्लेश तिवारी
(दैनिक अवन्तिका)

गौरतलब है की इसमें भारत के सुनील गावस्कर तथा कपिलदेव के हस्ताक्षरित पत्र भी शामिल है तदापि भारत_ पाक के कटू संबंध सर्वविदित है फिर भी यह प्रयास तारीफ के काबिल है। तात्पर्य यह की यह सकारात्मता सिर्फ खेल-खिलाडियों के द्वारा ही संभव है।

दिनांक 6 अप्रैल को अंतरराष्ट्रीय खेल दिवस मनाए जाने की घोषणा संयुक्त राष्ट्र संघ ने वर्ष 2014 में की थी , और इस अभियान के द्वारा सामाजिक एकता ,वैश्विक सुधार ,सामुदायिक विकास और शांति के उद्देश्य को सर्वोपरि मानकर खेल से जोड़ा गया ।निश्चित रूप से खेल एक ऐसा सशक्त माध्यम है जिसके द्वारा किसी भी मुद्दे और विषय पर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जन जागृति फैलाई जा सकती है । इसके पीछे मूल भूत कारण यह है कि खिलाड़ियों की एक स्वच्छ छवि और देशप्रेम की भावना । विश्व के सभी देशों पर यह बात एकमत है कि देश की जनता के मन , मस्तिष्क पर खिलाड़ियों के संदेश का एक सकारात्मक व गहरा असर होता है।

वसुधैव कुटुंबम को सार्थक करने में खेलो की महत्ता सदैव से बरकरार है ।अभी विगत दो दशको में विशेष रूप से कई अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खिलाड़ी राजनीति में प्रवेश कर अपने अपने देशों में उल्लेखनीय कार्य कर रहे है ,अब ये उनकी जिम्मेदारी है कि इस विश्वव्यापी खेल अभियान के तहत समन्वय बैठाकर शांति और विकास की दिशा में एक उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत करे। यहां सक्रिय राजनीति कर रहे क्रिकेट खिलाड़ियों को आगे आना चाहिए। अन्तर्राष्ट्रीय क्रिकेट में कईं खिलाड़ियों ने क्रिकेट के मैदान पर सफल पारी खेलने के पश्चात राजनीति में दस्तक दी और अपने-अपने विशिष्ट अंदाज और शैली के माध्यम से सफल भी हुये। भारत, श्रीलंका , ऑस्ट्रेलिया में यह प्रयोग पूर्व कप्तानों सहित अनेक खिलाड़ियों ने किया। वर्ष 2022 मे राज्य सभा सदस्य बने हरभजन सिंह और इसके पूर्ववर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में दिल्ली से सांसद और भारतीय टीम के वर्तमान कोच गौतम गंभीर अब तक के नवोदित क्रिकेटर से बने राजनेता माने जा रहे हैं। सौरव गांगुली के राजनीति में आने के कयास लगाये जा रहे हैं।कीर्ति आजाद के पिता भगवत झा आजाद कांग्रेस के कद्दावर नेता होकर बिहार के मुख्यमंत्री रह चुके थे, परन्तु कीर्ति आजाद ने भाजपा का दामन थामा और संसद सदस्य बने। तत्कालीन वित्तमंत्री स्व अरुण जेटली से डीडीसीए विवाद के पश्चात अब वे तृणमूल कांग्रेस से लोकसभा सांसद है। भारत के सलामी बल्लेबाज सुनील गावस्कर वर्ष 1994 में मुंबई के शैरिफ के पद सुशोभित हो चुके हैं ।नवजोत सिंह सिद्धू ने आक्रामक बल्लेबाजी के बाद वर्ष 2004 में भाजपा की सदस्यता ग्रहण की व संसद तक पहुंचे। पंजाब की केप्टन अमरिंदर सिंह की कांग्रेस सरकार में केबिनेट मंत्री रहे ।क्रिकेट के भगवान सचिन तेंडुलकर भी राज्यसभा का टिकिट पाकर उच्च सदन तक पहुंचे और मानदेय नहीं लेकर विश्वस्तरीय खिलाड़ी होने को नम्बर वन के अंदाज में पेश किया।अर्जुन रणतुंगा ने श्रीलंका को वर्ष 1996 में क्रिकेट विश्वकप विजेता का तमगा दिलवाया। रणतुंगा श्रीलंका के पीपुल्स अलायंस डेमोक्रेटीक फ्रंट के ओर से निर्वाचित हुए। वे जहाजरानी व बंदरगाह मंत्रालय के उपमंत्री रहे है। विश्वकप (1996) को संयुक्त रूप से भारत, पाक, श्रीलंका में आयोजित किया गया। श्रीलंका के उद्घाटक व विस्फोटक बल्लेबाज सनत जयसूर्या ने सलामी बल्लेबाजी की नई परिभाषा लिखी। सनत जयसूर्या फ्रीडम अलायन्स से सांसद तक पहुँचे और एक अच्छे राजनीतिज्ञ के तौर पर क्रिकेट कन्ट्रोल बोर्ड में भी महत्वपूर्ण पदों पर रहे। पूर्व कप्तान मोहम्मद अजहरूद्दीन अनेक वर्षों तक भारतीय टीम के कप्तान रहे। कांग्रेस के टिकिट पर मुरादाबाद सीट से सांसद बने।ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान स्टीव वाग भी सामाजिक कार्यों में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सक्रिय है । एशियाई उपमहाद्वीप के सभी क्रिकेटर से राजनीतिज्ञ बने खिलाडियों का विवरण यह स्पष्ट दशार्ता है कि ये सभी अपने फन में माहिर रहे है, और इस चुनौती को भी स्वीकार कर सकते है ।इन सभी खिलाड़ियों की इनके अपने अपने देशों में उच्च मापदंड और प्रतिष्ठा है अब इन्हे वैश्विक शांति और विकास के लिए एक टीम के रूप में सामूहिक पहल करनी चाहिए । क्रिकेट के अलावा अन्य खेल से राजनीति में आए राज्यवर्धन सिंह राठौर ,अर्नोल्ड श्वर्जनेगर जैसे अनेक प्रभावशाली व्यक्तित्वों को इस महायज्ञ आगे आना चाहिए ।

खिलाड़ियों में खिलाड़ी भावना और विभिन्न अंतर्राष्ट्रीय अनुभवों का सिनर्जिस्टीक इफेक्ट होता है (सहक्रियाशीलता प्रभाव) इसका लाभ अंतरराष्ट्रीय राजनीतिक शांति और विकास के लिये होना चाहिये तथा संयुक्त राष्ट्र संघ के इस वैश्विक अभियान को सभी देशों के खिलाड़ियों को मिलकर सफल बनाने में महती भूमिका निभानी चाहिए ।

# लव मर्जर...एक अडवांस प्रेम कथा

सन 2050 की उस सुनहरी और हाई-टेक सुबह में मोहल्ले के ऑक्सीजन-पार्क की आबोहवा ही कुछ और थी, जहाँ कंधे पर सिलेंडर लादे दो बुजुर्ग अपनी विंटेज यादों की फाइलें खोलकर बैठे थे। वे चर्चा कर रहे थे कि उनके जमाने में प्रेमी-प्रेमिका के घर के बाहर फिजिकल अटेंडेंस देते थे और पत्थर फेंककर खिड़कियाँ तोड़ने जैसे मैनुअल टास्क किया करते थे, पर आज का युग तो पूरी तरह रिमोट रोमांस और क्लाउड-बेस्ड अटैचमेंट का है। इसी बीच एलेक्स-पॉल अपने स्मार्ट ग्लास पर डेटा चेक करते हुए गहरी आहें भर रहा था, जिसे देखकर उसके मित्र साइबर-सिल्वेस्टर ने पूछा, क्या हुआ भाई? क्या तुम्हारी प्रेमिका किसी और के साथ लॉग-आउट कर गई या फिर तुम्हारा इमोशनल क्लाउड क्रैश हो गया? एलेक्स ने एक ऐसी दार्शनिक मुस्कान बिखेरी जिसे देखकर लगता था कि उसने अभी-अभी कोई बहुत बड़ा आध्यात्मिक घाटा सहा है। उसने कहा, नहीं यार, ट्रैजेडी तो यह है कि वह वापस आ गई! मैं अपनी पार्टनर जारा-क्वांटम को तीन महीने के फ्री ट्रायल पर पड़ोसी के पास भेजकर आया था ताकि वह अपनी एक्सप्लोरेशन स्किल्स को अपग्रेड कर सके, पर वह तो कह रही है कि उसे मेरा ही सब्सक्रिप्शन रिन्यू कराना है। यह तो सरासर पिछड़ापन और बौद्धिक दिवालियापन है! उसे प्रोग्रेसिव होकर मल्टी-टास्किंग करनी चाहिए थी, किसी अजनबी के साथ अपने प्राइवेट मोमेंट्स की एचडी रील बनानी चाहिए थी, पर वह तो वापस आकर मेरे लिए चाय बनाने और लॉयल्टी निभाने जैसी दकियानूसी और सड़ी-गली बातें कर रही है। मैं तो सोच रहा हूँ कि इसकी शिकायत इमोशनल कंज्यूमर कोर्ट में कर दूँ।

साइबर-सिल्वेस्टर ने उसे ढांढस बँधाया कि घबराओ मत, समाज अभी ट्रांजिशन फेज में है, धीरे-धीरे वह भी दूसरों के साथ ओपन-सोर्स होना सीख जाएगी। असल में एलेक्स का दुःख केवल एकतरफा नहीं था; वह इस बात से भी आहत था कि जारा उसे किसी इंटरनेशनल मार्केट में लॉन्च करने के बजाय घर में ही डंप किए हुए थी। एलेक्स चाहता था कि जारा उसे किसी हाई-प्रोफाइल मेटावर्स किटी पार्टी में ऑफर करे, ताकि उसे भी अपनी मार्केटिंग वैल्यू और ग्लोबल डिमांड का अंदाजा हो सके। उसे चिढ़ इस बात की थी कि जब पूरी दुनिया शेयरिंग इकोनॉमी के सिद्धांतों पर चल रही है, तो जारा उसे अपना प्राइवेट असेट और घरेलू सामान क्यों समझ रही है?

## पञ्चांग राशिफल

दिनांक - 06 अप्रैल 2026 सोमवार
सूर्योदय - 06:18 सूर्यास्त 18:41
वैशाख मास कृष्ण पक्ष
राहुकाल - 07:30 से 09:00 तक
तिथि - चतुर्थी 14:10 उपरांत पंचमी
नक्षत्र - अनुराधा 02:56 उपरांत ज्येष्ठा
योग - सिद्धि 15:25 उपरांत व्यतिपात
करण - बालव
चन्द्रमा - दिन पूर्ण वृश्चिक में रहेगा।
मुस्लिम मास - सव्वाल मास 17 तारिख

**मेष-** आज रुका धन मिलेगा। मन की चंचलता पर नियंत्रण रखें। कानूनी अड़चन दूर होकर स्थिति अनुकूल रहेगी।

**वृषभ-** जीवनसाथी पर आपसी मेहरबानी रहेगी। जल्दबाजी में धनहानि हो सकती है। घर-बाहर सुख-शांति बने रहेंगे। स्वास्थ्य पर खर्च होगा।

**मिथुन-** व्यवसाय में वृद्धि होगी। नौकरी में सुकून रहेगा। निवेश लाभप्रद रहेगा। कार्य बनेंगे।

**कर्क-** घर-बाहर अशांति रहेगी। कार्य में रुकावट होगी। आय में कमी तथा नौकरी में कार्यभार रहेगा।

**सिंह-** बेवजह लोगों से कहासुनी हो सकती है। दुःखद समाचार मिलने से नकारात्मकता बढ़ेगी।

**कन्या-** व्यवसाय से संतुष्टि नहीं रहेगी। पार्टनरों से मतभेद हो सकते हैं। जल्दबाज न करें। स्वास्थ्य पर खर्च होगा।

**तुला-** उत्तेजना पर नियंत्रण रखें। जीवनसाथी से सहयोग मिलेगा। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। अप्रत्याशित लाभ के योग हैं।

**वृश्चिक-** भाग्य का साथ मिलेगा। व्यवसाय ठीक चलेगा। नौकरी में अधिकार बढ़ सकते हैं। जुए, सट्टे व लॉटरी के चक्कर में न पड़ें।

**धनु-** अज्ञात भय व चिंता रहेंगे। यात्रा सफल रहेगी। नेत्र पीड़ा हो सकती है। मित्र व संबंधी सहायता करेंगे। आय बनी रहेगी।

**मकर-** लेन-देन में सावधानी रखें। बगैर मांगे किसी को सलाह न दें। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। जोखिम न लें।

**कुंभ-** क्रोध व उत्तेजना पर नियंत्रण रखें। विवाद को बढ़ावा न दें। पुराना रोग बाधा का कारण रहेगा। स्वास्थ्य पर खर्च होगा।

**मीन-** वाहन व मशीनरी के प्रयोग में लापरवाही न करें। छोटी सी गलती से समस्या बढ़ सकती है। व्यवसाय ठीक चलेगा।

-पं. पुरुषोत्तम शिवनारायण शर्मा
(भरदीवाले) 9926034545

समसामायिक

# एआई का उदय, इंसानों का पतन: ऑरेकल से शुरू हुई खामोश क्रांति

जिस दिन तलवारें चलती हैं, लोग चीख उठते हैं। जिस दिन गोलियां बरसती हैं, दुनिया उसे सुर्खियां बना देती है। लेकिन जब किसी देश के बारह हजार सपनों को खामोशी में दफना दिया जाए, तब कोई शोर नहीं उठता। न सायरन बजता है, न सड़कें रुकती हैं। बस मोबाइल स्क्रीन जलती है, इनबॉक्स खुलता है और कुछ ठंडे शब्द मेहनत, भरोसे और भविष्य को एक पल में राख कर देते हैं-टुडे इज योर लास्ट वर्किंग डे। ऑरेकल ने भारत में लगभग 12,000 कर्मचारियों को एक झटके में बाहर कर दिया। 31 मार्च 2026 की सुबह ठीक छह बजे बेंगलुरु, हैदराबाद और पुणे के हजारों घरों में उस सुबह चाय के कप हाथों में ही ठहर गए। जो लोग रात तक खुद को सुरक्षित मान रहे थे, वे सुबह बेरोजगार थे। यह सिर्फ नौकरी जाने की घटना नहीं थी। यह उस नए दौर का ऐलान था, जिसमें मशीनें आगे बढ़ रही हैं और इंसान पीछे धकेले जा रहे हैं।



प्रो. आर.के. जैन
(दैनिक अवन्तिका)

ऑरेकल की भारत में कुल कार्यशक्ति लगभग 30,000 थी। उनमें से 40 प्रतिशत से अधिक लोगों को हटाना किसी सामान्य पुनर्गठन का हिस्सा नहीं कहा जा सकता। इसके पीछे साफ आर्थिक गणित है। कंपनी इस समय एआई आधारित डेटा सेंटर, क्लाउड ऑटोमेशन और जेनरेटिव सिस्टम्स पर लगभग 156 अरब डॉलर लगा रही है। इतनी बड़ी पूंजी जुटाने का सबसे आसान रास्ता लागत घटाना है, और वैश्विक कंपनियों के लिए भारत हमेशा सबसे सस्ता, सबसे अधिक इस्तेमाल होने वाला श्रम बाजार रहा है। इसलिए अमेरिका या यूरोप की तुलना में भारत में छंटनी करना उन्हें कम महंगा पड़ता है। यानी जिन भारतीय इंजीनियरों ने वर्षों तक कंपनी के लिए अरबों डॉलर कमाए, वही सबसे पहले बलि चढ़ गए। इस छंटनी की सबसे बड़ी वजह केवल लागत घटाना नहीं, बल्कि तकनीक का बदलता चेहरा भी है। पहले एक बड़े प्रोजेक्ट के लिए सैकड़ों इंजीनियरों की जरूरत होती थी। कोई कोड लिखता था, कोई टेस्टिंग करता था, कोई डेटाबेस संभालता था, कोई रिपोर्ट बनाता था। कंपनी अब एआई डेटा सेंटर और क्लाउड ऑटोमेशन पर भारी निवेश कर रही है, जिससे कई दोहराए जाने वाले और रूटीन कार्यों में कम लोगों की जरूरत पड़ रही है। जेनरेटिव एआई कोड लिखने, टेस्टिंग और रिपोर्टिंग जैसे कामों को तेज कर रहा है, लेकिन छंटनी का मुख्य कारण विशाल एआई इंफ्रास्ट्रक्चर के खर्च के लिए कैश फ्लो जुटाना है। यही वजह है कि ऑरेकल जैसी कंपनियां कर्मचारियों को खर्च और एआई को निवेश मानने लगी हैं।

इन आंकड़ों के पीछे दबी सच्चाई कहीं अधिक भयावह और निर्मम है। बारह हजार कर्मचारियों की छंटनी केवल एक आंकड़ा नहीं, बारह हजार परिवारों पर टूटा हुआ संकट है। किसी ने हाल ही में घर खरीदा था और हर महीने भारी ईएमआई देनी थी। किसी के बच्चे का दाखिला बड़े स्कूल में हुआ था। कोई बूढ़े माता-पिता की दवाइयों और इलाज का सहारा था। पुणे का एक इंजीनियर, जो दस साल से कंपनी में था, सुबह रोज की तरह लॉग-इन करने बैठा, लेकिन उसका सिस्टम एक्सेस बंद था। कुछ ही मिनटों में उसे समझ आ गया कि जिस कंपनी को उसने अपनी जवानी और मेहनत दी, उसी ने उसे एक ईमेल में खत्म कर दिया। कॉर्पोरेट दुनिया में वफादारी की कीमत अब शायद एक पासवर्ड से भी कम रह गई है।

सबसे खतरनाक बात यह है कि यह पूरी तबाही लगभग खामोशी में हुई। न सड़कों पर प्रदर्शन हुआ, न बड़ी बहस, न टीवी चैनलों पर लगातार चर्चा। लोग चुपचाप अपना रिज्यूमे अपडेट करते रहे, लिंक्डइन पर ओपन टू वर्क लिखते रहे और परिवार से छिपाते रहे कि उनकी दुनिया बदल चुकी है।

# हल्दी का ज्यादा सेवन सेहत को पड़ सकता है भारी



हल्दी हर भारतीय किचन में मिलने वाला लोकप्रिय मसाला है। यह एक ऐसी जड़ी-बूटी है, जिसका इस्तेमाल भोजन में स्वाद बढ़ाने के लिए एक मसाले की तरह किया जाता है। औषधीय गुणों से भरपूर होने के कारण यह चोट, घाव, सूजन, इंफेक्शन या सर्दी-जुकाम को दूर करने में हल्दी बहुत फायदेमंद साबित होती है। इसमें एंटीबैक्टीरियल, एंटीऑक्सीडेंट, एंटीफंगल तत्व मौजूद होते हैं। ये तीनों ही तत्व हमारे शरीर को कई रोगों से बचाते हैं। साथ ही हल्दी में विटामिन सी, पोटेशियम, प्रोटीन, फाइबर, कैल्शियम, आयरन, मैग्नीशियम, जिंक और फॉस्फोरस जैसे पोषक तत्व भी मौजूद हैं, जिनकी जरूरत शरीर के सभी अंगों को स्वस्थ रखने के लिए पड़ती है। लेकिन अगर इसका अधिक मात्रा में सेवन किया जाए तो यह आपके स्वास्थ्य के लिए घातक भी हो सकती है। जी हां, हल्दी का सेवन भी स्वास्थ्य के लिए नुकसानदेह हो सकता है। आइए जानते हैं अधिक मात्रा में हल्दी खाने से होने वाले नुकसान क्या हैं?

### पथरी होने की संभावना

हल्दी में ऑक्सालेट मौजूद होता है. ऐसे में अगर आप अधिक मात्रा में हल्दी का सेवन करते है, तो यह किडनी की पथरी का कारण हो सकता है। किसी भी ऑक्सालेट युक्त आहार के अधिक सेवन से पथरी होने की संभावना बढ़ जाती है।

### पेट से जुड़ी परेशानी

अधिक मात्रा में हल्दी का सेवन करने से आपके पेट को नुकसान पहुंच सकता है. अगर आप पूरे दिन में 1 चम्मच से अधिक हल्दी का सेवन करते हैं, तो इससे पेट खराब, दस्त, उल्टी जैसी परेशानी हो सकती है.

### आयरन की कमी

अधिक मात्रा में हल्दी का सेवन करने से शरीर में खून की कमी हो सकती है. दरअसल, हल्दी का अधिक सेवन करने से शरीर में आयरन अवशोषण रूक जाती है. ऐसे में इसकी वजह से आपके शरीर में खून की कमी हो सकती है।

## इन्दौर मंडी भाव

इंदौर मंडी भाव चना कांटा 5550 से 5625 विशाल 5400 से 5450 महाराष्ट्र विशाल 5500 से 5525 मसूर 5900 से 5950 महाराष्ट्र सफेद 7400 से 7600 महाराष्ट्र लाल 7700 से 7800 कर्नाटक 8000 से 8200 निमाड़ी नई तुअर 7000 से 7500 मूंग बेस्ट गर्मी 7700 से 8000 मूंग बेस्ट बोल्ड 8200 से 8400 एवरेज 6500 से 6700 मोगर 5500 से 6500 उड़द बोल्ड 8500 से 9000 एवरेज 7000 से 8000 हल्का उड़द 4000 से 6000 काबुली डॉलर 7400 से 8500 काबुली रशियन 5300 से 5600 बिटकी 5000 से 5300 सरसों (मीडियम) 6600 से 6800 निमाड़ी 5700 से 6000 रायडा नया 5800 से 6000 पुराना -6200 से 6400 सोयाबीन 5500 से 5700 अलसी 6800 से 7000 तिल्ली 7000 से 8000 गेहूं मिल क्वालिटी 2350 से 2400 लोकवन 2600 से 2800 पूर्णा 2500 से 2550 मालवराज 2400 से 2450 मक्का 1800 से 1850 चना दाल 7100 से 7200 मीडियम 7300 से 7400 बेस्ट 7600 से 7800 तुअर दाल 7700 से 7900 मीडियम 8900 से 9100 बेस्ट 10100 से 10300 एक्स्ट्रा बेस्ट 11100 से 11200 ब्रांडेड 12300 मूंग दाल 9400 से 9500 बेस्ट 9900 से 10100 मूंग मोगर 9850 से 10050 बेस्ट 10150 से 10250 उड़द दाल 10100 से 10300 बेस्ट 10600 से 10800 उड़द मोगर 11100 से 11300 बेस्ट 11400 से 11700 मसूर दाल 7650 से 7750 बेस्ट 7850 से 7950 रुपए प्रति क्विंटल।

## आलू, प्याज, लहसून भाव

आलू ज्योति नया 1000 से 1200 ज्योति पुराना 900 से 1200 राशन आलू 900 से 1100 गुल्ला 500 से 700 रुपए प्रति क्विंटल बिका। प्याज नया 1400 से 1500 पुराना 1000 से 1200 एवरेज 600 से 700 गोल्टा 600 से 700 गोल्टी 400 से 500 रुपए प्रति क्विंटल रहे। लहसुन एवरेज 7000 से 8000 सुपर 8000 से 9000 एक्स्ट्रा सुपर 9000 से 10200 रुपए क्विंटल रही। नई देशी लहसुन एवरेज 4000 से 4500 सुपर 4500 से 5500 एक्स्ट्रा सुपर 5500 से 6500 रुपए क्विंटल।

## उज्जैन भाव

लोकवन गेहूँ- 1750-3057 चना काबली- 3200-8000, चना बड़ा- 4970-8000, रायड़ा- 5561-5756, बटला- 1601-3554, सोयाबीन- 3202-5990, तुअर- 2400-4601 मावा- 280 प्रतिकिलो। **सोना-चाँदी-** सोना- स्टेण्र्ड- 1,51,200, रवा- 1,51,000 चांदी- टंच- 2,34,000 पाट- 2,33,000।

## उज्जैन किराना

**अशोक कुमार भगवानदास**

**152 फवारा चौक उज्जैन**

किराना रेट प्रति किलो, चावल बासमती छड़ी 75 से 180, चावल तिबार 68 से 120, चावल पोनिया 55 से 85, चावल की टुकडी 36 से 65, चावल सेला 36.5 से 38, राइस परमेल 35 से 44, तूवर दाल निमाड़ी 130, तूवर दाल महाराष्ट्र 104 से 113, तूवर दाल अन्य 85 से 120, मूंग दाल 85 से 110, मुंग मोगर 95 से 120,उड़द मोगर 110 से 120, उड़द दाल 95 से 100, चना दाल 71 से 80।

धर्म-आस्था

# भीतर की सुप्त ऊर्जा का रहस्य: कैसे पाएं जीवन में परम शांति



क्या आपकी भावनाओं के पीछे कोई अदृश्य ऊर्जा काम कर रही है? आखिर क्या है उस सूक्ष्म ऊर्जा का रहस्य, जो सही दिशा में बहकर आनंद, नृत्य और ध्यान में बदल जाती है-और गलत दिशा में वही क्रोध, तनाव और अवसाद का रूप ले लेती है? संदेश बिल्कुल स्पष्ट है-ऊर्जा नहीं, बल्कि उसकी दिशा आपके जीवन का गंतव्य तय करती है। जब आप इस सत्य को समझ लेते हैं, तो अपने भीतर शांति, संतुलन और सच्ची खुशी को जागृत करना संभव हो जाता है।

मनुष्य का जीवन केवल शरीर और विचारों से नहीं चलता, बल्कि उसके भीतर एक सूक्ष्म ऊर्जा भी निरंतर प्रवाहित होती रहती है। यही ऊर्जा हमारे व्यवहार, भावनाओं और मानसिक स्थिति को प्रभावित करती है। जब यह ऊर्जा सकारात्मक और जागरूक दिशा में बढ़ती है, तो उसका प्रभाव आनंद, सृजन और शांति के रूप में दिखाई देता है। वहीं, जब यही ऊर्जा नकारात्मक दिशा में बहती है, तो उसका परिणाम क्रोध, तनाव और अंततः अवसाद के रूप में सामने आता है।आध्यात्मिक परंपराओं में कहा गया है कि जब मनुष्य के भीतर सकारात्मक ऊर्जा बढ़ती है, तो उसका स्वाभाविक रूप नृत्य के रूप में प्रकट हो सकता है। यह नृत्य केवल शारीरिक गतिविधि नहीं होता, बल्कि भीतर की प्रसन्नता और जीवंतता की अभिव्यक्ति होता है। जैसे-जैसे चेतना जागृत होती है, मन हल्का और मुक्त महसूस करता है। उस अवस्था में व्यक्ति सहज ही गुनगुनाने, मुस्कुराने या नृत्य करने लगता है। यह ऊर्जा का उफान है।

जब यही ऊर्जा और अधिक परिपक्व होकर स्थिर होने लगती है, तब वह ध्यान में परिवर्तित हो जाती है। ध्यान का अर्थ है भीतर की शांति और जागरूकता। इस अवस्था में व्यक्ति बाहरी हलचल से हटकर अपने भीतर उतरने लगता है। नृत्य ऊर्जा का उत्सव है, जबकि ध्यान उसी ऊर्जा का शांत और गहरा रूप है।

इसके विपरीत, जब मनुष्य के भीतर नकारात्मक ऊर्जा बढ़ती है, तो उसका पहला रूप क्रोध के रूप में दिखाई देता है। क्रोध, दरअसल, भीतर की असंतुलित ऊर्जा का विस्फोट है। जब मन में असंतोष, भय या अहंकार बढ़ता है, तो ऊर्जा अशांत हो जाती है और क्रोध के रूप में बाहर आती है।

यदि यह नकारात्मक ऊर्जा बाहर प्रकट नहीं हो पाती या लंबे समय तक भीतर ही दबकर रहती है, तो वह धीरे-धीरे डिप्रेशन (अवसाद) का रूप ले सकती है। अवसाद वह स्थिति है, जहाँ ऊर्जा ठहर जाती है और व्यक्ति निराशा, उदासी और खालीपन महसूस करने लगता है।


इस प्रकार, देखा जाए तो ऊर्जा स्वयं न तो अच्छी होती है, न बुरी; उसका स्वरूप इस बात पर निर्भर करता है कि वह किस दिशा में प्रवाहित हो रही है। यदि हम जागरूकता, प्रेम और ध्यान के माध्यम से अपनी ऊर्जा को सही दिशा दें, तो वही ऊर्जा आनंद और शांति का स्रोत बन सकती है।

अंततः, जीवन की कला यही है कि हम अपनी ऊर्जा को पहचानें, उसे दबाएँ नहीं, बल्कि उसे सकारात्मक रूप से रूपांतरित करें-ताकि क्रोध की जगह नृत्य और अवसाद की जगह ध्यान जन्म ले सके।

## आमंत्रण

**आप भी अपने व्यंग्य, रचनाएं, लेख, प्रतिक्रिया, मालवी भाषा में पठनीय सामग्री आदि ई-मेल कर सकते है।**

**editor.awantika@gmail.com**



## नगर आगमन पर संविधान रथ यात्रा का स्वागत, उमड़ा जनसैलाब

**महिदपुर रोड।** नगर में संविधान के प्रति सम्मान और जागरूकता का अनूठा नजारा देखने को मिला। डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के उपलक्ष्य में निकाली जा रही 'संविधान रथ यात्रा' नागदा चौराहे पर पहुँची, तो वहाँ का माहौल मंगलमय हो गया। रथ यात्रा स्वागत नागदा चौराहे , पोस्ट ऑफिस चौराहे पर भारी संख्या में जनसमुदाय एकत्रित हु आ। क्षैत्र के लोगों ने उत्साहपूर्वक रथ डॉ भीम राव अम्बेडकर की प्र तिमा पर पुष्प वर्षा कर यात्रा का स्वागत किया। राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों ने भी दलगत राजनीति से ऊपर उठकर हिस्सा लेकर स्वागत किया। विधायक दिनेश जैन 'बोस' ने रथ की अगवानी की और बाबा साहब के बताये मार्ग पर चलने का संकल्प दोहराया। भाजपा मंडल अध्यक्ष गुरु चरण चौहान ने भी यात्रा का स्वागत किया। यह जन जागरण रैली आगामी 14 अप्रैल की तैयारियों के संबंध में निकाली जा रही है 1 अप्रैल से शुरू हुई बरेली जन जागरण यात्रा का उद्देश्य संविधान की महत्ता को जन-जन तक पहुँचाना है। शिवनारायण बामनिया, कालूराम वाघेला, सहित अजाक्स के पदाधिकारी मौजूद रहे।

## दाधीच महिला मण्डल ने कुलदेवी मां दधिमती के मंगल पाठ का किया आयोजन



**आगर मालवा।** वैशाख के पावन मास में दाधीच महिला मंडल द्वारा आदिशक्ति कुलदेवी मां दधिमती की आराधना की गई इस अवसर पर मनोरथी परिवार की ललिता तिवारी रिंकी तिवारी द्वारा आदिशक्ति कुलदेवी मां दधिमती के मंगल पाठ का आयोजन रखा गया जिसमें समाज की मातृ शक्ति द्वारा श्रद्धा व भक्ति भाव के साथ मंगल पाठ किया गया इसके बाद मां को हल्दी मेहंदी कुमकुम से उनकी पूजा की गई पश्चात उन्हें चुनरी उड़ाई गई । पश्चात सभी ने भक्ति भाव से मां दधिमती की आरती की प्रसादी वितरित की गई इस अवसर पर मनोरथी परिवार के संदीप तिवारी व समाजजन श्रीमती राजल व्यास श्यामा देवी मुखिया मीनाक्षी शर्मा दुर्गा देवी शर्मा बबली शर्मा इन्द्रा जोशी सीमा शर्मा सीमा व्यास सावित्री शर्मा अनीता शर्मा मधु शर्मा सहित मातृशक्ति उपस्थित थी।उक्त जानकारी प्रमोद जोशी ने दी।

## संयुक्त दल ने किया निजी और शासकीय उर्वरक विक्रय केंद्र का निरीक्षण



**सारंगपुर।** कलेक्टर डा. गिरीश कुमार मिश्रा के निर्देश पर सारंगपुर विकासखंड में राजस्व अधिकारियों और कृषि विभाग के मैदानी अमले ने संयुक्त रूप से निजी और सरकारी उर्वरक विक्रेताओं की दुकान और गोदामों का औचक निरीक्षण किया। नायब तहसीलदार गोपाल सिंह चौहान, नायब तहसीलदार शैलजा मिश्रा तथा सारंगपुर एसएडीओपी राजेश राजपूत, पटवारी शहजाद खान के संयुक्त दल ने सारंगपुर विकासखंड कई निजी और सरकारी उर्वरक विक्रय केन्द्रों की उपलब्धता का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने निजी उर्वरक विक्रेताओं के यहां स्टाक की उपलब्धता, पीओएस मशीनों और उर्वरक विक्रय लाइसेंस सहित दुकान के बाहर उर्वरकों की दर सूची का भी निरीक्षण किया। एसएडीओ राजेश राजपूत ने जानकारी देते हुए बताया कि शनिवार को हमारी टीम ने विकासखंड सारंगपुर के निजी एवं शासकीय उर्वरक विक्रय केंद्र का निरीक्षण स्टॉक का सत्यापन एवं ई विकास प्रणाली से उर्वरक वितरण करने के लिए समस्त डीलरो को निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने निजी उर्वरक विक्रेताओं के यहां स्टाक की उपलब्धता, पीओएस मशीनों और उर्वरक विक्रय लाइसेंस सहित दुकान के बाहर उर्वरकों की दर सूची का भी निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि कलेक्टर महोदय के मार्गदर्शन में जिले में उर्वरकों की कालाबाजारी, अवैध भण्डारण व परिवहन रोकने के लिए टीम का गठन कर विशेष अभियान चलाया जा रहा है। टीम द्वारा निरीक्षण के दौरान अनियमितताएं पाये जाने पर उर्वरक (नियंत्रण) आदेश एवं आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत ठोस वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। इस मौके पर अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद थे।

**दैनिक अवन्तिका**

**अखबार की निम्न स्थानों पर एजेंसी बदलना है**

बेरछा, चौमा डाक बंगला, हाटपिपलिया, कालापीपल, खेड़ा खजूरिया, माचलपुर, खिलचीपुर, मड़ावदा, मेघनगर, माकड़ोन, नरसिंहगढ़, बुरहानपुर, पेटलावद, झाबुआ रानापुर, मनावर, सुवासरा, सोयतकलां में एजेंसी देना है।

**सम्पर्क करें**

**दैनिक अवन्तिका कार्यालय**
**2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, उज्जैन**
**0734-4041777, मोबा. 9977755777**

खरगोन बना पत्रकारों का महाकुंभ, जुटे प्रदेशभर के प्रतिनिधि

# श्रमजीवी संघ अनुशासित, निष्पक्ष पत्रकारिता चुनौतीपूर्ण, फिर भी निभा रहे दायित्व - तोमर

### पत्रकारों की सुरक्षा पर सरकार करेगी विचार

दैनिक अवन्तिका ▸▸ आगर मालवा




मध्यप्रदेश विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने खरगोन में श्रमजीवी पत्रकार संघ द्वारा आयोजित वार्षिक प्रांतीय अधिवेशन को संबोधित करते हुए कहा कि पत्रकारिता लोकतंत्र का एक अत्यंत महत्वपूर्ण और संवेदनशील क्षेत्र है। पत्रकार समाज की आंख और कान होते हैं, जो आमजन की पीड़ा और समस्याओं को शासन- प्रशासन तक पहुंचाते हैं। पत्रकारिता केवल खबर नहीं, समाज को दिशा देने का माध्यम श्री तोमर ने कहा कि पत्रकारों का दायित्व केवल घटनाओं का प्रकाशन नहीं, बल्कि समाज को सही दिशा देना और सकारात्मक सोच को बढ़ावा देना भी है। उन्होंने लेखनी में विश्वसनीयता और संतुलन बनाए रखने पर विशेष जोर दिया।

निष्पक्ष पत्रकारिता में बढ़ रही चुनौतियां- उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में स्वतंत्र और निष्पक्ष पत्रकारिता करना चुनौतीपूर्ण हो गया है। कई बार जोखिम भी उठाने पड़ते हैं, बावजूद इसके पत्रकार अपने कर्तव्य का निर्वहन कर रहे हैं। पत्रकारों को अपनी साख और पहचान बनाए रखने की जरूरत है। गांव, गरीब और वंचितों की आवाज बने मीडिया- विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि पत्रकारिता का मूल धर्म है कि वह गांव, गरीब और वंचित वर्ग की समस्याओं को प्रमुखता से उजागर करे। मीडिया को सरकार कोआईना दिखाते हुए योजनाओं के क्रियान्वयन में सुधार का मार्ग प्रशस्त करना चाहिए।

संपादकीय को बताया अखबार की आत्मा- तोमर ने कहा कि संपादकीय किसी भी अखबार की आत्मा होता है, जो उसकी सोच और दिशा को स्पष्ट करता है। एक सकारात्मक लेख समाज में बड़ा परिवर्तन ला सकता है।

पत्रकार सुरक्षा कानून पर दिया भरोसा- पत्रकारों की सुरक्षा के मुद्दे पर उन्होंने कहा कि इस दिशा में शासन स्तर पर गंभीरता से विचार किया जाएगा। उन्होंने आश्वस्त किया कि पत्रकार सुरक्षा कानून की मांग को मुख्यमंत्री के संज्ञान में फिर से लाया जाएगा। संगठन के अनुशासन की सराहना- उन्होंने श्रमजीवी पत्रकार संघ के अनुशासन और संरचना की प्रशंसा करते हुए इसका श्रेय प्रदेश अध्यक्ष शलभ भदौरिया को दिया, जो समर्पण के साथ संगठन का नेतृत्व कर रहे हैं। चार चरणों में हुआ।

प्रदेशभर से पहुंचे पत्रकार- दो दिवसीय अधिवेशन चार चरणों में संपन्न हुआ। पहले दिन कार्यसमिति का प्रतिवेदन और लेखा-जोखा प्रस्तुत किया गया, जिसे सर्वसम्मति से पारित किया गया। कार्यक्रम में प्रदेश के विभिन्न जिलों से बड़ी संख्या में पत्रकारों ने भाग लिया।

इनकी रही विशेष उपस्थिति- कार्यक्रम में विधायक बालकृष्ण पाटीदार, जिला अध्यक्ष श्रीमती नंदा ब्रह्माने, नपा अध्यक्ष श्रीमती छाया जोशी, संगठन के प्रदेश अध्यक्ष शलभ भदौरिया, संयोजक रिजवान सिद्दीकी, परसराम चैहान, विजय मोरे, सदाशिव वर्मा, मनीष मडाहर, राधेश्याम पाटीदार, नीरज ठक्कर, संजय पाराशर, गोपाल जोशी, शुभम बगलाने, प्रवीण पाल, सहित अनेक पदाधिकारी एवं पत्रकार उपस्थित रहे।

आगर के पत्रकार भी हुए शामिल- खरगोन में आयोजित हुए दो दिवसीय प्रांतीय कार्यकारिणी की बैठक में आगर मालवा जिले से संघ के जिला अध्यक्ष अजय झंजी, जिला महासचिव राजेश राव, सदस्यता अभियान के सह संयोजक व प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अशोक नाहर, प्रदेश कार्यकारिणी में विशेष आमंत्रित सदस्य अशोक गुर्जर शामिल हुए इन्होंने पत्रकार सुरक्षा कानून जल्द लागू किए जाने की मांग की। व 1 मई को भोपाल में आयोजित होने वाली रैली को लेकर अधिक से अधिक संख्या में पत्रकारों के भोपाल पहुंचने का भरोसा दिलाया। कार्यक्रम का संचालन गौतम मालवीय ने किया।

## स्कूल चले हम अभियान अंतर्गत भविष्य से भेंट कार्यक्रम आयोजित,

**आगर मालवा।** राज्य शासन द्वारा संचालित स्कूल चले हम अभियान के अंतर्गत शासकीय माध्यमिक विद्यालय



भदवासा में भविष्य से भेंट कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान स्वच्छ भारत मिशन के जिला समन्वयक पावन स्वर्णकार विद्यालय पहुंचे एवं विद्यार्थियों से संवाद कर उनका उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रभारी शिक्षक धर्मेन्द्र जैन से विद्यालय संचालन एवं विभिन्न शैक्षणिक गतिविधियों की जानकारी प्राप्त की गई। कार्यक्रम में संस्था के शिक्षक नारायणलाल नागदिया, सूर्यकांत , मेहरबान सिंह मालवीय, अतिथि शिक्षक राहुल जैन एवं श्याम लाल शर्मा सहित समस्त विद्यालय स्टाफ उपस्थित रहा। मध्यान्ह भोजन व्यवस्था का किया निरीक्षण- कार्यक्रम के अंतर्गत प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना के तहत विद्यार्थियों को प्रदान किए जा रहे मध्यान्ह भोजन की व्यवस्था का निरीक्षण किया गया। इस दौरान रसोईया काली बाई, गौरा बाई, कुशाल बाई एवं सीता बाई से भोजन के मीनू, गुणवत्ता एवं स्वच्छता संबंधी विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। बच्चों से रोचक संवाद, प्रतिभाओं को मिला सम्मान- कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों के साथ संवाद सत्र आयोजित किया गया, जिसमें बच्चों ने कहानियाँ सुनाईं तथा पूछे गए प्रश्नों के उत्साहपूर्वक उत्तर दिए। छात्र-छात्राओं दिव्या, संयम, बिजेन, विरेन्द्र, वंदना, भावना, रुद्रप्रताप एवं योगेश ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। सही उत्तर देने वाले विद्यार्थियों को पवन स्वर्णकार द्वारा प्रोत्साहन स्वरूप पुरस्कार प्रदान किए गए।

अजाक संगठन उज्जैन द्वारा निर्मित संविधान निर्माता

# भारतरत्न डॉ. बीआर अम्बेडकर की रथ यात्रा का महिदपुर शहर में भव्य स्वागत

दैनिक अवन्तिका ▸▸ महिदपुर



महिदपुर शहर में बिरसा अंबेडकर फूले समाज कल्याण समिति अजाक संगठन और अन्य सहयोगी संगठन द्वारा बाबा साहब की रथ यात्रा का भव्य स्वागत किया गया। रथ यात्रा में बाबा साहब की प्रतिमा पर जगह जगह माल्यार्पण किया गया बिरसा अंबेडकर फूले समाज कल्याण समिति द्वारा रथ यात्रा के स्वागत सम्मान के लिए दो जगह मंच बनाया गया बाबा साहब की प्रतिमा स्थल एवं पुराना बस स्टैंड विजय स्तंभ के पास।

तत्पश्चात रथ यात्रा नारायणा रोड़ स्थित डॉक्टर बी आर अम्बेडकर मांगलिक भवन पहुंची जहां समिति के सदस्यो द्वारा रथ यात्रा में उपस्थित अजाक के जिला अध्यक्ष रतनलाल परमार और उनके साथियों का सम्मान किया गया। जिला अध्यक्ष रतनलाल परमार और उनके साथ बाबूलाल थावलिया नारायण चैहान, विजय सूर्यवंशी, रमेश देवड़ा, गिरधर मालवीय, रमेशचंद सूर्यवंशी, विक्रम सिंह सोलंकी, दर्यावसिह गेहलोत, मोहनलाल सूर्यवंशी, उपस्थित सभी प्रबुद्धजन द्वारा बाबा साहब के छाया चित्र पर माल्यर्पण किया गया। अजाक जिला अध्यक्ष द्वारा बाबा के विचारों पर प्रकाश डाला गया इसी कड़ी में समाज सेवी बाबूलाल थावलिया द्वारा समाज में व्याप्त कुरीतियों पर प्रहार करते हुऐ समता समानता और समरसता की बात रखी। बिरसा अंबेडकर फूले समाज कल्याण समिति ओर अजाक संगठन की ओर से आभार तहसील अध्यक्ष बी एल परमार द्वारा माना गया।

# 14 साल होने को आए गेल गैस इंडिया लि . कंपनी शहर के घरों में गैस नहीं पहुंचा पाई

### तीव्र गति से शुरू हो काम

दैनिक अवन्तिका ▸▸ देवास

पूर्व सांसद सज्जन सिंह वर्मा के कार्यकाल में 2012 में देवास शहर में घर पहुंच गैस सेवा के लिए केंद्र सरकार के द्वारा स्वीकृति प्रदान की गई थी जिसके लिए गेल गैस इंडिया लिमिटेड कंपनी को इसका काम दिया गया था लेकिन 14 वर्ष होने के बावजूद आज भी शहर के अनेक वार्डों में गेल गैस कंपनी घर पहुंच गैस पाइपलाइन नहीं पहुंच पाई है कालोनियों में जरूर घर पहुंच गैस सेवा शुरू हुए कई वर्ष हो चुके हैं लेकिन शहरी क्षेत्र के अनेक वार्ड आज भी इस सेवा से अछूते हैं ।



विक्रम मार्ग ,भवानी सागर ,कुमार गली जैसे क्षेत्र में गेल गैस कंपनी के द्वारा घर पहुंच गए सेवा के कनेक्शन देने को लेकर लोगों से स्वीकृति ली गई वही कंपनी के द्वारा घर पहुंच गैस कनेक्शन के उपकरण घरों की दीवार पर लगा दिए गए वही पूरी फिटिंग कर रसोई घर तक कनेक्शन लगा दिया गया लेकिन 3 माह होने को आए इस क्षेत्र में आज तक पी एन जी गैस पाइपलाइन नहीं होने से लगाए गए उपकरण उपयोग हीन हैं जिससे घरों में गैस नहीं पहुंच सकी।

दूसरी ओर रसोई गैस की कमी को देखते हुए निर्णय लिया गया है कि जिन घरों में पीएनजी गैस कनेक्शन होंगे उन्हें एलपीजी गैस सिलेंडर नहीं दिया जाएगा कांग्रेस नेता सुधीर शर्मा ने बताया कि गैल गैस कंपनी अगर तीव्र गति से शहर में गैस सेवा पहुंचने का काम करती तो आज देवास शहर के हर घर में पी एन जी गैस कनेक्शन होता। इस संदर्भ में शर्मा ने मांग की है कि गेल गैस लिमिटेड शीघ्र ही शहर के उन वार्ड में जहां घर पहुंच गेस सेवा शुरू नहीं की गई है वहां त्वरित गति से पीएनजी गैस की लाइन बिछाने का काम शुरू करें साथ ही जिन घरों में पीएनजी रसोई गैस के कनेक्शन दिए गए हैं वहां पर गैस की सप्लाई शुरू करें। जिससे घर पहुंच गैस सेवा का लाभ लोगों को मिल सके।

## छात्रा ख्वाहिश ने किया नागालैंड का सफल भ्रमण

**आगर मालवा।** भारत सरकार की महत्वाकांक्षी योजना एक भारत श्रेष्ठ भारत के अंतर्गत सांदीपनि विद्यालय, आगर की छात्रा ख्वाहिश गवली, पिता मिथिलेश गवली को नागालैंड राज्य के शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक भ्रमण हेतु चयनित किया गया। छात्रा ने यह ज्ञानवर्धक एवं रोमांचक यात्रा सफलतापूर्वक पूर्ण कर विद्यालय एवं जिले का नाम गौरवान्वित किया। इस शैक्षणिक यात्रा का मुख्य उद्देश्य देश के विभिन्न राज्यों की संस्कृति, परंपराओं, जीवनशैली तथा भौगोलिक विविधताओं को समझते हुए राष्ट्रीय एकता और आपसी भाईचारे को मजबूत करना रहा। भ्रमण के दौरान छात्र-छात्राओं को विविध सांस्कृतिक और शैक्षणिक गतिविधियों से अवगत कराया गया। स्वच्छता और संस्कृति ने किया प्रभावित- ख्वाहिश गवली ने बताया कि उन्होंने नागालैंड के प्रसिद्ध हॉर्नबिल फेस्टिवल विलेज (किसामा) तथा कोहिमा के आसपास के गांवों का भ्रमण किया। कठिन पहाड़ी क्षेत्र होने के बावजूद वहां की स्वच्छता व्यवस्था और प्रकृति के साथ स्थानीय लोगों का संतुलित जीवन अत्यंत प्रेरणादायक रहा। विद्यालय भ्रमण से मिली अनुशासन की सीख- यात्रा के दौरान छात्रा ने नागालैंड के एक विद्यालय का दौरा भी किया।






जिंदाबाद के उद्घोष के साथ हुआ दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग का समापन

# केंद्र सरकार की योजनाओं की जानकारी व लाभ आम लोगों तक पहुँचाने पर की चर्चा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ महिदपुर रोड

भाजपा मंडल खारुआं कलां का दो दिवसीय पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण वर्ग का समापन रविवार को हुआ।

श्री राजमाता विजय राजे सिंधिया मंडल खारूआं कलां में पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण वर्ग दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग के दौरान कुल आठ सत्र रहे पहले सत्र में विधायक चिंतामणि मालवीय ने कार्य विस्तार की दृष्टि कैसे हो लेकर उनके विषय रहा अध्यक्षता उमा पालीवाल ने की दूसरा सत्र हरीराम शाह ने बूथ प्रबं धन पर बात करते हुए मार्गदर्शन दिया अध्यक्षता किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष राम सिंह सिसौदिया ने की भाजपा जिला उपाध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय ने पार्टी का इति हास एवम विकास पर अपने विषय अपने उद्गार व्यक्त किये अध्यक्षता प्रदीप चौधरी ने की चौथे सत्र में भाजपा जिला महामंत्री महेश सोनी ने वैचारिक अधिष्ठान को लेकर अ पना विषय रखा अध्यक्षता जिला मंत्री प्रताप सिंह चौहान ने की पांचवा सत्र में पूर्व जिला अध्यक्ष कान सिंह चौहान ने हमारी कार्य पद्धति विषय पर विस्तार से जानकारी दी अध्यक्षता अल्पसंख्यक मोर्चे के राष्ट्रीय कार्य समिति सदस्य नूरुद्दीन बोहरा ने की प्रशिक्षण के छठे सत्र में नंद किशोर महावर ने प्रदेश सरकार की योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी अध्यक्षता पूर्व मंडल अध्यक्ष लाल सिंह डोडिया ने की सातवें सत्र में नंदराज जैन ने सोशल मीडिया नमो एप को सरल तरीके से कैसे भाजपा के लोग उसका उपयोग कर सके इसे लेकर जानकारी दी अध्यक्षता लालाराम पाटीदार ने की आठवें सत्र में जिला सह कार्य मंत्री अखिलेश सिंह राठौड़ ने केंद्र सरकार की योजनाओं को किस प्रकार से विस्तार हो और भाजपा द्वारा देश की जनता के लिये जो योजना बना रखी उनको कैसे और किस तरीके से लोगों के पास कैसे पहुंचायें विषय रखा अध्यक्षता पदम सिंह डांगी ने की। दो दिवसीय प्रशिक्षण का संचालन कार्यक्रम के प्रभारी अरमान जैन ने किया प्रशिक्षण में गीत की भूमिका मंडल महामंत्री नागेंद्र सिंह डोडिया ने की सत्र के समापन पर भारतीय जनता पार्टी पार्टी पदधिकारियों, वक्ताओं का आभार भाजपा मंडल अध्यक्ष गोपाल डांगी ने किया। जानकारी मंडल मीडिया प्रभारी गोपाल को दिनेश डांगी ने दी ।

राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने शहीद की प्रतिमा का अनावरण किया

# साढ़े आठ करोड़ के सिविल अस्पताल भवन का भी लोकार्पण

दैनिक अवन्तिका ▸▸ बदनावर

मध्य प्रदेश के राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने रविवार को बदनावर में अमर शहीद नायब सूबेदार रविंद्र सिंह राठौर की प्रतिमा का अनावरण किया। इस दौरान उन्होंने साढ़े आठ करोड़ रुपये की लागत से बने सिविल अस्पताल के नवीन भवन का भी लोकार्पण किया।

राज्यपाल पटेल सुबह 10 बजकर 16 मिनट पर नागेश्वर धाम के पास बने हेलीपैड पर पहुंचे। केंद्रीय राज्यमंत्री सावित्री ठाकुर, पूर्व कैबिनेट मंत्री राजवर्धन सिंह दत्तीगांव, भाजपा जिलाध्यक्ष महंत निलेश भारती और नगर परिषद अध्यक्ष मीना यादव सहित अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया। हेलीपैड से राज्यपाल सीधे माथुर कॉलोनी पहुंचे, जहां उन्होंने नगर परिषद द्वारा स्थापित शहीद रविंद्र सिंह राठौर की प्रतिमा का अनावरण किया। उन्होंने शिव वाटिका उद्यान का भी लोकार्पण किया। इसके उपरांत, वे कृषि उपज मंडी स्थित कार्यक्रम स्थल पहुंचे और वहां लगाई गई प्रदर्शनी तथा स्वास्थ्य शिविर का अवलोकन किया।

स्वागत भाषण में पूर्व कैबिनेट मंत्री राजवर्धन सिंह दत्तीगांव ने कहा कि शहीद की प्रतिमा हमें उनके साहस, वीरता और बलिदान की प्रेरणा देती रहेगी। उन्होंने बताया कि बदनावर स्वास्थ्य के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बन रहा है और जनता को 50 बेड के नवीन अस्पताल की सौगात मिली है।

**जाहिर सूचना**

एतद् द्वारा सर्वसाधरण को सुचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार द्वारा ग्राम बोरखेडा पित्रामल तहसील नागदा जिला उज्जैन में स्थित सर्वे नंबर 898 रकबा 1.47 हैं. मे से 0.90 हैं० भुमि स्वामित्व, आधिपत्य की कृषि भूमि ग्राम बोरखेडा पित्रामल तहसील नागदा जिला उज्जैन म०प्र० में स्थित हो कर उक्त सर्वे नंबर 898 रकबा 1.47 हैं. मे से 0.90 हैं० भुमि भेरूलाल पिता नंदाजी जाति नाई निवासी ग्राम बोरखेडा पित्रामल तहसील नागदा जिला उज्जैन म०प्र० से मेरे पक्षकार द्वारा उक्त कृषि भूमि सम्पुर्ण हक हिस्सा मय तला व हवाई हक सहित क्रय करने का सौदा किया गया है। मेरे पक्षकार द्वारा विक्रेता को उसके वारिसानों के समक्ष बयाना भी अदा कर दीया है। मेरे पक्षकार द्वारा उक्त आराजी का विधिवत रजिस्टर्ड विक्रय पत्र ईपंजीयन के माध्यम से उपरोक्त वर्णित व्यक्तियों से निष्पादित किया जाना है यदि उक्त वर्णित कृषि भूमि (संपत्ति) में किसी अन्य व्यक्ति संस्था, बैंक, अर्द्धशासकीय बैंक का कोई ऋण स्वत्व हो या अन्य कोई अधिकार हो तो इस जाहिर सुचना के प्रकाशन के 7 दिन की अवधि में मय दस्तावेज प्रमाण सहित लिखित में आपत्ति मेरे समक्ष प्रस्तुत करें ताकि उसका निराकरण करवाया जा सके अन्यथा सुचना प्रकाशन की अवधि व्यतीत होने के पश्चात मेरे पक्षकार द्वारा विधिवत ईपंजीयन विक्रय पत्र का निष्पादन करवा लिया जावेंगा व उसके पश्चात कोई आपत्ति मान्य नही होगी। सुचित हो दिनांक 05.04.2026

**अजय मोर्य एडव्होकेट**
**उन्हैल तहसील उन्हैल जिला उज्जैन**
**मोबा. 9893257210**

## शंकराचार्य बोले-मोहन भागवत शादी कर बच्चे क्यों नहीं पैदा करते

**बरेली।** हमने तो कहा था कि मोहन भागवत और उनके प्रचारक आएं, विवाह करें, बच्चे पैदा करें, जनसंख्या बढ़ाएं। एक तरफ सरकार कह रही है कि जनसंख्या विस्फोट हो रहा। दूसरी तरफ, ये लोग जनसंख्या बढ़ाने की बात करते हैं। अगर संख्या बढ़नी इतनी जरूरी है तो आप शादी करके बच्चे पैदा क्यों नहीं करते। दूसरों पर बोझ क्यों लादते हो। पहले खुद करो, फिर दूसरों से कहो। शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने रविवार को बरेली में प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान ये बातें कहीं। वे प्रमुख के 3 बच्चे पैदा करने वाले बयान से जुडे सवाल पर जवाब दे रहे थे। दरअसल, भागवत कई बार कह चुके हैं कि हिंदुओं के लिए तीन बच्चे पैदा करना जरूरी हैं। डॉक्टर मानते हैं कि अगर किसी परिवार में तीन संतान होती हैं तो माता-पिता और बच्चों के सेहतमंद होने की संभावना बढ़ जाती है। जैसा कि मानस शास्त्र कहता है कि घर में तीन बच्चे होने पर वे बड़े होकर बेहतर और संतुलित व्यक्तित्व के बनते हैं। आपसी झगड़े-टकराव भी कम होते हैं। विपक्ष का समर्थन करने के सवाल पर शंकराचार्य ने कहा कि सत्ता पक्ष कहता है कि हम विपक्ष के साथ हैं। मैं उनसे कहना चाहता हूं कि आप हमारी बात सुनें। गो-माता की रक्षा के लिए कानून बनाएं। हम आपके साथ खडे हो जाएंगे। मैं पक्ष-विपक्ष किसी के साथ नहीं हूं। जो भी हमारी बात सुनेगा। उसके साथ खड़ा हो जाऊंगा।

## कांग्रेस बोली- असम सीएम की पत्नी के 3 पासपोर्ट

**गुवाहाटी।** कांग्रेस ने असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्व सरमा की पत्नी रिंकी भुइयां सरमा पर दोहरी नागरिकता का आरोप लगाया है। कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने रविवार को दिल्ली में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा कि असम सीएम की पत्नी के पास तीन देशों मिस्त्र, एंटीगुआ-बरबूडा और के पासपोर्ट हैं। पवन खेड़ा ने कॉन्फ्रेंस में तीन पासपोर्ट भी दिखाए। उन्होंने कहा कि सरमा की राजनीति मुसलमानों के खिलाफ नफरत पर आधारित है, जबकि उनकी पत्नी के पास दो मुस्लिम देशों के पासपोर्ट हैं। उन्होंने आगे कहा ही हिमंता की पत्नी 52 हजार करोड़ रुपए की अमेरिकी कंपनी की भी मालिक हैं। सीएम हिमंता ने कांग्रेस के आरोपों का सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ङ्ग पर जवाब दिया। उन्होंने लिखा कि-प्रेस कॉन्फ्रेंस कांग्रेस की हताशा और घबराहट दिखाती है। वे आधारहीन हमले कर रहे हैं। मैं उनके हर आरोप को खारिज करता हूं। हम 48 घंटे में पवन खेड़ा पर मानहानि का केस करेंगे।

## ट्रम्प ने ईरान को बास्टर्ड कहा-धमकी दी- होर्मुज खोलो

**तेल अवीव/तेहरान।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ईरान को बास्टर्ड कहते हुए होर्मुज स्ट्रेट नहीं खोलने पर बड़ा हमला करने की धमकी दी। उन्होंने कहा कि अगर ईरान ने होर्मुज नहीं खोला तो वो उसे नरक बना देंगे। इसके साथ ही उन्होंने ईरान में पावर प्लांट और पुलों पर हमला करने की बात कही। ट्रम्प ने रविवार को सोशल मीडिया पर लिखा कि ईरान में मंगलवार को पावर प्लांट डे और ब्रिज डे एक साथ होगा यानी हमला होगा। ईरान होर्मुज स्ट्रेट खोले दे, नहीं तो नरक जैसे हालात में पहुंच जाएगा। अमेरिका ने इससे पहले गुरुवार को ईरान की राजधानी तेहरान को कराज शहर से जोड़ने वाले ക्क हाईवे ब्रिज पर हमला किया था। यह पुल इसी साल शुरू हुआ था और इसे मिडिल ईस्ट का सबसे ऊंचा पुल माना जाता है। करीब 1050 मीटर लंबे और 136 मीटर ऊंचे इस पुल को बनाने में लगभग 400 मिलियन डॉलर (करीब 3,800 करोड़) खर्च हुए थे।

## ईंधन संकट से निपटने के लिए नेपाल में 2 दिन की छुट्टी

**नई दिल्ली।** ईरान युद्ध के चलते पैदा हुए ईंधन संकट के बीच नेपाल सरकार ने सरकारी दफ्तरों में हफ्ते में दो दिन की छुट्टी लागू की है। सरकार के मुताबिक, अब शनिवार और रविवार को सरकारी दफ्तर बंद रहेंगे। इससे पहले केवल शनिवार को छुट्टी होती थी। छुट्टियों के साथ काम के घंटे भी बदल दिए गए हैं। अब सरकारी दफ्तर सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक चलेंगे, जबकि पहले यह समय 10 बजे से 5 बजे तक था। सरकार की प्रवक्ता सस्मिता पोखरेल ने बताया कि पेट्रोलियम उत्पादों की सप्लाई में बाधा के कारण यह फैसला लिया गया है। इससे पहले नेपाल ने एविएशन फ्यूल की कीमतों में 117 तक बढ़ोतरी की थी, ताकि सप्लाई जारी रखी जा सके। नेपाल अपनी ईंधन जरूरतों के लिए बड़े पैमाने पर आयात पर निर्भर है, इसलिए मिडिल ईस्ट में जारी युद्ध का सीधा असर देश पर पड़ रहा है।

## एमपी में 5 दिन के अंदर मिलेगा पीएनजी कनेक्शन

**भोपाल।** मध्य प्रदेश में आवेदन करने के बाद 5 दिन में पीएनजी कनेक्शन मिलेंगे। रेसीडेंसियल कैम्पस, स्कूल, हॉस्टल, कॉलेज, कम्युनिटी किचन और आंगनवाड़ी केंद्रों में जल्दी कनेक्शन दिए जाएंगे। जिन क्षेत्र में पीएनजी लाइन बिछ चुकी है, लेकिन कनेक्शन नहीं लिया तो अगले 3 महीने के भीतर एलपीजी कनेक्शन बंद कर दिया जाएगा। पीएनजी कनेक्शन देने के लिए खाद्य विभाग ने भोपाल, इंदौर समेत प्रदेश के 21 जिलों में कंट्रोल रूम भी बनाए हैं। जहां पर कनेक्शन के लिए इन्क्वॉयरी की जा सकेगी। मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने बताया कि सभी सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन (सीजीडी) संस्थाएं अगले 3 माहीने में दिए जाने वाले पीएनजी कनेक्शन का टारगेट तय करेगी। हर रोज किए जा रहे आवेदन और उन पर क्या कार्रवाई हुई, इसकी मानीटरिंग भी संस्थाएं करेंगी। सीजीडी संस्थाएं पीएनजी के लाभ एवं कनेक्शन की प्रक्रिया से संबंधित एफएक्यू तैयार कर उपलब्ध कराने के निर्देश नोडल सीजीडी संस्था थिंक गैस को दिए गए हैं। भारत सरकार के गतिशक्ति पोर्टल पर सीजीडी संस्थाओं को पाइप लाइन अपलोड करने को कहा गया है। ये जिलेवार एवं लोकेलिटीवाइज कैम्प शेड्यूल कर जिला प्रशासन एवं विभाग को उपलब्ध कराएंगी। शहर के जिन स्थानों में पाइप-लाइन गई है।

# वैचारिक ऊर्जा से परिपूर्ण हुआ प्रशिक्षण अभियान

### संगठन सुदृढ़ीकरण का सशक्त मंच बना दो दिवसीय अभ्यास वर्ग

दैनिक अवन्तिका » शुजालपुर



पं. दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान 2026 के अंतर्गत भाजपा द्वारा भीलखेड़ी रोड स्थित कान्हा का वृंदावन गार्डन में दो दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण वर्ग का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण में कुल आठ सत्र आयोजित हुए, जिनमें विभिन्न विषयों पर वक्ताओं ने कार्यकर्ताओं को वैचारिक रूप से सशक्त किया।

प्रथम सत्र में कैबिनेट मंत्री इंदर सिंह परमार ने श्वैचारिक अधिष्ठान विषय पर मार्गदर्शन देते हुए संगठन की आत्मा उसकी विचारधारा को बताया तथा एकात्म मानववाद को जीवन में अपनाने का आह्वान किया। अध्यक्षता एडवोकेट हेमंत सक्सेना ने की। द्वितीय सत्र में उमेश टेलर ने भाजपा के इतिहास को संघर्ष और सिद्धांतों की यात्रा बताते हुए कार्यकर्ताओं में गौरव का भाव जागृत किया। तृतीय सत्र में कृपाल सिंह मेवाड़ा ने श्कार्य विस्तार को संगठन की प्राणशक्ति बताते हुए बूथ स्तर तक सक्रियता बढ़ाने पर जोर दिया।

चतुर्थ सत्र में भगवत सिंह राजपूत ने सोशल मीडिया और नमो ऐप को आधुनिक राजनीति का प्रभावी माध्यम बताते हुए तकनीकी दक्षता पर बल दिया। पंचम सत्र में हेमराज सिंह सिसोदिया ने प्रदेश सरकार की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने की रणनीति बताई, जबकि षष्ठम सत्र में अशोक नायक ने संगठनात्मक अनुशासन और निरंतर सक्रियता को सफलता का मूल मंत्र बताया। प्रथम दिवस के अंत में सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से कार्यकर्ताओं ने गीत, भजन एवं नृत्य प्रस्तुत कर उत्साह का प्रदर्शन किया।

दूसरे दिन की शुरुआत योग एवं प्रार्थना से हुई, जिसमें योग शिक्षक जेपी परमार ने योगाभ्यास कराया। सातवें सत्र में अशोक कवीश्वर ने बूथ प्रबंधन एवं मन की बात के जरिए जनसंवाद को मजबूत करने पर जोर दिया। अंतिम सत्र में विधायक घनश्याम चंद्रवंशी ने कार्य पद्धति एवं कार्यकर्ता प्रबंधन पर व्यावहारिक मार्गदर्शन दिया।

समापन सत्र में जिला महामंत्री विजय सिंह बैस ने प्रशिक्षण का सार प्रस्तुत करते हुए कार्यकर्ताओं को संगठनात्मक दायित्वों के प्रति सजग रहने का संदेश दिया। स्वागत भाषण मंडल अध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी, संचालन किशोर खन्ना व आभार गौतम परमार ने माना। इस अवसर पर योगेश शिवहरे, अमित भैरवे, अभिनंदन जैन, धर्मेंद्र परमार, सुनील जैन, दीपक मीणा, मधु मंडलोई, कृष्णा पाठक, संगीता आर्य एवं अंजु खत्री सहित विभिन्न पदाधिकारियों को सम्मानित किया गया।

# प्रोसेसिंग प्लांट का संयुक्त संचालक द्वारा निरीक्षण

### स्वच्छ सर्वेक्षण मानकों के अनुरूप कार्य करने के दिए निर्देश



**आगर मालवा।** नगर पालिका परिषद आगर के कचरा प्रोसेसिंग प्लांट का संयुक्त संचालक राजीव निगम द्वारा विस्तृत निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान प्लांट की कार्यप्रणाली, कचरा पृथक्करण व्यवस्था, मशीनों की स्थिति तथा अपशिष्ट प्रसंस्करण की गुणवत्ता का गहन अवलोकन किया गया।

निरीक्षण के दौरान संयुक्त संचालक श्री निगम ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि गीले एवं सूखे कचरे का शत-प्रतिशत पृथक्करण सुनिश्चित किया जाए तथा प्लांट की निर्धारित क्षमता के अनुरूप नियमित एवं वैज्ञानिक तरीके से कचरे का निस्तारण किया जाए। उन्होंने स्वच्छ सर्वेक्षण के अंतर्गत निर्धारित मानकों के अनुरूप कार्य करने पर विशेष जोर देते हुए बेहतर प्रबंधन व्यवस्था अपनाने की आवश्यकता बताई।

उन्होंने प्लांट परिसर में निरंतर स्वच्छता बनाए रखने, कार्यों को समयबद्ध तरीके से संचालित करने एवं समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिए, जिससे शहर की स्वच्छता रैंकिंग में निरंतर सुधार सुनिश्चित किया जा सके। इस अवसर पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी कुशल सिंह डोडवे, सहयोगी संस्था एसके वेस्ट मैनेजमेंट सर्विस के प्रतिनिधि सहित संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। सभी को अपने दायित्वों का निर्वहन जिम्मेदारी एवं समर्पण के साथ करने के निर्देश दिए गए, ताकि नगर को स्वच्छ, सुंदर एवं सुव्यवस्थित बनाया जा सके।

## भारत विकास परिषद द्वारा नेत्रदान सम्पन्न

**आगर मालवा।** राम मालीपुरा आगर मालवा निवासी सत्यनारायण भाटिया के सुपुत्र, पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष बसन्त भाटिया के भतीजे शीतल भाटिया का आकस्मिक निधन हो गया. परिषद के प्रांतीय पदाधिकारी डॉ संदीप चोपड़ा, कैलाश माहेश्वरी, राजेश मेठी एवं डॉ विवेक मालानी के विशेष प्रयास करने पर पारिवारिक वरिष्ठ सदस्य पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष बसंत भाटिया द्वारा नेत्रदान करवाने की स्वीकृति प्रदान करने के पश्चात टेक्नीशियन अजय यादव और लखन यादव द्वारा नेत्रदान प्रक्रिया संपन्न कराई गयी। नभारत विकास परिषद शाखा आगर ने शीतल भाटिया की मृत्यु पर शोक संवेदना प्रकट करते हुए इस दु:ख की घड़ी में भाटिया परिवार को नेत्रदान करने का साहसिक निर्णय लेने हेतु धन्यवाद ज्ञापित किया एवं जनसामान्य से इस परोपकार के कार्य में सहयोग करने की विनम्र अपील की है, साथ ही यह भी आव्हान किया है कि नेत्रदान हेतु सभी को जागरूक रहने की आवश्यकता है जिससे कि एक आँख से दो लोगो के जीवन में अंधकार समाप्त होकर एक नई रोशनी प्राप्त हो सके। शीघ्र ही नेत्रदानी के परिवार को भाविप शाखा आगर द्वारा सम्मानित किया जाएगा। कूल 50 नेत्रदान सम्पन्न करवा चुका है।

# 9 अप्रैल को लगेगा पुस्तक व गणवेश मेला

**शुजालपुर।** जिला शिक्षा केंद्र शाजापुर के निर्देशानुसार विकासखंड शुजालपुर में आगामी 9 अप्रैल को एक दिवसीय विशाल पुस्तक एवं गणवेश मेले का आयोजन किया जाएगा। मेले का उद्देश्य छात्र-छात्राओं एवं अभिभावकों को एक ही स्थान पर उचित मूल्य पर गुणवत्तापूर्ण शिक्षण सामग्री उपलब्ध कराना है।

मेले में विभिन्न स्टेशनरी एवं गणवेश विक्रेता अपने-अपने स्टॉल लगाएंगे, जहां वे पुस्तकों, ड्रेस सामग्री तथा अन्य आवश्यक वस्तुओं के नमूने और दर सूची प्रस्तुत करेंगे। अभिभावकों को यहां स्कूलों में संचालित पुस्तकों के प्रकाशक, लेखक, आईएसबीएन नंबर के साथ-साथ गणवेश के रंग, डिजाइन, कपड़े की गुणवत्ता और सहायक सामग्री जैसे टाई, बेल्ट व जूतों की विस्तृत जानकारी भी मिलेगी। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि मध्य प्रदेश निजी विद्यालय नियम 2020 के तहत कोई भी निजी विद्यालय संचालक किसी अभिभावक को निर्धारित विक्रेता से सामग्री खरीदने के लिए बाध्य नहीं कर सकता। पालक अपनी सुविधा अनुसार खुले बाजार से सामग्री खरीदने के लिए स्वतंत्र हैं।

विकासखण्ड स्त्रोत समन्वयक के अनुसार मेले के दौरान विद्यालय स्तर पर पुस्तक या गणवेश वितरण नहीं किया जाएगा। आयोजन को सुचारू बनाने के लिए बीएसी एवं जनशिक्षकों की ड्यूटी लगाई गई है, वहीं पारदर्शिता बनाए रखने के लिए एक निगरानी समिति का गठन भी किया गया है। प्रशासन ने सभी अशासकीय विद्यालयों के प्राचार्यों एवं शिक्षकों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक अभिभावकों को मेले में भाग लेने के लिए प्रेरित करें।

# अवैध मादक पदार्थों की तस्करी पर आगर पुलिस की बड़ी कार्यवाही

### 148 ग्राम एम.डी. ड्रग्स जब्त - 02 आरोपी गिरफ्तार

**आगर मालवा।** पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार सिंह के निर्देशन में जिले में अवैध मादक पदार्थों एवं शराब तस्करी के विरुद्ध विशेष अभियान संचालित किया जा रहा है। इसी अभियान के अंतर्गत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रविन्द्र कुमार बोयट एवं अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) मोतीलाल कुशवाहा के मार्गदर्शन तथा थाना प्रभारी कोतवाली शशि उपाध्याय के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने कार्रवाई को अंजाम दिया।

घटना का संक्षिप्त विवरण, दिनांक 05/04/2026 को थाना कोतवाली आगर पुलिस को विश्वसनीय मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि बड़ौद की ओर से एक सिल्वर रंग की बलेनो कार क्रमांक आरजे 17 सीबी 9871 में दो व्यक्ति अवैध मादक पदार्थ एम.डी. ड्रग्स लेकर आगर की ओर आ रहे हैं। सूचना पर तत्काल टीम द्वारा आगर-बड़ौद रोड स्थित न्यू मेघदूत ढाबा के सामने नाकाबंदी की गई।

**पुलिस कार्यवाही-** नाकाबंदी के दौरान संदिग्ध वाहन को रोककर नियमानुसार तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान आरोपी प्रधान सिंह के कब्जे से एक पारदर्शी पॉलिथीन में रखी 148 ग्राम एम.डी. ड्रग्स बरामद हुई, जिसकी पुष्टि नारकोटिक्स टेस्ट किट से की गई। साथ ही वाहन एवं आरोपियों के कब्जे से तीन मोबाइल फोन भी जब्त किए गए। संपूर्ण कार्यवाही एनडीपीएस एक्ट के प्रावधानों के अनुसार की गई।

**आरोपीयों का विवरण** 1. नरेंद्र सिंह सोंधिया पिता लालसिंह सोंधिया, निवासी जयसिंहपुरा, थाना बड़ौद, 2. प्रधान सिंह सोंधिया पिता गोवर्धन सिंह सोंधिया, निवासी जयसिंहपुरा, थाना बड़ौद **जब्तशुदा मश्रुका** 1. एम.डी. ड्रग्स - 148 ग्राम, कीमत लगभग 15,00,000/-, 2. बलेनो कार क्रमांक आरजे 17 सीबी 9871 - कीमत 10,00,000/- , 3. तीन मोबाइल फोन कीमत 30,000/-



कुल जब्त मश्रुका - 25,30,000/- थाना कोतवाली आगर पर अपराध क्रमांक 154/2026 धारा 08/22 एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। आरोपियों से मादक पदार्थ के स्त्रोत एवं नेटवर्क के संबंध में पूछताछ की जा रही है।

**सराहनीय भूमिका-** इस कार्यवाही में थाना प्रभारी शशि उपाध्याय, उप निरीक्षक राखी गुर्जर, सहायक उप निरीक्षक कालूराम मंडावर, प्रधान आरक्षक नरेंद्र भाटी, प्रधान आरक्षक मानवेंद्र गुर्जर, प्रधान आरक्षक प्रकाश मालवी, प्रधान आरक्षक वीरेंद्र सिंह राठौर, आरक्षक परवेज खान, आरक्षक जितेंद्र राजपूत, आरक्षक रवि राठौर एवं आरक्षक राजेश दांगी की सराहनीय भूमिका रही।

## घरेलू गैस सिलेंडरों के व्यावसायिक दुरुपयोग पर प्रशासन की कार्रवाई



**आगर मालवा।** कलेक्टर श्रीमती प्रीति यादव के निर्देशन में राजस्व एवं खाद्य विभाग के संयुक्त जांच दल द्वारा बड़ौद क्षेत्र में घरेलू गैस सिलेंडरों के व्यावसायिक उपयोग के विरुद्ध सघन जांच अभियान चलाया गया। कार्रवाई के दौरान विभिन्न होटलों एवं रेस्टोरेंट्स से घरेलू गैस सिलेंडर जब्त कर आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई। संयुक्त जांच दल में जिला आपूर्ति अधिकारी एम.एल. मालवीय, नायब तहसीलदार बड़ौद चंद्रशेखर परमार, कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी एन.एस. मूवेल तथा पटवारी परमानंद त्यागी शामिल रहे।

जांच के दौरान बस स्टैंड बड़ौद स्थित नियाजी होटल से तीन घरेलू गैस सिलेंडर, अंबिका होटल से एक सिलेंडर तथा गांधी चौक स्थित श्याम रेस्टोरेंट से दो घरेलू गैस सिलेंडर जब्त किए गए। सभी सिलेंडर भारत गैस कंपनी के घरेलू कनेक्शन के पाए गए, जिनका व्यावसायिक उपयोग किया जा रहा था। प्रशासन द्वारा संबंधित प्रतिष्ठानों के विरुद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। साथ ही वंदना भारत गैस एजेंसी की भी जांच की गई, जिसमें किसी प्रकार की अनियमितता नहीं पाई गई।

## पुण्यतिथि पर नारी शक्ति का सम्मान




**शुजालपुर।** श्री खाटू श्याम सेना ट्रस्ट के जिला अध्यक्ष डॉ. सुशील कुमार गेहलोत की माताजी स्व. गौरा बाई गेहलोत की 16 वीं पुण्यतिथि पर पुष्पांजलि एवं नारी शक्ति सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र की मातृशक्तियों का सम्मान कर उन्हें समाज में उनकी भूमिका के लिए सराहा गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में अतिथियों ने स्व. गौरा बाई गेहलोत के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर श्रद्धांजलि अर्पित की। समारोह की मुख्य अतिथि नगर परिषद अकोदिया अध्यक्ष रचना शर्मा रहीं, जबकि विशेष अतिथि के रूप में रेखा खत्री, ममता अग्रवाल, मीनाक्षी चौरासिया एवं वर्षा कुशवाह उपस्थित रहीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष बिंदु सोनी ने की। मुख्य अतिथि रचना शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि डॉ. गेहलोत द्वारा हर वर्ष अपनी माताजी की पुण्यतिथि पर सामाजिक सरोकारों से जुड़े कार्यक्रम आयोजित करना प्रेरणादायक है। उन्होंने नारी शक्ति सम्मान समारोह के माध्यम से महिलाओं को सम्मानित करने की पहल की सराहना की। इस दौरान अन्य अतिथियों ने भी कार्यक्रम को संबोधित करते हुए समाज में महिलाओं की भूमिका को महत्वपूर्ण बताते हुए उनके सशक्तिकरण पर बल दिया। कार्यक्रम में उपस्थित मातृशक्तियों का शाल एवं श्रीफ ल भेंटकर सम्मान किया गया। कार्यक्रम में ट्रस्ट के प्रदेश अध्यक्ष कमलेश अग्रवाल, नगर मीडिया प्रभारी संजय शर्मा, शरद जैन, गोलू गुप्ता, मनीषा परमार, हनी गुप्ता, शीतल सोनी, हर्षिता जायसवाल, रीना सोनी, रीता अग्रवाल, प्रेमलता पेजवाल, नीलम चौरासिया, ममता चौरासिया, प्रज्ञा अग्रवाल, आरती प्रजापति, ममता परमार, सरोज गोयल, पुष्पा अग्रवाल एवं इंदिरा गोयल सहित बड़ी संख्या में महिला मंडल की सदस्याएं उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का संचालन सतीश राठौर एवं आभार डॉ. सुशील गेहलोत ने माना।

## इलेक्ट्रॉनिक्स दुकान में आग लाखों का नुकसान

**शुजालपुर।** शहर के उपाध्याय मार्ग स्थित टेम्पो चौराहे के पास एक इलेक्ट्रॉनिक्स दुकान में रविवार सुबह आग लगने से हड़कंप मच गया। आगजनी की इस घटना में दुकान में रखा सामान जलकर खाक हो गया, जिससे व्यापारी को लाखों रुपए का नुकसान हुआ। मिली जानकारी अनुसार उपाध्याय मार्ग पर स्थित कृषि उपकरण व इलेक्ट्रानिक्स की दुकान रवि इंटरप्राइजेस से रविवार की सुबह धुआं निकलता देखा, उस समय दुकान की शटर लगी हुई थी और अंदर से धुआं निकलता हुआ देख आसपास के रहवासियों को आशंका हुई, पडोस में रहने वाले व्यक्ति ने इसकी जानकारी दुकान संचालक दर्शन शाह को दी, जिस पर दुकानदार मौके पर पहुंचे तो दुकान के अंदर आग लगी हुई थी और धुआं निकल रहा था। स्थानीय लोगों ने तत्काल आग बुझाने का प्रयास किया और फायर ब्रिगेड को सूचना दी। मौके पर पहुंची दमकल टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आगजनी में दुकान में रखा इलेक्ट्रॉनिक्स सामान एवं जरूरी दस्तावेज जलकर नष्ट हो गए। इस दुकान में काफी मात्रा में प्लास्टिक का सामान भी था, समय पर आगजनी पर काबू पाने से आसपास आग फेलने से बच गई। प्रारंभिक जांच में आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। घटना में करीब 7 से 8 लाख रुपए के नुकसान का अनुमान है। पुलिस ने दुकान संचालक की सूचना पर मामला दर्ज किया।

## पचोर रोड पर भिड़ी बाइक



**शुजालपुर।** पचोर शुजालपुर मार्ग पर रविवार की दोपहर को दो बाइक की भिड़त हो गई, इस दुर्घटना में बाइक पर सवार भाई व बहन घायल हो गए, जिन्हे राहगिर ने ऑटों से उपचार के लिए सिविल अस्पताल पहुंचाया। मिली जानकारी अनुसार हेमराज वर्मा निवासी बरनावद एवं बहन चंदा वर्मा बाइक से जा रहे थे इसी दरमियान पचोर रोड पर निर्माणाधीन बायपास के समीप बाइक एक ऑटों के बाहर लटक रही बोरियों से टकरा गई, जिससे बाइक चालक अपना संतुलन खो बैठा और दूसरी बाइक से टकरा गया। इस दुर्घटना में हेमराज को गंभीर चोटे आई जिसे सिविल अस्पताल शुजालपुर उपचार के लिए लाया गया।

## भाजपा स्थापना दिवस पर नगर में निवासरत वरिष्ठों का किया सम्मान



**पिपलिया मंडी।** नगर में भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष श्री मनोहर लाल जैन, श्री शिवलाल सोलंकी,भाजपा पुर्व जिला अध्यक्ष श्री मानसिंह जी माछोपुरिया/ भाजपा के वरिष्ठ नेता श्री सुधीर जैन मामा ,के निवास पर पहुंचकर भाजपा का ध्वज भेंटकर दुपट्टा पहनाकर बधाई शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि सुनील देवरिया, भाजपा अध्यक्ष श्री राकेश पाटीदार, किसान मोर्चा के मंडल अध्यक्ष श्री देवी लाल गुर्जर, मंडल उपाध्यक्ष श्री शीवपाल सिंह सरपंच ,मंडल महामंत्री प्रतिनिधि जगदीश मालवीय, श्री चंद्रपाल सिंह झाला सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

## दो हादसों में युवक व ट्रक चालक की मृत्यु

**मन्दसौर।** स्थानीय ट्रांसपोर्ट नगर में एक ट्रक के टायर के नीचे कालुराम(30) पिता गौतम मीणा निवासी लिम्बड़ीखेड़ा थाना धरियावद जिला प्रतापगढ़ राजस्थान के आने से उसकी मृत्यु हो गई। यह घटना शनिवार की शाम करीब पांच बजे की है। पुलिस ने ट्रक क्र. आरजे 09 जीबी 8023 के चालक के विरूद्ध बीएनएस की धाराओं में प्रकरण दर्ज किया। एक अन्य घटना जिले के सीतामऊ थाना क्षेत्र की है जहाँ 8 लाईन सूरजनी व बैलारा के बीच अज्ञात वाहन चालक मजहर पिता जहूर खान निवासी बुटोली जिला अलवर (राज.) ने अपने ट्रक क्र. आरजे 29 जीबी 5994 की तेज व लापरवाही पूर्वक चलाकर ट्रक को पलटी खिला दी जिससे जिससे चालक मजहर की मृत्यु हो गई। पुलिस ने आरोपी मजहर के खिलाफ बीएनएस की धाराओं में प्रकरण दर्ज किया।

## मेवाड़ा सेन समाज 14 को मनायेगा सेनजी महाराज का जन्मोत्सव

**मंदसौर।** मेवाड़ा सेन समाज पंचायत द्वारा संत शिरोमणि श्री सेनजी महाराज का 726वां जन्मोत्सव भव्य रूप से मनाया जाएगा। खानपुरा स्थित श्री बालाजी मंदिर पर आयोजित बैठक में निर्णय लिया गया कि आगामी 14 अप्रैल को जन्मोत्सव के अवसर पर मंदिर शिखर पर ध्वजा चढ़ाई जाएगी, जिसके पश्चात महाआरती और समाजजनों के लिए स्नेह भोज का आयोजन होगा। समाज अध्यक्ष ब्रजेश सेन मारोठिया ने बताया कि इस वर्ष आयोजन को विशेष भव्यता प्रदान करने के लिए डॉ. घीसालाल गंगवाल को जन्मोत्सव आयोजन समिति का अध्यक्ष मनोनीत किया गया है। बैठक में वरिष्ठ सदस्यों ने एकजुट होकर तन-मन-धन से सहभागिता करने का संकल्प लिया। इस दौरान अशोक चौहान, मगनीराम गंगवाल, सत्यनारायण सकवाया सहित अन्य समाजजन उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन सतीश परिहार ने किया।

## लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला 7 अप्रैल को सिंगोली आएंगे

**नीमच** लोकसभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला मंगलवार 7 अप्रैल को सिंगोली आएंगे लोक सभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला 7 अप्रैल को प्रातः 8.00 बजे शक्ति नगर, कोटा से सड़क मार्गद्वार प्रस्थान कर, 9.39 बजे मोहिवाल एस्टेट, तिलस्मा महदेव रोड़, सीएम राइज स्कूल के सामने, सिंगोली, जिला नीमच, पहुंच कर स्थानीय कार्यक्रम में भाग लेंगे। तदपश्चात आप 10.30 बजे सिंगोली, जिला नीमच, मध्य प्रदेश से कोटा के लिए प्रस्थान करेंगे द्य वर्तमान लोकसभा अध्यक्ष बिरला का यह प्रथम जिले में प्रवास होगा।



### वैष्णो देवी एवं हरिद्वार के लिए ट्रेन चलाने की मांग

**रतलाम।** माता वैष्णो देवी के दर्शन के लिए हजारों यात्री प्रतिदिन यात्रा करते हैं रतलाम से केवल एक ही ट्रेन जम्मूतवी है जो कि प्रतिदिन रात्रि ७.४५ बजे जाती है और इस ट्रेन के हालात यह है कि जनरल तो ठीक है स्लीपर डिब्बों में भी जगह नहीं मिलती जिससे यात्रियों को मुसीबतो का सामना करना पड़ता है।

### भक्ति, शक्ति और संस्कृति का संगम

# नागर ब्राह्मण परिषद का वार्षिक मिलन समारोह संपन्न

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ रतलाम



नागर ब्राह्मण परिषद शाखा रतलाम के तत्वावधान में आयोजित मिलन समारोह श्रद्धा, उत्साह और उल्लास के साथ संपन्न हुआ। इस गरिमामय आयोजन में समाज के वरिष्ठ जनों, मातृशक्ति और युवा वर्ग ने बढ़-चढ़कर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई और सामाजिक एकता का परिचय दिया।

कार्यक्रम का औपचारिक शुभारंभ परिषद के अध्यक्ष पंडित जितेंद्र जी रावल एवं महिला अध्यक्ष श्रीमती मीनाक्षी राजेंद्र रावल द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। सांस्कृतिक सत्र का प्रारंभ नन्ही वैभवी द्वारा प्रस्तुत गणेश वंदना से हुआ, जिसके पश्चात श्रीमती सुभद्रा मेहता ने अपनी सुमधुर आवाज में सरस्वती वंदना प्रस्तुत कर वातावरण को आध्यात्मिक बनाया।

आयुषी दवे, देविका जोशी, श्रद्धा त्रिवेदी और साक्षी मेहता ने भगवान शिव की महिमा में अत्यंत मनोहारी शिव स्तुति नृत्य प्रस्तुत किया। मालवा की माटी की खुशबू बिखेरते हुए अमिता मेहता, अलका मेहता, रानू मेहता, नीतू मेहता, भावना दवे और अर्चना मेहता ने पारंपरिक मालवी लोक नृत्य की शानदार प्रस्तुति दी। श्रीमती सोना एवं श्री हरीश जी मेहता ने अपने सुरीले युगल गीतों से श्रोताओं को आनंदित किया।

समाज की मातृशक्ति और प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने हेतु सम्मान सत्र आयोजित किया गया। वरिष्ठ समाजसेविका श्रीमती कमला देवी रावल ने आदरणीय विद्या देवी जोशी, हेमा देवी रावल एवं हेमा जी व्यास को शाल एवं पुष्पहार भेंट कर स्वयं सिद्धा के रूप में सम्मानित किया।

रतलाम का नाम रोशन करने वाली सुश्री श्वेता नागर को उनकी विशिष्ट उपलब्धियों के लिए महिला कार्यकारिणी द्वारा विशेष रूप से सम्मानित किया गया। साथ ही, समाज की सभी वरिष्ठ माताओं का भी अभिनंदन किया गया।

सामाजिक विकास की दिशा में कदम बढ़ाते हुए परिषद अध्यक्ष श्री संजय दवे एवं पंडित जितेंद्र जी रावल ने समाज का वार्षिक बजट प्रस्तुत किया और आगामी योजनाओं की रूपरेखा साझा की। कार्यक्रम का प्रभावशाली संचालन श्रीमती पूनम व्यास ने किया, जबकि आयोजन की सफलता के लिए श्री संदीप जी जोशी ने सभी सहयोगियों एवं समाजजनों का आभार व्यक्त किया।

परिषद के पदाधिकारियों ने इस भव्य और सफल आयोजन के लिए समस्त नागर समाज को बधाई देते हुए भविष्य में भी इसी प्रकार की सक्रियता बनाए रखने का आह्वान किया।

## आकस्मिक निरीक्षण में पुलिस अधीक्षक सख्त, लंबित प्रकरणों के शीघ्र निराकरण के दिए निर्देश

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ रतलाम



जिले में पुलिस कार्यप्रणाली को और अधिक प्रभावी एवं व्यवस्थित बनाने के उद्देश्य से एसपी अमित कुमार ने शनिवार को थाना नामली एवं थाना ताल क्षेत्र का आकस्मिक निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक ने सर्वप्रथम थाना नामली अंतर्गत पुलिस सहायता केंद्र बड़ौदा एवं पुलिस सहायता केंद्र पंचेड़ का जायजा लिया। इस दौरान थाना प्रभारी नामली निरीक्षक गायत्री सोनी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। उन्होंने सहायता केंद्रों पर प्राप्त होने वाले आवेदनों के त्वरित निराकरण, अभिलेखों के सुव्यवस्थित संधारण तथा आमजन से बेहतर समन्वय बनाए रखने पर विशेष जोर दिया।

इसके पश्चात थाना ताल अंतर्गत पुलिस चौकी खारवाकला का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। इस दौरान अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) आलोट श्रीमती पल्लवी गौड़, थाना प्रभारी ताल निरीक्षक स्वराज डाबी, चौकी प्रभारी वी.डी. जोशी सहित समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा चौकी में लंबित अपराधों, मर्ग जांच एवं चालानों की विस्तृत समीक्षा की गई। साथ ही रिकॉर्ड रजिस्टर, बैरक एवं समग्र रखरखाव का अवलोकन कर संतोष व्यक्त करते हुए स्टाफ की सराहना की गई। उन्होंने निर्देश दिए कि चौकी पर प्राप्त आवेदनों एवं अपराधों का नियमित संधारण किया जाए तथा उनका मासिक गोषवारा तैयार किया जाए।

पुलिस अधीक्षक श्री अमित कुमार ने स्पष्ट किया कि लंबित प्रकरणों का शीघ्र निराकरण, रिकॉर्ड का सुव्यवस्थित रखरखाव एवं आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान पुलिस की प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों को क्षेत्र में कानून व्यवस्था सुदृढ़ बनाए रखने एवं जनविश्वास को और मजबूत करने के निर्देश भी दिए।

## समाजबंधु घीसालाल जी उनियारा हर जोड़े को देंगे गोदरेज अलमारी

**पिपलिया मंडी।** फूलमाली समाज के सामूहिक विवाह सम्मेलन हेतु समाजबंधुओं द्वारा नगद राशि के साथ ही घरेलू सामग्री की घोषणा भी की गई है। पिपलिया मण्डी में महाकाल स्टील फर्नीचर के संचालक रमेश उनियारा व घीसालाल उनियारा द्वारा अपनी ओर से सभी 34 जोड़ों को आकर्षक व मजबूत गोदरेज की अलमारी प्रदान की जाएगी। उल्लेखनीय है कि पिछले साल ग्राम बरुखेड़ा में सम्पन्न समाज के सामूहिक विवाह सम्मेलन में भी महाकाल स्टील फर्नीचर द्वारा हर जोड़े को एक-एक गोदरेज अलमारी भेंट की गई थी। समाज के एक अन्य दानदाता और सम्मेलन में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेने वाले नीमच जिले के गांव बरुखेड़ा के सरपंच मांगीलाल जी डोड ने इसी माह होने जा रहे विवाह सम्मेलन के दौरान आयोजित सहभोज में खपत होने वाला सारा आटा ( अन्नदान ) अपनी तरफ से देने की घोषणा की है। जबकि पिपलियामण्डी निवासी चौखरा पंचायत अध्यक्ष मुकेश जी जाधव ने फूलमाली समाज के विवाह सम्मेलन हेतु 51 हजार रुपए की राशि प्रदान की। वहीं ग्राम अरनियामाली में रहने वाले गोविंदजी रावलिया ने भी इस आयोजन के लिए अपनी ओर से 51 हजार रुपए देने का एलान किया है। सनद रहे कि फूलमाली समाज का 18 वां सामूहिक विवाह आयोजन इस बार अक्षय तृतीया के अवसर पर 19 अप्रैल को नीमच जिले की मनासा तहसील के गांव अरनियामाली में आयोजित होगा। इस सम्मेलन हेतु 34 जोड़ों का पंजीयन हो चुका है। इस गांव में इस तरह का यह पहला कार्यक्रम होगा। इससे पहले ग्राम बरुखेड़ा में चार बार ऐसे सम्मेलन सफलतापूर्वक सम्पन्न हो चुके हैं।



## भाजपा स्थापना दिवस के अवसर पर नवीन कार्यालय भवन का भूमि पुजन 6 अप्रैल को

**नीमच।** 6 अप्रैल सोमवार को प्रातः 11 बजे भाजपा के स्थापना दिवस के अवसर पर जिले के नवीन कार्यालय भवन का भूमि पुजन समारोह प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री माननीय श्री मोहन यादव एवं भाजपा प्रदेशअध्यक्ष श्री हेमंत खंडेलवाल के कर कमलों से वचुर्अल माध्यम से संपन्न होगा । इस भव्य ऐतिहासिक अवसर पर जिले की प्रभारी मंत्री सुश्री निर्मला भुरिया, प्रदेश कोषाध्यक्ष श्री अखिलेश जैन सीए, मंदसौर संभाग प्रभारी श्री सुरेश आर्य, सांसद श्री सुधीर गुप्ता , प्रदेश भाजपा प्रवक्ता व विधायक श्री दिलीपसिंह परिहार, भाजपा जिलाध्यक्ष श्रीमती वंदना नारायण खंडेलवाल, जिला प्रभारी पुर्व सांसद श्री सुभाष पटेल, विधायक जावद श्री ओमप्रकाश सकलेचा, विधायक मनासा श्री अनिरूद्ध माधव मारू, जिला पंचायत अध्यक्ष श्री सज्जनसिंह चौहान, मंचासिन रहेंगे। प्रेस को जारी विज्ञप्ति में जिला मीडिया प्रभारी श्री मनोज माहेश्वरी व सह प्रभारी श्री शुभम शर्मा ने संयुक्त रूप से बताया की जिला भाजपा का यह नवीन कार्यालय भवन मालवा के गांधी डॉ लक्ष्मीनारायण पाण्डे मार्ग पर बनने जा रहा है ।

## अज्ञात कारणों से अवसादग्रस्त 35 वर्षीय व्यक्ति ने खाया जहरीला पदार्थ

**नीमच।** जिले के थाना बघाना क्षेत्र में सोनियाना गाँव में एक ३५ वर्षीय व्यक्ति ने जहरीले पदार्थ का सेवन किया है, पुलिस सहायता की आवश्यकता है, सूचना राज्य स्तरीय पुलिस कंट्रोल रूम डायल-112 भोपाल में दिनाँक 4 अप्रैल को दोपहर 12.35 बजे प्राप्त हुई । सूचना प्राप्ति पर तत्काल थाना बघाना क्षेत्र में तैनात डायल-112 वाहन को तत्काल मदद के लिए रवाना किया गया। डायल-112 स्टाफ आरक्षक कैलाश मालवीय एवं पायलेट अर्जुन ने घटना स्थल पर पहुँचकर बताया कि अज्ञात कारणों से आत्महत्या के उद्देश्य से 35 वर्षीय व्यक्ति ने जहरीले पदार्थ का सेवन किया है। डायल 112 जवानों ने त्वरित कार्यवाही करते हुए एफआरव्ही वाहन से लेकर जिला चिकित्सालय नीमच में भर्ती करवाया। जहाँ पीड़ित व्यक्ति का उपचार चल रहा है।

# दीक्षा के ग्यारह वर्षों बाद आर्यिका द्वय का मंदसौर में भव्य मंगल प्रवेश

### समाजजनों ने की भावभीनी अगवानी

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ मन्दसौर



दिगंबर जैन समाज की अनमोल निधि, आर्यिका 105 श्री समर्थ श्री माताजी एवं 105 श्री सार्थक श्री माताजी का ससंघ भव्य मंगल प्रवेश रविवार को मंदसौर नगर में हुआ। गणाचार्य श्री विराग सागर महाराज से वर्ष 2015 में दीक्षा ग्रहण करने के पश्चात, लगभग ग्यारह वर्षों के लंबे अंतराल के बाद अपनी जन्मभूमि और कर्मभूमि पर माताजी का यह प्रथम आगमन था। दलौदा से विहार कर नगर की सीमा में प्रवेश करते ही बैंड-बाजों और ढोल-नगाड़ों की थाप पर समाजजनों ने माताजी की भावभीनी अगवानी की। मार्ग में जगह-जगह पाद प्रक्षालन कर श्रद्धालुओं ने माताजी का मंगल आशीर्वाद प्राप्त किया। शोभायात्रा के रूप में माताजी नाकोडा नगर स्थित आचार्य १०८ सन्मति कुंज संत निवास पहुँचीं, जहाँ विशाल धर्मसभा का आयोजन हुआ। धर्मसभा को संबोधित करते हुए आर्यिका समर्थ श्री माताजी ने जीवन की सार्थकता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वर्तमान की आपाधापी और भागदौड़ भरे युग में मनुष्य अनगिनत भौतिक सपनों के पीछे भाग रहा है, लेकिन सही दिशा के अभाव में वह अक्सर भटक जाता है। उन्होंने जोर देकर कहा कि केवल सांसें लेना ही जीवन नहीं है, बल्कि उसे सार्थकता के साथ जीना ही वास्तविक जीवन है और यह प्रभु की शरण व गुरु के चरणों के बिना संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि जिस मनुष्य को प्रभु की शरण और गुरुओं के चरण मिल जाते हैं, वही अपने सपनों को यथार्थ में बदल पाता है।

धर्मसभा का शुभारंभ भगवान के चित्र अनावरण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ, जिसमें पं. विजय कुमार गांधी, डॉ. एस.एम. जैन, शांतिलाल बड़जात्या, राजमल गर्ग, अरविंद मेहता, विजयेंद्र सेठी एवं निलेश जैन दलौदा ने सहभागिता की। इस अवसर पर सुगन देवी, संतोष सेठी, मधु मांदावत द्वारा माताजी को शास्त्र भेंट किए गए। कार्यक्रम में पूर्व विधायक यशपाल सिंह सिसोदिया, विमल सिंहल, आदिश गर्ग, जय कुमार बड़जात्या, मनीष सेठी, मानमल जैन, दीपक भूता, सुरेश जैन तेलवाला, कोमल प्रकाश पंछी आदि ने आशीर्वाद लिया। उल्लेखनीय है कि आर्यिका द्वय सांसारिक जीवन में मंदसौर के प्रतिष्ठित समाजसेवी स्वर्गीय डॉ. अजित कुमार जैन के परिवार की सदस्य रही हैं। कार्यक्रम क संचालन डॉ. अशोक अग्रवाल ने किया तथा आभार नंदकिशोर अग्रवाल ने माना।

## कबीर इंटरनेशनल स्कूल में आयोजित फायरलेस कुकिंग कॉन्टेस्ट कार्यक्रम संपन्न

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ पिपलिया मंडी




शहर की अग्रणी शिक्षण संस्था कबीर इंटरनेशनल स्कूल में शुक्रवार दिनांक 3 अप्रैल 2026 को फायरलैस कुकिंग कॉन्टेस्ट का आयोजन किया गया। जिसके अंतर्गत विभिन्न छात्र-छात्राओं ने अपने माता-पिता के साथ भाग लिया। कॉन्टेस्ट के अंतर्गत सभी प्रतिभागियों को बिना गैस जलाएं स्वादिष्ट व्यंजन बनाना था। कार्यक्रम मे मुख्य अतिथी एवं निर्णायक के रूप में श्रीमती कृष्णा जी गोयल, श्रीमती श्वेता जी गोयल, श्रीमती मान्य जी हरजानी, श्रीमती प्रवीणा जी गुप्ता ,श्रीमती प्रतीक्षा पटेल उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का प्रारंभ उपस्थित अतिथियों, विद्यालय के डायरेक्टर डॉक्टर रश्मि जी पमनानी ,मैनेजिंग डायरेक्टर श्रीमती कोमल जी परमार, प्राचार्य श्रीमती विजया रवि, उप्राचार्य श्रीमती प्रीति कपूर द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण करके किया गया।

तत्पश्चात मुख्य अतिथियों का स्वागत किया गया। फिर प्रतियोगिता आरंभ की गई। प्रतियोगिता में सभी प्रतिभागियों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया । प्रतियोगिता का निर्णय खाने के स्वाद के साथ-साथ उसकी प्रस्तुति, रचनात्मकता, क्रियात्मकता, पोषक मूल्य ,साफ सफाई एवं समय सीमा को ध्यान में रखते हुए किया जाना था । सभी प्रतिभागियों ने अपना शानदार प्रदर्शन दिया और एक से एक स्वादिष्ट व्यंजन तैयार किए। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान श्रीमती पूजा चौहान एवं द्वितीय स्थान श्रीमती सोनू फरकीया ने प्राप्त किया।

विद्यालय परिवार द्वारा इंडक्शन एवं मिक्सर प्रथम एवं द्वितीय पुरस्कार के रूप में प्रदान किए गए। साथ ही सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए । कबीर इंटरनेशनल स्कूल सभी प्रतिभागियों और उपस्थित माननीय सदस्य गणों का दिल से धन्यवाद करता है।

कार्यक्रम का संचालन विद्यालय की कक्षा छठी की छात्रा हिमांशी माली और कृति पाटीदार द्वारा किया गया। कार्यक्रम की रूपरेखा शिक्षक हिमांशु पटेल द्वारा तैयार की गई और आभार प्राचार्या श्रीमती विजया रवि ने माना।

### न्यूज कालम



## शिवना शुद्धिकरण अभियान के 98वें दिन निकाली एक ट्रॉली गंदगी

**मंदसौर।** शिवना शुद्धिकरण जन अभियान के 98वें दिन रविवार को विधायक विपिन जैन के नेतृत्व में बड़ी संख्या में श्रमदानियों ने नदी के तट पर सफाई कार्य किया। सुबह 7 बजे से शुरू हुए इस अभियान में नदी के किनारों से गाजर घास, प्लास्टिक कचरा और अन्य अपशिष्ट निकालकर लगभग एक ट्रॉली गंदगी को हटाया गया। इस अवसर पर विधायक श्री जैन ने नगरवासियों से अपील की कि वे पवित्र शिवना नदी में कचरा या प्लास्टिक न फेंकें, क्योंकि यह न केवल जलचरों के लिए हानिकारक है बल्कि मानव स्वास्थ्य के लिए भी बड़ा खतरा है। उन्होंने शहरवासियों से हर रविवार को दो घंटे का समय निकालकर इस पुण्य कार्य में जुड़ने का आह्वान किया। श्रमदान के दौरान हेमराज खाबिया, रमेश सोनी, बालकृष्ण पोरवाल सहित कांग्रेस पदाधिकारी और अनेक सामाजिक कार्यकर्ता व महिला नेत्री उपस्थित रहीं।

## जेलों को सुधारगृह बनाना आवश्यक- वरिष्ठ अभिभाषक रातड़िया

**मंदसौर।** स्थानीय स्तर पर कनिष्ठ अभिभाषकों एवं विधि विद्यार्थियों के लिए आयोजित विधिक ज्ञान परिचर्चा में विशेषज्ञों ने अपने विचार रखे। मुख्य वक्ता अभिभाषक संघ के पूर्व अध्यक्ष व वरिष्ठ अभिभाषक प्रकाश रातड़िया ने कहा कि केवल कठोर दंड प्रावधानों से अपराधों पर पूर्ण विराम लगाना संभव नहीं है, क्योंकि कठोरतम कानूनों के बावजूद महिलाओं के प्रति अपराध और तस्करी जैसे मामले लगातार सामने आ रहे हैं। उन्होंने दंड के सुधारात्मक और मनोवैज्ञानिक दृष्टिकोण पर जोर देते हुए कहा कि जेलों में बढ़ती भीड़ और आदतन अपराधियों के साथ सामान्य बंदियों का संपर्क घातक है, इसलिए जेलों को वास्तविक सुधारगृह बनाना समय की मांग है। परिचर्चा में योग्य अनुसंधानकताओं की भूमिका और नागरिकों के अधिकारों की रक्षा पर भी संवाद हुआ। कार्यक्रम का संयोजन विनोद शर्मा ने किया तथा सुनील शर्मा, मोहम्मद गलनफर खान, गोपालचंद दगधी सहित कई विधि विद्यार्थियों ने चर्चा में सहभागिता की।

## 9 अप्रैल को मंदसौर मंडी में कांग्रेस का प्रदर्शन



**मन्दसौर।** जिला कांग्रेस कमेटी ने प्रदेश सरकार की किसान विरोधी नीतियों और गेहूं खरीदी में हो रही देरी के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। जिला अध्यक्ष महेंद्र सिंह गुर्जर ने भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि गेहूं खरीदी की तारीखें बार-बार आगे बढ़ाने से अन्नदाता परेशान है। खरीदी पहले 23 मार्च से शुरू होनी थी, जिसे बढ़ाकर अब 10 अप्रैल कर दिया गया है, जिससे किसान अपनी उपज कम दामों पर मंडी में बेचने को मजबूर हैं। इसके अलावा सरकारी कुप्रबंधन के कारण लगभग 50 प्रतिशत किसान ऋण जमा न कर पाने के कारण डिफॉल्टर होने की कगार पर हैं। इन समस्याओं के विरोध में जिला कांग्रेस द्वारा 9 अप्रैल को प्रातः 11 बजे कृषि उपज मंडी प्रवेश द्वार पर विशाल धरना प्रदर्शन और ज्ञापन सौंपा जाएगा।

## कहार महासंघ के उज्जैन संभाग अध्यक्ष बने बंटी डोडिया



**मंदसौर।** कहार महासंघ राष्ट्रीय सामाजिक संगठन मध्यप्रदेश द्वारा संगठन विस्तार के तहत महत्वपूर्ण नियुक्तियां की गई हैं। संगठन के शीर्ष नेतृत्व ने बंटी डोडिया की कार्यकुशलता और समाज के प्रति समर्पण को देखते हुए उन्हें उज्जैन संभाग अध्यक्ष के पद पर मनोनीत किया है। डोडिया की नियुक्ति पर समाजजनों में हर्ष की लहर है और विश्वास व्यक्त किया गया है कि उनके नेतृत्व में सामाजिक उत्थान के कार्यों को नई गति मिलेगी। इस अवसर पर कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष रामखेलावन सोंधिया, रामगोपाल रैकवार, अजय रैकवार, मनोहर चौहान, शंकर लाल परमार सहित अनेक वरिष्ठ पदाधिकारियों ने पुष्पमाला पहनाकर उनका स्वागत किया।

## पैरा शूटर रानी टांक ने इंडिया ओपन शूटिंग में जीता स्वर्ण पदक



**मंदसौर।** भोपाल में आयोजित च्इंडिया ओपन शूटिंग प्रतियोगिता में मंदसौर की प्रतिभाशाली पैरा शूटर रानी टांक ने अपनी खेल प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए स्वर्ण पदक हासिल किया है। रानी ने 10 मीटर पिस्टल एनआर एसएच 1 कैटेगरी में प्रथम स्थान प्राप्त कर जिले का नाम पूरे प्रदेश में रोशन किया। उल्लेखनीय है कि रानी ने अपनी खेल यात्रा की शुरूआत मंदसौर के नियुद्ध गुरुकुल से नियुद्ध गुरु प्रवीण भंडारी के मार्गदर्शन में की थी, जहाँ उन्होंने अपनी बुनियादी तकनीक को मजबूत किया। वर्तमान में वे एआईएमईआरएस शूटिंग एकेडमी में कोच व डायरेक्टर भूपेंद्र सिंह सिसोदिया की देखरेख में प्रशिक्षण ले रही हैं। रानी की यह जीत इसलिए भी विशेष है क्योंकि वे जिला आयुष कार्यालय मंदसौर में कार्यरत रहते हुए अपनी ड्यूटी के साथ खेल के प्रति जुनून को सफलतापूर्वक निभा रही हैं। उनकी इस उपलब्धि पर जिला आयुष अधिकारी डॉ. बिन्दु ध्रुव सहित खेल प्रेमियों ने हर्ष व्यक्त किया है। नियुद्ध गुरु प्रवीण भंडारी ने बताया कि भविष्य में मंदसौर में ही प्रोफेशनल शूटिंग रेंज शुरू करने की योजना है ताकि स्थानीय खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर की सुविधाएं मिल सकें।



## संयुक्त संचालक ने किया प्रोसेसिंग प्लांट का विस्तृत निरीक्षण

**कानड़।** संयुक्त संचालक राजीव निगम द्वारा नगर परिषद कानड के प्रोसेसिंग प्लांट का विस्तृत निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने प्लांट की कार्यप्रणाली, कचरा पृथक्करण व्यवस्था, मशीनों की स्थिति एवं अपशिष्ट प्रसंस्करण की गुणवत्ता का गहन अवलोकन किया। उन्होंने निर्देश दिए कि गीले एवं सूखे कचरे का शत-प्रतिशत पृथक्करण सुनिश्चित किया जाए तथा प्लांट की क्षमता के अनुरूप नियमित रूप से कचरे का निस्तारण किया जाए। निरीक्षण के दौरान स्वच्छ सर्वेक्षण के अंतर्गत निर्धारित मानकों के अनुसार कार्य करने पर विशेष जोर दिया गया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को प्लांट परिसर में साफ-सफाई, समयबद्ध कार्यप्रणाली एवं बेहतर प्रबंधन बनाए रखने के निर्देश दिए, जिससे शहर की स्वच्छता रैंकिंग में सुधार हो सके।इसके पश्चात अमृत 2 अंतर्गत ग्रीन स्पेस का भी निरीक्षण किया गया नगर परिसर स्थित गार्डन का भी निरीक्षण किया गया, जहां स्वच्छता, हरियाली एवं सौंदर्यीकरण कार्यों की समीक्षा की गई। इस अवसर पर नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि बाबूलाल बिजापारी, सीएमओ शिव सिंह चौहान को शहर को स्वच्छ, सुंदर एवं व्यवस्थित बनाने हेतु समन्वित प्रयास करने के निर्देश प्रदान किए गए।

## ब्यावरा में प्रवेशोत्सव कार्यक्रम 2026 का मंत्री ने किया शुभारंभ



**ब्यावरा।** स्थानीय शासकीय बालक हाई स्कूल राजगढ़ रोड में स्कूल चलें हम अभियान के अंतर्गत आयोजित प्रवेशोत्सव कार्यक्रम 2026 का शुभारंभ मंत्री नारायण सिंह पंवार द्वारा किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों को निःशुल्क साइकिलें एवं पाठ्य पुस्तकें वितरित कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री ने कहा कि शिक्षा जीवन का सबसे महत्वपूर्ण आधार है, इसके बिना जीवन अंधकारमय हो जाता है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में पिछले दो वर्षों में शिक्षा की गुणवत्ता और मूलभूत सुविधाओं में सुधार हुआ है। यही कारण है कि अभिभावकों का विश्वास शासकीय विद्यालयों के प्रति लगातार बढ़ रहा है और नामांकन में लगभग 32.4 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। प्रदेश में साक्षरता की दिशा में प्रगति हो रही। ज्ञान, नवाचार और संस्कारों के बल पर हमारे युवा देश को नई ऊंचाइयों तक ले जाएंगे। हमें अपनी मातृभाषा और भारतीय संस्कृति की ओर लौटना होगा, क्योंकि यही हमारी असली पहचान और शक्ति है। हमारी मातृभाषा में शिक्षा न केवल समझ को सरल बनाती है, बल्कि यह हमारे संस्कारों, परंपराओं और मूल्यों को भी सुदृढ़ करती है।

**विद्यार्थियों को मंच देकर प्रतिभा निखारने का प्रयास**

## शासकीय विद्यालय में अभिव्यक्ति के मंच गतिविधि आयोजित



**शुजालपुर।** शासकीय माँ शारदा संदीपनि विद्यालय में शासन के निदेर्शानुसार अभिव्यक्ति के मंच कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा प्रस्तुत करने के लिए मंच उपलब्ध कराना रहा। कार्यक्रम में विद्यालय के उपप्राचार्य एवं शिक्षकों की उपस्थिति में विभिन्न विषयों पर विद्यार्थियों ने अपने विचार व्यक्त किए। इस दौरान शिक्षकों ने बच्चों का मार्गदर्शन करते हुए उन्हें आत्मविश्वास के साथ मंच पर प्रस्तुति देने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के अंतर्गत मेधावी विद्यार्थियों को प्रोत्साहित भी किया गया। संचालन का दायित्व सरिता मीणा ने निभाया,वहीं आभार प्रदर्शन विकास द्वारा किया गया। विद्यालय प्रबंधन ने इस प्रकार की गतिविधियों को विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए उपयोगी बताया।

## नेकी की दीवार द्वारा नि:शुल्क समर कैंप का शुभारंभ बच्चे हुनर सीखेंगे



**शुजालपुर।** नगर की सक्रिय सामाजिक संस्था नेकी की दीवार निस्वार्थ आनंद क्लब द्वारा प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी मिर्ची बाजार क्षेत्र में निःशुल्क समर कैंप का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती पूजन एवं प्रशिक्षकों के तिलक के साथ विधिवत रूप से संपन्न हुआ। समर कैंप के दौरान बच्चों को आत्मरक्षा के लिए कराते, योग, ड्राइंग, पेंटिंग, आर्ट एंड क्राफ्ट, मेहंदी, कबाड़ से जुगाड़ जैसी रचनात्मक गतिविधियों के साथ रीडिंग एवं राइटिंग का प्रशिक्षण दिया जाएगा। कार्यक्रम के अवसर पर भोपाल निवासी कपिल पाटीदार के सुपुत्र नन्हे अभिजीत पाटीदार का द्वितीय जन्मदिन पर नानी सुनीता धर्मेंद्र लेवे एवं मौसी योगिता लेवे के साथ बच्चों को ड्राइंग बुक, कलर बॉक्स, केक एवं बिस्किट वितरित किए।

गेहूं खरीदी में देरीः

# किसान बोलेः सरकार गेहूं खरीदने को तैयार नहीं, शादियां सिर पर, कहां से करेंगे खर्च

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सारंगपुर।



सारंगपुर सहित प्रदेश भर में गेहूं की समर्थन मूल्य पर खरीदी नहीं होने से परेशान किसान अब सरकार के खिलाफ ही मोर्चा संभालने को तैयार हैं। किसान कई समस्याओं को लेकर सरकार के खिलाफ आक्रोशित नजर आ रहे है और आंदोलन की रुपरेखा बना रहे है। क्योंकि सरकार द्वारा गेहूं खरीदी की अंतिम तारीख बार-बार बढाए जाने से अब किसानों में निराशा है। किसानों ने आरोप लगाया कि सरकार की अव्यवस्थित नीतियों के कारण किसानों को भारी परेशानी का सामना करना पड रहा है। गेहूं खरीदी की प्रक्रिया में पारदर्शिता और समयबद्धता की कमी है। बार-बार तारीख बढाने से किसानों को मंडियों में लंबे समय तक इंतजार करना पड रहा है, जिससे उनकी लागत और परेशानी दोनों बढ रही हैं। वहीं अधिकतर किसानों के यहां विवाह कार्यक्रम होने जा रहे हैं और सरकार है कि समय पर गेहूं नही खरीद रही, ऐसी स्थिति में किसान अपने बच्चों का विवाह का खर्चा कहां उठाएगा। किसानों ने मांग कि है कि गेहूं खरीदी की स्पष्ट और स्थायी समयसीमा तय की जाए, ताकि किसानों को अनिश्चितता का सामना न करना पडे।

**क्या बोले खरीदी न होने पर किसान**

16 मार्च से गेहूं की नई आवक और फसल की समर्थन मूल्य पर खरीदी शुरू होनी थी लेकिन वह 1 अप्रैल को भी शुरू नहीं हो सकी। 3 बार तारीख आगे बढाई जा चुकी है। अब सरकार ने 10 अप्रैल से समर्थन मूल्य पर खरीदी की घोषणा की है। किसानों को कई समस्याओं से जुझना पड़ रहा है। कृषि उपज मंडी में समर्थन मूल्य पर खरीदी नहीं होने से उच्च कोटि का जो गेहूं 2700 प्रति क्विंटल बिकना चाहिए वह मंडी व्यापारी 2000 से 2200 रुपए क्विंटल खरीद कर किसानों को लूटने में लगे हैं।

**मुकेश गोस्वामी, किसान।**

सरकार किसान कल्याण वर्ष मना रही है और जगह-जगह कार्यक्रमों का आयोजन हो रहा है। इसके बावजूद गेहूं की समर्थन मूल्य पर खरीद शुरू नहीं की। सरकार ने समर्थन मूल्य पर खरीदी शुरू नहीं होने के पीछे युद्ध के दौरान बाहर से आने वाला वारदाना उपलब्ध नहीं होने की बात की है लेकिन यह बात पूरी तरह गलत है। वारदाने की सरकार ने पहले से व्यवस्था क्यों नहीं की। युद्ध तो अभी चालू हुआ है। इससे किसानों को दुगना नुकसान हो रहा है। फिलहाल समर्थन मूल्य 2615 रुपए है इसमें 40 रुपये का बोनस है लेकिन सरकार समर्थन मूल्य पर खरीदी के नाम पर लगातार बहाने बना रही है। जो सीधे किसानों के साथ धोखा है।

**चंदर परमार, किसान।**

सरकार ने गेहूं खरीदी में बहुत देर कर दी है और उस पर कर्ज चुकाने का बोझ भी सरकार के द्वारा डाला जा रहा है। नरवाई जाने पर कार्रवाई की चेतावनी दी जा रही है। किसान भी चाहते हैं कि गेहूं की खरीदी जल्द हो और कटाई के बाद नरवाई के निष्पादन का विकल्प राज्य सरकार को निकालना चाहिए। किसान तो नरवाई नहीं जलाते लेकिन राज्य शासन ने इसके लिए किसानों को ही दोषी मान रखा है।

**महेश खाती, किसान।**

सरकार किसानों की आय दुगनी से 8 गुना बढाने की झूठी घोषणा कर रही है। सरकार की किसान विरोधी नीति के कारण 60 फीसदी किसान डिफाल्टर हो चुका है। जीरो फीसदी ब्याज पर लोन के नाम पर अब किसानों पर सालाना 7 फीसदी की दर से ब्याज वसूला जा रहा है, जबकि 1 अप्रैल से फिर ऐसे डिफाल्टर किसानों पर 14 प्रतिशत अर्थ दंड लगाया जाएगा। समर्थन मूल्य पर खरीदी जल्द से जल्द शुरू होने चाहिए ताकि किसानों के घर होने वाली शादियों के लिए उनके पास खर्च का रुपया आ सकें। एक बात और अगर 15 मई तक किसानों का ब्याज माफ नहीं किया गया तो उसके बाद प्रदेश संगठन के आव्हान पर किसान संघ तहसील स्तर पर आंदोलन करेगा।

**देवनारायण नागर, अध्यक्ष, भारतीय किसान संघ, तहसील, सारंगपुर।**

# ज्वेलर्स की दुकान से पायजेब चोरी, दो महिलाएं गिरफ्तार

**सीसीटीवी से पहचाना, 50 हजार की चांदी बरामद**

दैनिक अवन्तिका ▸▸ देवास



देवास पुलिस ने ज्वेलर्स की दुकान से चांदी की पायजेब चोरी करने वाली दो महिलाओं को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उनके कब्जे से चोरी की गई लगभग 50,000 रुपए कीमत की दो जोड़ी पायजेब भी बरामद की हैं।

यह घटना उदयनगर थाना क्षेत्र में कृष्णा ज्वेलर्स की दुकान पर 17 फरवरी 2026 को हुई थी। दुकान संचालक सोम छापरिया, निवासी ग्राम बडुद, थाना सनावद, जिला खरगोन (हाल मुकाम उदयनगर) ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया कि दो महिलाएं पायजेब देखने के बहाने उनकी दुकान से दो जोड़ी चांदी की पायजेब चुराकर ले गईं।

रिपोर्ट के आधार पर उदयनगर थाने में आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर विवेचना शुरू की गई। थाना प्रभारी विजेंद्र सिंह सोलंकी के नेतृत्व में एक विशेष पुलिस टीम का गठन किया गया।

सीसीटीवी फुटेज के आधार पर उक्त महिला आरोपियों की पहचान की गई और शुक्रवार को दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया। उनके कब्जे से चोरी की गई चांदी की दो जोड़ी पायजेब, जिनकी कीमत लगभग 50,000 रुपए है, बरामद कर जब्त की गई। पुलिस आगे की वैधानिक कार्रवाई कर रही है।

गिरफ्तार की गई महिलाओं की पहचान गुड़ी बाई पति विजय सिंह सिसोदिया और कला बाई पति रमेश सिसोदिया के रूप में हुई है। ये दोनों भड़ा पिपलिया, थाना बरोठा की रहने वाली हैं।

**सीसीटीवी में कैद हुई थी दोनों महिलाएं**

पुलिस टीम ने तकनीकी साक्ष्य, भौतिक साक्ष्य, मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया और घटना स्थल के आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले। फुटेज में दोनों आरोपी महिलाओं को घटना को अंजाम देने के बाद जाते हुए कैद किया गया था।

## नारायणपुर में श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ एवं मां अंबे की नवीन मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सारंगपुर।

सरदारपुर धाम नारायणपुर कोलू खेडा गांव में सरदार वल्लभभाई पटेल मानव सेवा ट्रस्ट निमार्णाधीन परमार्थ चैरिटी नेत्र चिकित्सा संस्थान के उपलक्ष में श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ एवं नवीन मंदिर में भगवान की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर शनिवार को श्रीमद्भगवत कथा से पूर्व श्रद्धालुओं के द्वारा विशाल भव्य कलश यात्रा निकाली गई। इस यात्रा के दौरान फूलों की वर्षा हुई और श्रद्धालु भजनों पर थिरकते नजर आए यह कलश यात्रा गांव की उमिया माता धर्मशाला से प्रातः 8:00 बजे प्रारंभ हुई। इसमें कन्याएं एवं महिलाएं पीतांबर वस्त्र धारण कर सिर पर मंगल कलश लिए मंगल गीत गाते हुए चल रही थी। गाजे बाजे और वैदिक मंत्रोच्चार के साथ निकली हजारों की संख्या में इस भव्य कलश यात्रा में भक्त गण शामिल हुए, जिससे पूरे क्षेत्र का वातावरण भक्ति मय हो गया। सरदार वल्लभभाई पटेल मानव सेवा ट्रस्ट निमार्णाधीन परमार्थ चैरिटी नेत्र अस्पताल के उद्देश्य से कथा ज्ञान यज्ञ एवं मां उमिया मां अंबे तथा मां खोडियार माता का नवीन मंदिर में प्राण-प्रतिष्ठा का आयोजन सरदार वल्लभभाई पटेल मानव सेवा ट्रस्ट के समस्त सदस्य सहित दानदाताओ एवं सहयोगियों के नेतृत्व में इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कलश यात्रा में हजारों की संख्या में महिलाओं पुरुषों और युवाओं ने भाग लिया। कलश यात्रा गांव के विभिन्ना मोहल्ले से होती हुई सारंगपुर सडक मार्ग होते हुए रास्ते मे विधि विधान से देवी देवताओं का पूजन कर कलश में पवित्र जल भरा गया। कलश शोभायात्रा के दौरान आगे आगे कथा के मुख्य यजमान नंदकिशोर पाटीदार तिल्लौर खुर्द अपने सिर पर श्रीमद् भागवत कथा धारण कर सपत्नीक साथ चल रहे थे। वहीं पीछे-पीछे बग्गी में विराजमान कर मां उमिया मां अंबे तथा मां खोडियार माता की प्रतिमा सुसज्जित बग्गी में कलश यात्रा के दौरान नगर भ्रमण पर साथ चल रहे थी।

## आपस में टकराई चार गाड़ियां, कांच टूटे

**देवास।** मक्सी रोड स्थित कृषि उपज मंडी के पास शनिवार शाम करीब 7 बजे चार वाहन आपस में टकरा गए। इस हादसे में एक कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई, जबकि अन्य तीन वाहनों को मामूली नुकसान पहुंचा है। गनीमत रही कि किसी को गंभीर चोट नहीं आई, एक व्यक्ति को हल्की चोटें आईं।

जानकारी के अनुसार, बीएनपी थाना क्षेत्र के अंतर्गत कृषि उपज मंडी के सामने एक कार टर्न ले रही थी। इसी दौरान पीछे से आ रहे एक बोलेरो वाहन ने उसे टक्कर मार दी। इसके बाद, पीछे से आ रही एक अन्य कार रुकी, तभी एक बोलेरो पिकअप वाहन ने उसे भी टक्कर मार दी।

संभागीय संयुक्त संचालक ने किया निरीक्षण,ट्रेचिंग ग्राउंड की व्यवस्थाओं पर जताई नाराजगी

# संयुक्त संचालक ने कहा प्रदेश की अन्य निकायों का भ्रमण कर तैयार करे विकास कार्यों के प्रस्ताव

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सुसनेर



नगर निगम के संभागीय संयुक्त संचालक राजीव निगम ने को सुसनेर का दौरा कर नगर परिषद की विभिन्न विकास योजनाओं और स्वच्छता व्यवस्था का व्यापक निरीक्षण किया। उन्होंने स्थानीय अधिकारियों को कार्यप्रणाली में सुधार और लंबित प्रकरणों के त्वरित निराकरण के कड़े निर्देश दिए।

निगम ने ट्रेचिंग ग्राउंड का दौरा किया तथा यहां की व्यवस्थाओं पर नाराजगी जाहिर करते हुवें व्यवस्थाऐं सुधारने के निर्देश अधिकारियों को दिए। उनके इस दौरे का मुख्य उद्देश्य शहर में चल रही मुख्यमंत्री अधोसंरचना योजना, कायाकल्प अभियान और स्वच्छ भारत मिशन के कार्यों की जमीनी हकीकत जानना था। ट्रेचिंग ग्राउंड में सुखा एवं गीला कचरा अलग-अलग करने के निर्देश दिए। ट्रेचिंग ग्राउंड की व्यवस्थाओं पर नाराजगी जताते हुवें यहां पर व्यवस्थाऐं करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने निर्देशित करते हुवें कहां कि नगर के कचरा संग्रहण केंद्रों और नालियों की नियमित सफाई सुनिश्चित की जाए ताकि नागरिकों को जलभराव जैसी समस्याओं का सामना न करना पड़े। संयुक्त संचालक ने सीएमओं और परिषद के कर्मचारियों को जनता के प्रति जवाबदेह बनने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि नगरीय निकायों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए आय के नए स्रोत खोजें और स्वच्छता सर्वेक्षण में शहर की रैंकिंग सुधारने के लिए जनभागीदारी को बढ़ावा दें। इस दौरान नगर परिषद के अधिकारी, कर्मचारी और जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। निगम ने चेतावनी दी कि कार्य में लापरवाही बरतने वाले कर्मचारियों के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

**नगर परिषद अध्यक्ष व नेताओं ने की मुलाकात**

निरीक्षण के दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष प्रदीप सोनी सहित भाजपा नेताओं ने संभागीय संयुक्त संचालक राजीव निगम से मुलाकात की। इस दौरान निगम ने नगर परिषद अध्यक्ष को आश्वस्त किया कि नगर विकास की योजनाओं के लिए राशी की कोई कमी नहीं आएगी। उन्होंने कहां कि म.प्र. में विकासित नगर पालिका नगर परिषदों का दौरा कर वहां की व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी ले तथा नगर विकास के प्रस्ताव तैयार करे। सीएमओं ओ.पी.नागर को निर्देशित करते हुवें विकास कार्यो के प्रस्ताव जल्द से जल्द तैयार करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर सांसद प्रतिनिधी मुकेश हरदेनिया,भाजपा नेता पवन शर्मा,पार्षद प्रतिनिधी युगल किशोर परमार,कमल गर्ग आदि मौजूद थे।

## प पू डॉ साध्वी श्री अमृतरसा श्री जी म सा आदि ठाणा 3 का महिदपुर रोड में होगा इस बार चातुर्मास

**चार माह तक नगर में बहेंगी धर्म की गंगा**



**महिदपुर रोड।** राष्ट्र संत पुण्य सम्राट गुरुदेव श्रीमद् विजय जयंत सेन सुरिश्वरजी महाराजा के पट्टधर सुविशाल गच्छाधिपति श्रीमद् विजय नित्य सेन सुरिश्वर जी म.सा की आज्ञानुवर्ती परम पूज्य साध्वी श्री भुवनप्रभा श्री जी म. सा की सुशिष्या मधुर व्याख्यानी प पू डॉ साध्वी श्री अमृतरसा श्री जी म.सा आदि ठाणा का वर्ष 2026 का चातुर्मास महिदपुर रोड नगर में हो गा पिछले कई वर्षों से साध्वी जी के चातुर्मास की विनंती की जा रही थी चातुर्मास को लेकर नगर में अ पार उत्साह उमंग एवं उल्लास का माहौल है। नगर में समाजजनों का सपना साकार हुआ है अब चार माह तक नगर में बहेंगी नित्य जप तप साधना आराधना धर्म ज्ञान की गंगा जैन श्री संघ अध्यक्ष अजय चौरड़िया सभी सकल जैन श्री संघ एवं नव युवक महिला बहू तरुण बालिका परिषद के पदाधिकारी एवं सदस्यों से से अनुरोध किया है कि नगर का सौभाग्य कि हमें पूज्य साध्वी जी म.सा का चातुर्मास प्राप्त हुआ है। सभी ने चातुर्मास को ऐतिहासिक चातुर्मास बनाने का संकल्प लिया। चातुर्मास की तैयारियों एवं व्यवस्था में सभी समाज जनों को को तन मन धन से जुड़कर प्रत्येक कार्यक्रम सफल बना धर्म लाभ प्राप्त करना है उक्त जान कारी जैन समाज के मीडिया प्रभारी सचिन भंडारी ने दी।

## वार्ड नं. 6 में सीसी सड़क रोड का शुभारंभ नपाध्यक्ष भरावा ने किया



**खाचरौद।** नगर के वार्ड 06 अंतर्गत कृष्णा गली, भोजाखेड़ी एवं उसके आसपास की गलियों में सीसी सड़क निर्माण कार्य का शुभारंभ नगर पालिका अध्यक्ष गोविन्द भरावा एवं उपाध्यक्ष दिनेश ठन्ना की उपस्थिति में किया गया। उक्त जानकारी देते हुए क्षेत्रवासियों द्वारा बताया कि पूर्व में वर्ष 1999 में तत्कालीन नगर पालिका अध्यक्ष स्व. श्री मोहनलाल जी ठन्ना द्वारा उक्त क्षेत्र में सड़क निर्माण कराया गया था उसके पश्चात आज लगभग 27 वर्ष बाद उनके पुत्र दिनेश ठन्ना के कार्यकाल में उक्त सड़क का निर्माण कराया जा रहा है। सड़क निर्माण से अभिभूत क्षेत्रवासियों द्वारा नगर पालिका अध्यक्ष भरावा एवं उपाध्यक्ष ठन्ना का पुष्पमाला पहनाकर सम्मान किया।इस अवसर पर नपा पार्षद दशरथ वाकतारिया, पार्षद प्रतिनिधि राजेन्द्र धाकड़, राहुल मेहता, बाबू नागर सहित बड़ी संख्या में क्षेत्र के गणमान्य नागरिक एवं मातृशक्ति उपस्थित रही।

## 11 अप्रैल को मंत्री विजयवर्गीय करेंगे नगर परिषद भवन का लोकार्पण

**अध्यक्ष सोनी के आमंत्रण पर आ रहे मंत्री विजयवर्गीय**



**सुसनेर।** नगर परिषद के नवनिर्मित भवन का लोकार्पण 11 अप्रैल को प्रदेश के नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के मुख्य आतिथ्य में किया जाएगा। प्रस्तावित कार्यक्रम के अनुसार मंत्री विजयवर्गीय दोपहर 3 बजे नगर परिषद पहुंचकर फीता काटकर भवन का शुभारंभ करेंगे। उनके आगमन को लेकर नगर में तैयारियों का दौर जल्द ही तेज होने की संभावना है। वहीं जनप्रतिनिधियों और नागरिकों में उत्साह का माहौल बना हुआ है। उल्लेखनीय है कि नगर परिषद अध्यक्ष प्रदीप सोनी शुक्रवार को इंदौर पहुंचे थे जहां उन्होंने मंत्री कैलाश विजयवर्गीय से सौजन्य भेंट की। इस दौरान सुसनेर नगर के विकास से जुड़े विभिन्न मुद्दों एवं आवश्यकताओं पर विस्तार से चर्चा की गई और एक मांग पत्र भी सौंपा गया। अध्यक्ष सोनी ने मंत्री को नगर परिषद के नवीन भवन के लोकार्पण कार्यक्रम में शामिल होने का आमंत्रण दिया जिसे मंत्री विजयवर्गीय ने सहर्ष स्वीकार कर लिया। इस मुलाकात के दौरान अध्यक्ष सोनी की पत्नी सारिका सोनी भी उपस्थित रहीं। नगर परिषद का नया भवन आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित है, जिससे नगरवासियों को बेहतर प्रशासनिक सेवाएं मिल सकेंगी।

## मंदिर को दर्शन हेतु खोलने की माँग

**गुना।** बमौरी विधानसभा के महोदरा स्थित प्राचीन श्री केदारनाथ धाम मंदिर श्रद्धालुओं के दर्शन के लिए पिछले तीन सालों में शासन द्वारा बंद कर दिया गया है। जिसके पीछे चट्टानों के खिसकने के कारण होने वाली दुर्घटना को कारण बताया जा रहा है। मगर शिवभक्तों की पुनः मदिर को श्रद्धालुओं को पुनः दर्शन करने के लिए खोलने की मांग अब जन जागृति का रूप ले चुकी है। इस माँग को लेकर केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के पिछले दौरे पर मंदिर के पुजारी सहित आसपास के लोगों द्वारा उनसे मुलाकात भी की गई थी और उन्हें इस संबंध में ज्ञापन भी सौंपा गया था।



वैश्विक अस्थिरता और छोटे कारोबारी हफ्ते के कारण बाजार कमजोर रहा और 10 में से 6 बड़ी कंपनियों को करीब 64,734 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ, जिसमें भारती एयरटेल सबसे ज्यादा प्रभावित रही।

# शीर्ष 10 कंपनियों में छह का मार्केट कैप 65 हजार करोड़ घटा, भारती एयरटेल को सबसे अधिक नुकसान

**नई दिल्ली।** पिछले हफ्ते छुट्टियों की वजह कम दिनों का कारोबार रहा। इस दौरान देश की शीर्ष 10 कंपनियों में से छह के बाजार मूल्य में गिरावट दर्ज की गई। इन कंपनियों को कुल करीब 64,734 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ। सबसे ज्यादा नुकसान भारती एयरटेल को हुआ। इसका मतलब है कि शेयर बाजार में कुल मिलाकर कमजोरी रही। पिछले हफ्ते बीएसई सूकांक (सेंसेक्स) 263.67 अंक (यानी 0.35 फीसदी) गिरा। जबकि, एनएसई निफ्टी में 106.5 अंक (यानी 0.46 फीसदी) की कमी दर्ज की गई।

रेलिगेयर ब्रूकिंग लिमिटेड के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) अजित मिश्रा ने कहा, बाजार लगातार छठे हफ्ते गिरावट के साथ बंद हुआ। यह लगभग आधा फीसदी नीचे रहा। यह गिरावट वैश्विक व घरेलू अनिश्चितताओं के कारण बढ़ी अस्थिरता को दिखाती है। उन्होंने बताया कि छुट्टियों वाले इस छोटे हफ्ते की शुरूआत कमजोर रही। इसका कारण अमेरिका और ईरान के बीच बढ़ता तनाव व कच्चे तेल की कीमतों में तेज बढ़ोतरी रहा। इससे निवेशकों का भरोसा प्रभावित हुआ और बाजार में बड़े




पैमाने पर बिकवाली देखी गई।

हालांकि, सप्ताह के बीच में बाजार में कुछ सुधार भी देखने को मिला। भू-राजनीतिक तनाव में कमी और तेल की कीमतों में नरमी के कारण बाजार संभला। इसके बावजूद बाजार में उतार-चढ़ाव बना रहा। इसकी वजह वैश्विक संकेतों में बदलाव, विदेशी निवेशकों की लगातार बिकवाली, रुपये की कमजोर और महंगाई को लेकर चिंता रही।

इसके विपरीत, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज का बाजार मूल्य 22,359 करोड़ रुपये बढ़कर 8,87,028.43 करोड़ रुपये हो गया। इंफोसिस का बाजार मूल्य 12,374.76 करोड़ रुपये बढ़कर 5,27,409.43 करोड़ रुपये पहुंच गया।

### भारती एयरटेल को सबसे अधिक नुकसान

भारतीय एयरटेल का बाजार मूल्य 29,993.07 करोड़ रुपये से घटकर 10,20,420.26 करोड़ रुपये रह गया। आईसीआईसीआई बैंक का मूल्य 12,845.81 करोड़ रुपये घटकर 8,70,705 करोड़ रुपये हो गया।

### बजाज फाइनेंस और एचडीएफसी का भी बाजार मूल्य घटा

इसी तरह, बजाज फाइनेंस के बाजार मूल्य में 11,169.36 करोड़ रुपये की कमी आई और यह 5,14,226.12 करोड़ रुपये पर आ गया। एचडीएफसी का बाजार मूल्य 7,822.79 करोड़ रुपये से घटकर 11,56,195.90 करोड़ रुपये रह गया।

हिंदुस्तान यूनिलीवर का बाजार मूल्य 2,349 .59 करोड़ रुपये कम होकर 4,85,190.60 करोड़ रुपये रह गया। जबकि भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) का बाजार पूंजीकरण 553.84 करोड़ रुपये घटकर 9,41,015.31 करोड़ रुपये हो गया।

# पश्चिम एशिया तनाव का भारत पर पड़ेगा बड़ा असर, बढ़ेगी महंगाई; जीडीपी वृद्धि दर भी गिरेगी




**नई दिल्ली।** मूडीज रेटिंग्स ने भारत की आर्थिक वृद्धि दर के अनुमान को घटाते हुए नए वित्त वर्ष 2026-27 के लिए इसे 6 प्रतिशत कर दिया है, जो पहले 6.8 प्रतिशत आंका गया था। वैश्विक रेटिंग एजेंसी ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष की वजह से भारत की आर्थिक गति पर असर पड़ेगा और महंगाई के जोखिम बढ़ेंगे।

रिपोर्ट के अनुसार, एलपीजी आपूर्ति में बाधा और ईंधन कीमतों में बढ़ोतरी से घरेलू स्तर पर असर दिख सकता है। इससे परिवहन लागत बढ़ेगी और खाद्य महंगाई पर भी दबाव पड़ेगा, क्योंकि भारत उर्वरकों के आयात पर निर्भर है। पश्चिम एशिया से भारत में कच्चे तेल का लगभग 55 प्रतिशत और एलपीजी का 90 प्रतिशत से अधिक आयात होता है।

### महंगाई बढ़ने का अनुमान

मूडीज ने नए वित्त वर्ष में औसत महंगाई दर 4.8 प्रतिशत रहने का अनुमान जताया है, जो 2025-26 के 2.4 प्रतिशत से अधिक है। एजेंसी के अनुसार, भू-राजनीतिक जोखिमों के चलते महंगाई का दबाव बढ़ सकता है। रिपोर्ट में कहा गया है कि बढ़ती महंगाई और स्थिर आर्थिक वृद्धि के बीच नीतिगत ब्याज दरों को स्थिर रखा जा सकता है या धीरे-धीरे बढ़ाया जा सकता है, जो संघर्ष की अवधि और उसके प्रभाव पर निर्भर करेगा।

### विकास दर पर दबाव के कारण

एजेंसी के मुताबिक निजी खपत में कमी, औद्योगिक गतिविधियों में नरमी और उच्च लागत के कारण निवेश की गति धीमी पड़ सकती है, जिससे विकास दर प्रभावित होगी।

### अन्य रेटिंग एजेंसियों का क्या है अनुमान?

ओईसीडी ने भी हाल ही में भारत की वृद्धि दर 6.1 प्रतिशत रहने का अनुमान जताया है।

वहीं ईवाई की रिपोर्ट में कहा गया है कि अगर संघर्ष जारी रहा तो वृद्धि दर में लगभग एक प्रतिशत की कमी आ सकती है। घरेलू रेटिंग एजेंसी आईसीआरए ने वित्त वर्ष 2026-27 में विकास दर 6.5 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया है।

### राजकोषीय दबाव बढ़ने की आशंका

रिपोर्ट के अनुसार, तेल, गैस और उर्वरकों की ऊंची कीमतों से सरकारी सब्सिडी का बोझ बढ़ेगा और राजस्व पर दबाव पड़ेगा। इसके साथ ही पेट्रोल-डीजल पर उत्पाद शुल्क में कटौती से टैक्स संग्रह पर असर पड़ सकता है।

### बाहरी क्षेत्र पर प्रभाव

भारत का चालू खाता घाटा 2025 में घटकर 0.4 प्रतिशत रहा, लेकिन 2026-27 में इसके 1-1.5 प्रतिशत के बीच रहने का अनुमान है। महंगे आयात और व्यापार में बाधाओं के कारण यह दबाव बढ़ सकता है। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि खाड़ी क्षेत्र से आने वाली रेमिटेंस, जो कुल प्रवाह का लगभग 40 प्रतिशत है, भी जोखिम में आ सकता है।

# दिल्ली में कारोबारियों के लिए पीएनजी कनेक्शन के लिए आवेदन करना अनिवार्य

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार ने राजधानी में व्यापारिक और औद्योगिक गतिविधियों के लिए कमर्शियल एलपीजी सिलिंडरों की आपूर्ति के नियमों को सख्त कर दिया है। खाद्य, आपूर्ति और उपभोक्ता मामले विभाग की ओर से 2 अप्रैल को एक आधिकारिक आदेश जारी किया गया। इसके तहत, अब उन इलाकों में जहां पीएनजी कनेक्शन उपलब्ध है, वहां व्यवसायों के लिए कमर्शियल एलपीजी प्राप्त करना तभी संभव होगा, जब उनके पास पाइप्ड नेचुरल गैस (पीएनजी) का कनेक्शन हो या उन्होंने इसके लिए आवेदन कर दिया गया हो। सरकार ने हाल ही में अधिसूचित कमर्शियल एलपीजी वितरण नीति से जुड़े एक प्रमुख नियम में यह संशोधन किया है।

### क्या हैं नए नियम और अनुपालन?

संशोधित नियमों के तहत, कमर्शियल और औद्योगिक उपभोक्ता अब एलपीजी आपूर्ति प्राप्त करने के पात्र तभी माने जाएंगे, जब वे संबंधित तेल विपणन कंपनी (ओएमसी) के साथ पंजीकृत होंगे और नेटवर्क मौजूद



होने की स्थिति में उन्होंने पीएनजी कनेक्शन के लिए आवेदन किया होगा। आदेश में उन क्षेत्रों के लिए भी दिशा-निर्देश दिए गए हैं जहां पीएनजी इन्फ्रास्ट्रक्चर अभी तक उपलब्ध नहीं है। ऐसे क्षेत्रों के उपभोक्ताओं को एक आवेदन जमा करना होगा, जिसमें पीएनजी नेटवर्क उपलब्ध होने पर उस पर स्विच करने की मंशा साफ की गई हो।

### ओएमसी और आईजीएल की भूमिका

इस नीति को धरातल पर उतारने के लिए तेल और गैस कंपनियों को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी गई है:

**दस्तावेजों का सत्यापन:** कमर्शियल गैस उपभोक्ताओं को आपूर्ति करते समय ओएमसी (ओएमसी) को कम से कम एक बार यह सुनिश्चित करने के लिए दस्तावेज एकत्र करने होंगे कि उपभोक्ता पंजीकृत है और उसने पीएनजी के लिए आवेदन या मंशा पत्र जमा कर दिया है।

**आईजीएल के साथ डेटा साझाकरण:** पीएनजी पर शिफ्ट होने की इच्छा जताने वाले उपभोक्ताओं का रिकॉर्ड आगे की कार्रवाई के लिए इंद्रप्रस्थ गैस लिमिटेड (आईजीएल) के साथ साझा किया जाएगा।

**दोहरे उपयोग के लिए मिलेगी छूट:** सरकार ने उन व्यवसायों को लचीलापन भी प्रदान किया है जिन्हें अपने संचालन के लिए पीएनजी के साथ-साथ एलपीजी की भी आवश्यकता होती है।




आईपीएल में लगातार तीन प्लेयर ऑफ द मैच अवॉर्ड जीतना किसी खिलाड़ी की असाधारण फॉर्म और मैच पर पकड़ को दशार्ता है। समीर रिजवी का इस लिस्ट में शामिल होना बताता है कि भारतीय क्रिकेट में नई प्रतिभाएं तेजी से उभर रही हैं...

# आईपीएल में सात खिलाड़ियों ने लगाई प्लेयर ऑफ द मैच अवॉर्ड की हैट्रिक, क्या रिजवी बनाएंगे कीर्तिमान?

**नई दिल्ली।** आईपीएल में लगातार तीन मुकाबलों में प्लेयर ऑफ द मैच अवॉर्ड जीतना किसी असाधारण फॉर्म और आत्मविश्वास का संकेत होता है। अब तक कोई खिलाड़ी लगातार चार बार यह खिताब नहीं जीत पाया है, लेकिन कई दिग्गजों ने तीन मैचों तक अपनी बादशाहत कायम रखी है। इस खास लिस्ट में अब एक नया नाम जुड़ गया है और वह खिलाड़ी है समीर रिजवी।

### समीर रिजवी

समीर रिजवी ने आईपीएल 2025 में दिल्ली के आखिरी मैच में और 2026 के शुरूआती दोनों मैच में 'प्लेयर ऑफ द मैच' अवॉर्ड जीतकर खुद को इस खास क्लब में शामिल कर लिया। उन्होंने 2025 सीजन के आखिरी मैच में पंजाब किंग्स के खिलाफ सिर्फ 25 गेंदों में नाबाद 58 रन बनाकर 207 रन का लक्ष्य हासिल करने में मदद की थी। इसके बाद 2026 सीजन की शुरूआत में उन्होंने लखनऊ सुपर जाएंट्स के खिलाफ 47 गेंदों में 70 रन बनाए और फिर मुंबई इंडियंस के खिलाफ 51 गेंदों में 90 रन की शानदार पारी खेली। खास बात यह रही कि उनके दो प्रदर्शन इम्पैक्ट प्लेयर के रूप में आए, जिसने उनकी उपयोगिता और बढ़ा दी।

### जैक कैलिस

जैक इस उपलब्धि को हासिल करने



वाले पहले खिलाड़ी थे। 2010 में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के लिए खेलते हुए उन्होंने पहले मैच में 55 गेंदों पर नाबाद 89 रन बनाए और एक विकेट भी लिया। इसके बाद राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ 44 रन और दो विकेट लेकर टीम को 10 विकेट से जीत दिलाई। तीसरे मैच में उन्होंने मुंबई इंडियंस के खिलाफ 66 रन बनाकर टीम को आसान जीत दिलाई। उनके प्रदर्शन में निरंतरता और संतुलन साफ दिखा।

### वीरेंद्र सहवाग

वीरेंद्र सहवाग ने 2012 में दिल्ली डेयरडेविल्स (अब दिल्ली कैपिटल्स) के कप्तान रहते हुए यह कारनामा किया। उन्होंने पुणे के खिलाफ नाबाद 87 रन बनाकर आसान जीत दिलाई। इसके बाद मुंबई इंडियंस के खिलाफ 39 गेंदों में 73 रन और फिर राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ 63 रन की पारी खेलकर टीम को रोमांचक जीत दिलाई। उनकी आक्रामक बल्लेबाजी ने टीम को लगातार मजबूती दी।

### एरॉन फिंच

एरॉन फिंच ने गुजरात लायंस के लिए खेलते हुए लगातार तीन मैचों में अर्धशतक जड़कर यह उपलब्धि हासिल की। उन्होंने पंजाब, पुणे और मुंबई के खिलाफ लक्ष्य का पीछा करते हुए शानदार पारियां खेलीं। मुंबई के खिलाफ उनकी 54 गेंदों में 67 रन की पारी खास रही, जिसमें आखिरी गेंद पर जीत मिली। यह उनकी मैच फिनिशिंग क्षमता का शानदार उदाहरण था।

### विराट कोहली

विराट कोहली ने 2016 के ऐतिहासिक सीजन में यह उपलब्धि हासिल की, जब उन्होंने 973 रन बनाए थे। उन्होंने कोलकाता और दिल्ली के खिलाफ तेज अर्धशतक लगाए और फिर पंजाब के खिलाफ 50 गेंदों में 113 रन की धमाकेदार पारी खेली। उनकी इस पारी में 12 चौके और 8 छक्के शामिल थे, जो आईपीएल इतिहास की यादगार पारियों में गिनी जाती है।

### जोस बटलर

जोस बटलर ने 2018 में राजस्थान रॉयल्स के लिए खेलते हुए लगातार तीन मैचों में 80+ स्कोर बनाए। उन्होंने पंजाब के खिलाफ 82, चेन्नई के खिलाफ 95* और मुंबई के खिलाफ 94* रन बनाए। उनकी पारियों में शानदार स्ट्राइक रेट और लंबी बल्लेबाजी देखने को मिली।

### ऋतुराज गायकवाड़


ऋतुराज गायकवाड़ ने 2020 में अपने पहले ही आईपीएल सीजन में यह कारनामा किया। उन्होंने आरसीबी, केकेआर और पंजाब के खिलाफ लगातार तीन अर्धशतक लगाकर चेन्नई सुपर किंग्स को जीत दिलाई।

# हैदराबाद के खिलाफ मैच में दिखा ऋषभ पंत का 'सुपरमैन' शो

**हैदराबाद।** सनराइजर्स हैदराबाद और लखनऊ सुपर जाएंट्स के बीच रविवार को खेले गए रोमांचक मुकाबले में लखनऊ के कप्तान ऋषभ पंत ने ऐसा शानदार कैच पकड़ा, जिसने मैच का पूरा माहौल बदल दिया। हैदराबाद के राजीव गांधी अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम पर खेले गए इस मैच में पंत की फुर्ती चर्चा का केंद्र बन गई।

### पंत का 'मैजिक मोमेंट'

पारी के आठवें ओवर में लियाम लिविंगस्टोन ने दिग्वेश राठी की गेंद पर स्कूप खेलने की कोशिश की, लेकिन गेंद



बल्ले का किनारा लेकर हवा में चली गई। पंत ने पहले बाईं ओर मूव किया, फिर तेजी से दाईं ओर छलांग लगाते हुए एक हाथ से शानदार कैच लपक लिया। यह कैच सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गया और इसे इस सीजन के बेहतरीन कैचों में गिना जा रहा है।

**सनराइजर्स की पारी:** सनराइजर्स हैदराबाद ने नीतीश रेड्डी और हेनरिक क्लासेन के अर्धशतकों की मदद से लखनऊ सुपर जाएंट्स को 157 रनों का लक्ष्य दिया। लखनऊ ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला लिया। लखनऊ ने अच्छी शुरूआत की और हैदराबाद की पारी लड़खड़ा दी, लेकिन क्लासेन और नीतीश रेड्डी के बीच पांचवें विकेट के लिए 116 रनों की साझेदारी हुई जिससे टीम 20 ओवर में नौ विकेट पर 156 रन बनाने में सफल रही।

### बीसीबी में तीन निदेशकों का इस्तीफा

**ढाका।** ढाका में शनिवार को बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) की बैठक हुई। बैठक के बाद बीसीबी को बड़ा झटका लगा। कुछ ही घंटों के भीतर तीन निदेशकों ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया। फैयाजुर रहमान, शानियान तनीम और मेहराब आलम चौधरी ने अपने पद से इस्तीफा दिया है। बीसीबी में चुनाव के छह महीने से भी कम समय में इस्तीफा देने वाले निदेशकों की संख्या बढ़कर छह हो गई है।

**विज्ञप्ति**
क्षीरसागर कॉलोनी स्थित भूखण्ड क्रमांक 3 नजर अली मार्ग, पथ क्रमांक 3, उत्तरमुखी खुला भूखण्ड 46 फीट बाँय 66 फीट विक्रय किया जाना है। वास्तविक इच्छुक व्यक्ति ही स्वयं सम्पर्क करें, मध्यस्थता स्वीकार्य नहीं है।
चन्द्रकान्त शुक्ला
मो. 9406801039

**आवश्यकता है**
(1 )अमूल आइसक्रीम में सेल्समैन एवं डिलेवरी मैन की
कार्य समयः दोपहर 12 से शाम 6
(2) पेपर काउंटर संभालने वाले की जिसको एकाउंट का ज्ञान हो
कार्य समयः सुबह 4 से सुबह 8 (4 घंटे)
बागड़िया न्यूज़ एजेंसी
121 सेंट्रल कोतवाली के सामने उज्जैन
9425332161

**आवश्यकता है**
दुकान पर काम करने हेतु युवक-युवती की। पेन्ट-शर्ट बनाने वाले कारीगर की भी आवश्यकता है।
संपर्क करें
9575555715, 9425094114

**कर्मचारी की आवश्यकता**
क्षिप्रा ढाबे पर अनुभवी वेटर हेल्पर
किचन हैल्पर तंदूर वाला और सिक्युरिटी गार्ड की तुरंत आवश्यकता है
पता- हरिफाटक फ्लाईओवर ब्रिज इंदौर रोड उज्जैन, 761-0571808

**तुरंत लोन**
होम लोन, बिजनेस लोन, ट्रांसफर्म लोन, पर्सनल लोन, ऑफिस वर्क, फील्ड वर्क के लिए गर्ल्स वेतन 10500 रु.
पताः श्री फाइनेंस सर्विस, हार फूल की गली, फ्रीगंज, उज्जैन
मो. 9981248359

**प्लाट बेचना है**
गणेशपुरा, मक्सी रोड, संजोग गेस एजंसी के सामने 19'x55' और 15'x55' साइज के प्लाट बेचना है । प्रस्तावित फोरलेन से मात्र 100 फिट की दूरी पर। ब्रोकर बंधु कृपया क्षमा करे।
मो. 9131720147, 9424045696

**आवश्यकता है**
मार्केटिंग / सेल्समैन
वेतन 12000 से 15000 योग्यतानुसार
(समय प्रातः 7.30 से 6 बजे तक लन्च 1 से 2.30)
नोटः जरूरतमंद एवं अनुभवी की आवश्यकता
पेट्रोल खर्च अतिरिक्त दिया जाएगा
संपर्क
मो.9575477077

**आवश्यकता है**
कारखाने में (उज्जैन) पैकेजिंग कार्य हेतु महिलाओं एवं आदमियों की
संपर्क करें
9300405252

**अवश्यकता है**
पेन्ट बनाने वाले कारीगरों की व शर्ट व सफारी बनाने वाले कारीगरों की आवश्यकता है।
मेमोरियल टेलर्स शहीद पार्क फ्रीगंज (उज्जैन)
मो. 9425094114

**आवश्यकता**
होटल हिमालया ग्रीन
खाना खजाना मक्खन वाला रेस्टोरेन्ट देवास रोड, उज्जैन (म.प्र.)
1- तवा रोटी बनाने वाले
2- वेटर
3- चायनीज एवं साऊथ इंडियन सेफ
10, ए विनय नगर देवास रोड, उज्जैन (म.प्र.)
मो. 9575279117

**रद्दी बेचना है**
अखबारी फ्रेश रद्दी, थोक रेट में टनों से 10-10 किलो के बंडल में बेचना है
संपर्क
7773077762

**रेंट पर देना/आवश्यकता**
1- उज्जैन मेन रोड चिमनगंज मंडी के सामने 2400 स्क्वे. फीट का शोरूम रेंट पर देना है। ऑफिस, बैंक के लिए
2- साड़ी शोरूम पर सेल्सगर्ल व सेल्समेन की आवश्यकता है। वेतन 10000 से 20000 रुपए
संपर्क
9826398272

**कर्मचारियों की आवश्यकता है**
इंदौर में रियल स्टेट कंपनी के ऑफिस में महिला एवं पुरुष कर्मचारियों की आवश्यकता है। अनुभवी और फ्रेशर दोनों संपर्क करें, सेल्स एग्जीक्यूटिव एंड टेलीकॉलिंग
सुपर कॉरिडोर और विजयनगर इंदौर
मोबा. +91 89629 44070

**वॉटर प्रुफिंग**
करवाएं काफी कम रेट में
विजीट चार्ज 499/-
ईट का कॉवा वॉटर प्रूफिंग भी किया जाता है।
बदली के ड्रायवर की आवश्यकता हो तो संपर्क करें
9977140280

## न्यूज कॉलम

### कलेक्टोरेट पर किसानों का आज होगा जमावड़ा, 4 मांगों को लेकर प्रदर्शन

**इंदौर।** 6 अप्रैल को किसान अपनी चार सूत्रीय मांगों को लेकर कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर शक्ति प्रदर्शन करेंगे। किसान संगठनों ने अपील जारी करते हुए कहा है कि वर्तमान में कई मुद्दों को लेकर किसान वर्ग परेशान है, जिनका त्वरित निराकरण आवश्यक है। किसानों की मांग है कि गेहूं की पराली जलाने पर किसानों के खिलाफ दर्ज किए जा रहे प्रकरणों पर तत्काल रोक लगाई जाए। उनका कहना है कि वैकल्पिक व्यवस्था के अभाव में उन्हें दंडित किया जा रहा है। इसके अलावा, समर्थन मूल्य पर गेहूं की खरीदी जल्द से जल्द शुरू करने और मंडियों में तौल कर्मचारियों की संख्या बढ़ाने की मांग भी की गई है, ताकि किसानों को उपज बेचने में परेशानी न हो। किसानों का कहना है कि 28 मार्च को अंतिम तारीख मानते हुए लगभग 60 प्रतिशत किसानों को डिफॉल्टर घोषित कर दिया गया है। उन्होंने मांग की है कि ऋण जमा करने की अंतिम तिथि 15 मई तक बढ़ाई जाए और लगाए गए दंड व ब्याज को माफ किया जाए। किसानों ने भूमि अधिग्रहण योजनाओं में वास्तविक बाजार मूल्य का चार गुना मुआवजा देने की मांग भी प्रमुख रूप से उठाई है। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगों पर निर्णय नहीं लिया गया तो आंदोलन को आगे बढ़ाने पर विचार किया जाएगा।

### युवक पैर पड़कर माफी मांग रहा एसआई ने मारी लात का वीडियो वायरल

**इंदौर।** रेडिसन चौराहे पर एक ट्रैफिक सब-इंस्पेक्टर बलराम सिंह तोमर की मारपीट का वीडियो सामने आया है। एसआई ने एक बाइक सवार को लातों से पीटा और उसे अपशब्द कहे हैं। हालांकि, यह वीडियो चार महीने पुराना बताया जा रहा है। वीडियो सामने आने के बाद ट्रैफिक डीसीपी राजेश त्रिपाठी ने जांच की बात कही है। उन्होंने कहा कि इस तरह का व्यवहार गलत है। मामले की जांच की जाएगी। वीडियो काफी छोटा है, जिसमें एसआई मारपीट करते हुए दिख रहे हैं। घटना की शुरूआत कैसे हुई? विवाद क्या था? यह स्पष्ट नहीं है। पूरे मामले में एसआई के बयान लिए जाएंगे। एडिशनल डीसीपी स्तर के अधिकारी जांच करेंगे। दिसंबर महीने की शुरूआत में जब युवक की एसआई तोमर ने पिटाई की, तब उस युवक ने शिकायत नहीं की थी। अब मामले में शिकायत मिलने पर युवक के भी बयान लिए जा सकते हैं। बता दें कि बलराम सिंह तोमर पहले क्राइम ब्रांच में थे। बाद में उनका उज्जैन ट्रांसफर हो गया। कुछ समय पहले ही वे डीआरपी लाइन में आए। यहां से ट्रैफिक थाने में ट्रांसफर हो गया

### रिंग रोड पर कार पलटी, युवक घायल संयोगितागंज में आईबस की टक्कर

**इंदौर।** रविवार तड़के करीब 3 बजे रिंग रोड पर बॉम्बे हॉस्पिटल के पास तेज रफ्तार कार कंट्रोल होकर सड़क किनारे पलट गई। हादसे में कार चला रहा युवक घायल हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार कार तेज गति में थी और अचानक संतुलन बिगड़ने से पलट गई। आसपास मौजूद लोगों ने युवक को बाहर निकालकर निजी अस्पताल पहुंचाया। बताया जा रहा है कि कार के एयरबैग खुलने से युवक को गंभीर चोट नहीं आई। घटना के बाद लोगों ने मिलकर पलटी हुई कार को सीधा किया। लसूडिया पुलिस के मुताबिक घायल युवक की पहचान अभी नहीं हो सकी है। हादसे के कारणों की जांच की जा रही है। युवक को निजी अस्पताल भेजा गया है। एक अन्य घटना में संयोगितागंज क्षेत्र में शिवाजी वाटिका चौराहे के पास एक व्यक्ति को आईबस ने टक्कर मार दी। हादसे में घायल को अस्पताल भेजा गया। पुलिस के अनुसार पालदा निवासी सुनील सड़क पार कर रहा था, तभी बस ने उसे टक्कर मारी। शनिवार रात बस चालक के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। बस का नंबर पता किया जा रहा है।

### युवक ने दुकान से घर पहुंचकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली

**इंदौर।** निरंजनपुर में रहने वाले एक युवक ने फांसी लगा ली। वह रात में किराना दुकान से अपने घर आया और यह कदम उठा लिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। लसूड़िया पुलिस के मुताबिक, 20 वर्षीय नयन पिता राम सिंह राय ने अपने घर में फांसी लगा ली। रिश्तेदारों ने बताया कि नयन रात में अपनी दुकान से घर पहुंचा था। करीब रात साढ़े नौ बजे उसके भाई मयंक ने उसे फंदे पर लटका हुआ देखा। नयन को फंदे से उतारने पर उसकी सांसें चल रही थीं, लेकिन अस्पताल में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। परिवार के लोगों ने बताया कि कमरे से किसी तरह का सुसाइड नोट नहीं मिला। परिवार के अनुसार, नयन ने करीब एक साल पहले ही इलाके में रहने वाली युवती से प्रेम विवाह किया था। जब वह घर पहुंचा, तब उसकी पत्नी मायके में थी। वहीं, माता-पिता एक कार्यक्रम में शामिल होने गए थे। पुलिस के मुताबिक, संभवतः पति-पत्नी के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी हुई थी, जिसके बाद नयन ने यह कदम उठाया। फिलहाल, परिवार के बयान के बाद स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

### 15 लाख की ठगी के मामले में एक दर्जन खातों को कराया ब्लॉक

**इंदौर।** इंदौर में साइबर फ्रॉड के दो अलग-अलग मामलों में क्राइम ब्रांच भी एक्टिव हो गया है। क्राइम ब्रांच की टीम पुलिस के साथ मिलकर आरोपियों की तलाश कर रही है। दो अलग-अलग मामलों में हुई 15 लाख की ठगी के मामले में एक दर्जन से ज्यादा खातों को ब्लॉक कराया जा चुका है। अब पुलिस खातों और संबंधित नंबरों की डिटेल निकालने के साथ ही टेक्निकल एविडेंस भी कलेक्ट कर रही है। दरअसल, इंदौर में दो अलग-अलग मामलों में पुलिस के साथ मिलकर क्राइम ब्रांच भी जांच में जुट गई है। एरोड्रम और पलासिया पुलिस के साथ क्राइम ब्रांच भी काम कर रही हैं। एडिशनल डीसीपी क्राइम ब्रांच राजेश दंडोतिया ने बताया कि इंदौर के एरोड्रम थाना क्षेत्र में रहने वाले रिटायर्ड अफसर अशोक कुमार को स्कॉटलैंड से डॉ.लिसा डेविस ने फेसबुक पर फ्रेंड रिक्वेस्ट भेजी थी। दोनों की दोस्ती अच्छी होने पर लिसा ने स्कार्टलैंड से रिटायर्ड अफसर के लिए गिफ्ट भेजने की बात कहीं थी। इसके बाद उन्हें दिल्ली एयरपोर्ट से फर्जी कॉल आया और कॉल करने वाले ने खुद को कस्टम वाला बताते हुए पार्सल आने की बात कहीं। पार्सल में डॉलर्स होने की बात कहते हुए बदमाश ने इन डॉलर्स को कनर्वट करने को कहा और कनर्वशन प्राइजिंग प्रोसेसिंग फीस जमा करने की बात कहीं। इस प्रकार बदमाशों ने अलग-अलग कारण बताकर उनसे 10 लाख 43 हजार रुपए की ठगी कर दी। इस पर रिटायर्ड अफसर ने एरोड्रम थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई।

### 2 साल की बच्ची खेलते हुए रेलिंग तक पहुंची, दूसरी मंजिल से गिरने से मौत

**इंदौर।** इंदौर में 2 साल की एक बच्ची की दूसरी मंजिल से गिरने से मौत हो गई। वह खेलते-खेलते बालकनी में पहुंच गई थी। गंभीर हालत में उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान रात में उसने दम तोड़ दिया। घटना शनिवार शाम आजाद नगर थाना क्षेत्र के आलोक नगर की है। पुलिस के मुताबिक, पायल पिता मोहन पिपलोदे को उसकी मां रीना ने तैयार किया था। इसके बाद मां बाथरूम में चली गई। इसी दौरान पायल खेलते हुए बालकनी में पहुंच गई और करीब दो फीट ऊंची रेलिंग से झांकने लगी। संतुलन बिगड़ने पर वह सीधे नीचे गिर गई। हादसे के बाद आसपास के लोगों ने तुरंत बच्ची को देखा और उसे एमवाय अस्पताल में भर्ती कराया गया। परिजनों के अनुसार, परिवार मूल रूप से सतवास के पास करखेड़ा गांव का रहने वाला है। पायल के पिता को इंदौर की एक कंपनी में नौकरी मिलने के बाद परिवार करीब 8 दिन पहले ही यहां शिफ्ट हुआ था। पायल की 9 साल की एक बहन और 5 साल का भाई गांव में दादा-दादी के पास रहते हैं। पिछले माह 5 मार्च को ही पायल 2 साल की हुई थी। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।
एक अन्य मामले में जूनी इंदौर इलाके में सीढ़ियों से गिरने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक, राजेश (50) पिता शंकर राव, निवासी जबरन कॉलोनी को शनिवार रात करीब 1 बजे परिजन घायल अवस्था में एमवाय अस्पताल लेकर पहुंचे। परिवार के लोगों ने डॉक्टरों को बताया कि वह सीढ़ियों से नीचे उतर रहे थे। इसी दौरान वे गिर गए। उनके सिर और चेहरे पर गंभीर चोटें आई थीं। परिवार के मुताबिक, राजेश सरिया बांधने का काम करते थे। उनके परिवार में एक बेटा और एक बेटी है। जूनी इंदौर पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

ईरान युद्ध के कारण मध्य प्रदेश के 5 हजार से ज्यादा लोगों ने अपने यूएई के टूर रद्द कर दिए

# 25 करोड़ रुपए के संभावित ट्रैवल कारोबार का हुआ नुकसान

## अब विदेश में फिलीपींस और देश में काजीरंगा लोगों की पसंद

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

ईरान-इजराइल-अमेरिका के बीच चल रहे युद्ध का असर घूमने जाने वाले पर्यटकों पर भी दिखने लगा है। युद्ध के कारण पर्यटकों को अपने प्लान कैंसल करने पड़ रहे हैं। मध्य प्रदेश के 5 हजार से ज्यादा लोगों ने अपने यूएई के टूर रद्द कर दिए हैं। इंटरनेशनल में फिलहाल सबसे ज्यादा बुकिंग फिलीपींस की है।




55 से 60 प्रतिशत लोगों ने अपने इंटरनेशनल टूर को डोमेस्टिक टूर में कन्वर्ट करा लिया है। इनमें इंदौर, भोपाल, जबलपुर और ग्वालियर के पर्यटक शामिल हैं। डोमेस्टिक में पर्यटक सबसे ज्यादा काजीरंगा जाना पसंद कर रहे हैं, जबकि एमपी की बात करें तो सतपुड़ा लोगों की पहली पसंद है। इस बार युद्ध के कारण पैकेज बुकिंग में करीब 70 प्रतिशत की गिरावट आई है। ट्रैवल एजेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के प्रदेश अध्यक्ष अमोल कटारिया ने बताया कि मई और जून समर वेकेशन के महीने होते हैं। इस दौरान पर्यटक दो से तीन महीने पहले ही प्लान बनाना शुरू कर देते हैं।

इस बार भी एमपी के पर्यटकों ने जनवरी से प्लानिंग शुरू कर दी थी। फरवरी से बुकिंग शुरू हो गई थी, लेकिन ईरान युद्ध ने पूरी इंडस्ट्री का परिदृश्य बदल दिया। युद्ध के कारण एमपी के 5 हजार लोगों ने यूएई के टूर रद्द कराकर अपना पेमेंट रिफंड ले लिया है।

### औसत टूर पैकेज 50 से 60 हजार रुपए प्रति व्यक्ति

ट्रैवल एजेंट्स के अनुसार, मिडिल ईस्ट के लिए औसत टूर पैकेज 50 से 60 हजार रुपए प्रति व्यक्ति होता है। यदि 50 हजार रुपए औसत और 5 हजार यात्रियों का अनुमान लगाया जाए तो करीब 25 करोड़ रुपए के संभावित ट्रैवल कारोबार का नुकसान हुआ है। हालांकि, 55 से 60 प्रतिशत पर्यटकों ने अपने टूर डोमेस्टिक करा लिए हैं।

### हॉलि-डे पैकेज सीधे कैंसल हो गए

ट्रैवल एजेंटों ने बताया कि अप्रैल के अंत से उनका सीजन शुरू हो जाता है। स्कूलों की छुट्टियां शुरू होते ही लोग ट्रैवल करना शुरू कर देते हैं। मई और जून में ट्रैवल का ट्रेंड बढ़ जाता है। समर सीजन के दौरान बड़ी संख्या में लोग घूमने जाते हैं, लेकिन इस बार सीजन में काफी नुकसान हुआ है। यूएई के साथ ही ओमान, बाकू और यूरोप के हॉलि-डे पैकेज सीधे कैंसल हो गए हैं। युद्ध को देखते हुए लोग फिलहाल गल्फ और यूरोपीय देशों के लिए नई बुकिंग भी नहीं करा रहे हैं। होटल ऑक्यूपेंसी में भी गिरावट दर्ज की गई है।

# कार में रखी 24.08 ग्राम एमडी ड्रग्स पकड़ाई

## इंदौर में इवेंट ऑर्गेनाइजेशन का काम करने वाली महिला सहित चार गिरफ्तार

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

इंदौर क्राइम ब्रांच ने 24.08 ग्राम एमडी ड्रग्स के साथ चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों में एक महिला भी है, वह अलग-अलग शहरों में इवेंट ऑर्गेनाइजेशन का काम करती है। आरोपियों ने अपनी कार में एमडी ड्रग्स छिपा रखी थी। टीम ने आरोपियों से ड्रग्स, एक कार, 4 मोबाइल फोन सहित 5 लाख का माल जब्त किया है।

दरअसल, क्राइम ब्रांच नशे के सौदागरों और खरीदने वालों की धरपकड़ की कार्रवाई कर रही है। इसी कड़ी में क्राइम ब्रांच की टीम ने मंगल परिसर गार्डन के पीछे कनकेश्वरी खाली मैदान के पास एक सुनसान जगह पर एक कार से चार लोगों को ड्रग्स के साथ पकड़ा है।



इंदौर क्राइम ब्रांच के डीसीपी राजेश कुमार त्रिपाठी ने बताया कि क्राइम ब्रांच की टीम द्वारा लगातार अवैध मादक पदार्थ की खरीदी-ब्रिकी व इनकी गतिविधियों में लिप्त लोगों के संबंध में गोपनीय रूप से जानकारी निकालकर प्रभावी कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में क्राइम ब्रांच की टीम शहर के विभिन्न इलाकों में संदिग्धों की तलाश कर रही थी। इस दौरान टीम को मंगल परिसर गार्डन के पीछे कनकेश्वरी खाली मैदान के पास सुनसान इलाके पर एक सफेद रंग की कार खड़ी दिखी। कार में एक महिला और 3 आदमी बैठे दिखाई दिए। उनकी एक्टिविटी संदिग्ध लगने पर टीम ने उसने पूछताछ शुरू की।

# एमआईसी मेंबर को जान से मारने की धमकी

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

एमआईसी सदस्य और पार्षद को जान से मारने की धमकी मिली है। पोस्टर फटा मिलने पर जब वे मौके पर पहुंचे, तो वहां धमकी भरी चिट्ठी मिली। उन्होंने इसकी शिकायत पुलिस से की, जिसके बाद एसीपी मौके पर पहुंचे और जांच की। पार्षद ने थाने में औपचारिक शिकायत दर्ज कराई है, पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

वार्ड 64 के पार्षद और एमआईसी सदस्य मनीष शर्मा उर्फ मामा को यह धमकी दी गई। उन्होंने बताया कि रविवार दोपहर तीन इमली चौराहे पर लगे उनके पोस्टर के फटे होने की सूचना मिली थी। सूचना मिलते ही वे मौके पर पहुंचे, जहां ट्रैफिक पुलिसकर्मी भी मौजूद थे, लेकिन किसी को पोस्टर फाड़ने की जानकारी नहीं थी। जब उन्होंने पोस्टर देखा, तो उसमें से एक चिट्ठी निकली, जिसमें उन्हें जान से मारने की धमकी दी गई थी। चिट्ठी में अभद्र भाषा का इस्तेमाल करते हुए एक विशेष वर्ग का उल्लेख किया गया था, साथ ही चावल और वाइन शॉप को लेकर भी धमकी लिखी गई थी।

## हाईकोर्ट ने छुट्टी के दिन सुनवाई कर पुलिस को लगाई फटकार


दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

23 फरवरी को एक नाबालिग किशोरी का अपहरण हुआ था। पुलिस एफआईआर करने में नानुकुर करती रही। थाने पहुंचे पीड़िता के चाचा को पीट भी दिया। बाद में एफआईआर दर्ज हुई तो अपहरण के मामले में भी अज्ञात आरोपित बता दिए गए, जबकि किशोरी के परिवार वाले आरोपितों का नाम पुलिस को बताते रहे। बालिका के पिता ने हाई कोर्ट की शरण ली। मजदूर पिता की बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका पर शनिवार को छुट्टी के बाद भी सुनवाई की गई। हाई कोर्ट की डबल बेंच ने मामले की न केवल अवकाश के दिन सुनवाई की, बल्कि पुलिस को जमकर फटकार लगाई। कोर्ट ने आदेश जारी किया कि पुलिस बालिका के साथ तमाम आरोपितों को भी कोर्ट में 6 अप्रैल को पेश करे। महू के बडगोंदा थाना क्षेत्र में अनुसूचित जाति की नाबालिग का दबंगों द्वारा अपहरण करने की शिकायत मजदूर पिता ने की है। याचिकाकर्ता ने आरोप लगाया कि पुलिस ने एफआईआर तो दर्ज की, लेकिन पहले दबंगों के नाम गायब किए। महीनेभर में भी बालिका को तलाशने की कोई कोशिश नहीं की। पीड़िता के पिता के अनुसार पवन सिंह उसे उठाकर ले गया है। बालिका की उम्र 17 साल 3 माह है और वह पवन सिंह के कब्जे में है। पीड़िता के पिता ने अभिभाषक शुभम मांडिल और गौरव गुप्ता के जरिए हाई कोर्ट के समक्ष बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका दायर की थी।

## बी. फॉर्मा के छात्र ने खुद को मारी गोली

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

बी.फॉर्मा के 19 वर्षीय छात्र ने खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। वारदात से कुछ मिनट पहले उसने परिवार से वीडियो कॉल पर बात की थी। इसी दौरान पिता का कॉल आया। उन्होंने सब्जी के लिए 75 रुपए ट्रांसफर करने को कहा। छात्र ने ऑनलाइन ट्रांजैक्शन किया था। मामला एमआईजी थाना क्षेत्र का है।



गोली की आवाज सुनकर पास के कमरे में बैठे रूममेट्स मौके पर पहुंचे। उस समय छात्र तड़प रहा था। वे घबरा गए और तुरंत पिता को कॉल किया। पिता मौके पर पहुंचे, लेकिन तब तक छात्र की मौत हो चुकी थी। पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। एमआईजी थाना प्रभारी सी.बी. सिंह के मुताबिक, घटना शनिवार शाम करीब 6.40 बजे की है। नेहरू नगर में सौरभ (19) पिता धर्मराज पटेल, निवासी मैहर, अपने दोस्तों नीरज पटेल, नयन पटेल और रवि पटेल के साथ एक साल से जयसिंह राठौर के यहां किराए से रह रहा था। वह मकान की दूसरी मंजिल पर दो कमरों में रहता था।

करीब 15-20 दिन पहले सौरभ के पिता इंदौर आए थे। उसके साथ रहने लगे थे। वे एक ज्वेलर्स के यहां सिक्योरिटी गार्ड थे। उनकी नाइट ड्यूटी रहती थी। शनिवार शाम करीब 6.30 बजे वे सब्जी लेने बाजार गए थे। उस समय सौरभ कमरे में अकेला था। उसके दो दोस्त दूसरे कमरे में मैच देख रहे थे, जबकि एक दोस्त बाहर गया था। वीडियो कॉल और पिता से बात के बाद सौरभ ने उनकी लाइसेंसी बंदूक से अपने सीने में गोली मार ली। आवाज सुनकर साथी पहुंचे और पिता को सूचना दी, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। सौरभ खंडवा रोड स्थित बीएम कॉलेज से बी.फॉर्मा की पढ़ाई कर रहा था।

पारिवारिक यात्रा स्पेशल स्लीपर बस द्वारा
केदारनाथ यात्रा 2026
गंगोत्री, यमनोत्री, केदारनाथ, बद्रीनाथ, हरिद्वार ऋषिकेश, मथुरा, गोकुल, वृन्दावन एवं अन्य तीर्थ स्थलों के दर्शन
स्लीपर बस किराया, चाय, नाश्ता, भोजन तथा ठहरने की उत्तम व्यवस्था के साथ
यात्रा अवधि- 15 से 17 दिन रहेगी।
अमरनाथ यात्रा की बुकिंग चालू है
- संपर्क -
गिरीश श्रीवास्तव मो. 8817438104
विपीन श्रीवास्तव मो. 9826063354
अन्नपूर्णा बस सर्विस
कोयला फाटक चौराहा, उज्जैन (म.प्र.)

STAFF REQUIRED
SUNRISE COLLEGE OF PROFESSIONAL STUDIES
Ingoriya, Ujjain–Badnagar Road
Qualified teaching staff required for BA, B.Com & B.Sc courses.
POSITIONS AVAILABLE:
• Principal
• Assistant Professor
• Lecturer
ELIGIBILITY:
PG, NET/SET, Ph.D (Preferred)
CONTACT (DIRECTOR):
8827448385

सीमेन्ट आर्टिकल के थोक एवं खेरची विक्रेता
ए.के. ट्रेडर्स
फ्रन्ट एलीवेशन, फैन फ्लावर, फ्लावर बार्डर, कालम कुम्भी, कवेलु ब्लाक, बिल्सी, राजधानी पैटर्न मेहराब खम्बे डिजाईन वाले, लालटेन, तोड़ी पे. आर.सी.सी. चेम्बर, ड्रेनेज लाईन एवं समस्त
ऑफिस : 220/5, नामदार, रवीदास धर्मशाला के सामने, उज्जैन (म.प्र.)
अखलाक हुसैन, मुस्तकिम हुसैन
मोबाइल 9827253852, 83192 9962, 7869555897

हस्तरेखाएं बोलती है कब? क्यों? कैसे?
जीवन की कठिन परेशानियां व्यापार नहीं चलना, विवाह या प्रेम विवाह में बाधा, कर्ज का बोझ, गृह कलेश, मानसिक अशांति व आर्थिक समस्याओं का सटीक हल प्राप्त करें। शुद्ध जन्म पत्रिका बनवाने व पत्रिका मिलान हेतु सम्पर्क करें।
पं. रुपेश रमेशचंद्र नाहर
(M.A. Astrologer)
प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य, भारतीय ज्योतिष विज्ञान संस्थान
नानाखेड़ा बस स्टेण्ड के पीछे, ए-5/8, महाकाल वाणिज्य केन्द्र, सांई पैलेस होटल के सामने, उज्जैन
नोट- फोन पर समय लेकर मिले। समय दोपहर 1 से 5 बजे तक
मोबाइल- 9827007312, 98277-33384
(web.www.jyotishdham.in)

वीर हनुमान ज्योतिष दरबार
संकट मोचन के आशीर्वाद से हर काम होगा सफल
यहाँ हस्तरेखा जन्म पत्रिका देखकर जीवन के बारे में बताया जाता है
कारोबार में रुकावट | नौकरी में परेशानी | शादी में रुकावट
विदेश योग, पढ़ाई में रुकावट, पति-पत्नी में अनबन, संतान सुख, बनते-बनते काम बिगड़ना, ग्रह दोष, नज़र दोष, कालसर्प दोष घर में अशांति सभी कार्य विधि विधान से किया जाता है।
29 ए भवानीपुर कॉलोनी, गोल्डन स्कूल के पास अन्नपूर्णा रोड, इंदौर
सभी जगह से निराश एक बार अवश्य मिले
फिस - 200 रु/-
समय: सुबह 9:00 से शाम 6:00 तक
मो. 9724383998

बिना ऑपरेशन कान के मवाद से मुक्ति
कटे कान जुड़वाएं
किडनी की पथरी का अंत तुरंत
निःशुल्क दवा प्राप्त करें
डॉ. पी.पी. ओझा
कर्ण रोग विशेषज्ञ
9425360006,9425107617
प्रति शनिवार को मिले
निकास चौराहा बुधवारिया, उज्जैन

जय श्री महाकाल
ऑल कंस्ट्रक्शन वर्क के लिए एजेक्स फ्लोरी 2300 के.जी. किराये से 24 घंटे उपलब्ध है।
ए.के. सिंह मो. 7748813792
सिविल इंजीनियर की आवश्यकता है।
देवास रोड, आरके क्लब कॉलोनी, अभिलाषा के पीछे, उज्जैन

JAYSHREE PHARMACEUTICALS
www.dantavali.com
दंतावली
गम मसाज पाउडर
सिगरेट, बीड़ी तंबाखू एवं गुटखा के कारण होने वाली
दांत एवं मुँह की समस्या से राहत में सहायक
Dantavali GUM MASSAGE POWDER
100% NATURAL PRODUCT
इन समस्याओं से राहत में सहायक
दांतों के दाग-धब्बे
दांतों की सड़न
मुँह का पूरा न खुलना
मुँह के छाले
मुँह की दुर्गंध
दांतों की झनझनाहट
गर्म एवं तीखा खाने में तकलीफ
ठंडा एवं खट्टा खानें में तकलीफ
स्टॉकिस्ट/अधिकृत विक्रेता बनने के लिए संपर्क : 77010-10250
Owned By PAGE PRASHANT AGARWAL GROUP OF ENTERPRISES | Powered By AGARWAL GROUP | Associated Brand AKSHOBH VEDA

मुद्रक/प्रकाशक सुरेन्द्र मेहता द्वारा अवन्तिका प्रकाशन के लिए अवन्तिका ऑफसेट, 2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, उज्जैन से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादक : सुरेन्द्र मेहता। फोन - उज्जैन : 0734-4041777, 9827771777, इन्दौर : 0731-4085777, 9827772777 e-mail : awantikapress@yahoo.com